सुप्रभात
रांची, रविवार
22.12.2024
नगर संस्करण। पेज : 16

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र


khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | पौष, कृष्ण पक्ष, सप्तमी संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 161



12 प्यार की जीवनधारा है प्रयास : मलाइका

## क्रिसमस पर सजे गिरिजाघर



### सिकिदिरी और मेराल में बच्चों से भरी स्कूल बस पलटी

# एक की मौत, 48 बच्चे घायल

## पुलिस व ग्रामीणों ने बच्चों को संभाला, नाश्ता-पानी कराया

### दोनों बसें बाइक सवारों को बचाने में पलटी



**खबर मन्त्र टीम**

**रांची।** झारखंड में शनिवार को सिकिदरी और गढ़वा के मेराल में स्कूली बच्चों से भरी बस पलटने से एक बच्चे की मौत हो गयी। हादसे में कीब 48 बच्चे घायल हैं। इनमें पांच-छह बच्चों की हालत गंभीर है। उन्हें बेहतर इलाज को बाहर भेजा गया है। मेराल में हुए हादसे में मृत बच्चे का नाम राजू कुमार पाल (13) है। वह 8वीं का छात्र था। सिकिदरी में ढाई दर्जन और मेराल बस हादसे में 24 बच्चे घायल हो गये। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गयी। स्कूल की शिक्षिकाएं और आसपास के लोग घायल बच्चों को संभालने में जुटे थे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बच्चों को बस का शीशा तोड़ कर बाहर निकाला। दोनों बसे बाइक सवार को बचाने में हादसे की शिकार हुईं।

**कोडरमा से शैक्षणिक भ्रमण पर निकले थे बच्चे :** सिकिदरी थाना क्षेत्र के पास पलटी बस कोडरमा के राइजिंग पब्लिक स्कूल की थी। बस में 60 बच्चे और 10 शिक्षक सवार थे। सभी बच्चे कोडरमा से रांची साइंस सिटी और हुंडरू जलप्रपात के शैक्षणिक भ्रमण पर थे। सिकिदिरी- हुंडरू फॉल के दिन के करीब 12 बजे डॉक्टर मोड़ के समीप बस अनियंत्रित हो कर पलट गयी। ढाई दर्जन बच्चे घायल हो गये। इनमें दो की स्थिति गंभीर है। बस पलटते ही बच्चों की चीख-पुकार मच गयी। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से घायल बच्चों को इरबा स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार हुंडरू फॉल से तीन किलोमीटर पूर्व सामने से आ रही एक बाइक को बचाने के क्रम में बस असंतुलित हो गयी। ग्रामीणों ने बस का शीशा तोड़कर घायल बच्चों को बाहर निकाला। पुलिस और ग्रामीणों ने बच्चों के लिए भोजन-पानी की व्यवस्था की। मामूली रूप से चोटिल बच्चों का डाक्टकों ने वहीं इलाज किया।

घायल बच्चों के नाम-------

घायलों में श्रुति कुमारी, पियूष कुमार,प्रिंस कुमार, सत्यम कुमार, नीलेश कुमार, अनिशा कुमारी, सृष्टि कुमारी, आयुष कुमार, मनीषा कुमारी, सचिन कुमार, प्रेम कुमार, अमन कुमार, अमर कुमार, सोनाली, अंकित कुमार शामिल है।

### गढ़वा के मेराल में एक बच्चे की मौत

वहीं गढवा के मेराल थाना के संगवरिया गांव में शनिवार को बच्चों से भरी एक स्कूली बस पलट जाने से एक छात्र की मौत हो गयी। करीब 24 बच्चे घायल हो गये। दुर्घटना में 8वीं कक्षा के छात्र राजू कुमार पाल (13), पिता रामप्रवेश पाल ग्राम पतहरिया का मौत हो गयी। अन्य घायल बच्चों का इलाज मेराल सीएचसी में किया गया। चार विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भेज दिया गया। डॉ अनूप कुमार मड़की व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार ने कहा कि सभी खतरे से बाहर हैं। कुछ को सीटी स्कैन कराने तथा बेहतर इलाज के लिए सदर गढ़वा भेजा गया। खबर मिलती ही बीडीओ सतीश भगत, थाना प्रभारी विष्णुकांत दलबल के साथ पहुंचे। यह हादसा प्रखंड मुख्यालय के लखेया मोड के समीप हुआ। पाराडाइज पब्लिक स्कूल में छुट्टी के बाद बच्चों से भरी स्कूल बस संगबरिया होते हुए बंका पतहरिया गांव के बच्चों को घर छोड़ने जा रही थी। इसी बीच संगबरिया में एक तीखे मोड़ के पास मोटरसाइकिल सवार को बचाने में बस पलट गयी।

## न्यूज डायरी

### गंगा में गिरी फायर ब्रिगेड की गाड़ी, चालक की मौत

साहिबगंज। राजमहल अनुमंडल के गुदारा घाट पर आग बुझाने के लिए गंगा नदी से पानी लेने गया अग्निशमन वाहन व चालक गंगा नदी में समा गये। लोगों के नजर के सामने गाड़ी गंगा की गहरायी में चली गयी। गाड़ी में मौजूद ड्राइवर दरवाजा नहीं खुलने की वजह से वाहन के साथ गंगा में समा गया। दोपहर साढ़े 12 बजे गंगा नदी से वाहन समेत चालक को निकाला गया। अग्निशमन वाहन में मौजूद ड्राइवर अरुण कुमार की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। राजमहल के मंगलहाट में किसी घर में आग लगी थी।

## हेल्थ इंश्योरेंस में टैक्स घटाने का फैसला टला

### जीएसटी काउंसिल की बैठक

**एजेंसी**

**जैसलमेर।** जीएसटी परिषद ने शनिवार को जीवन और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के प्रीमियम पर कर की दर घटाने का फैसला टाल दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में तय हुआ कि इस संबंध में कुछ और तकनीकी पहलुओं को दूर करने की जरूरत है। इस बारे में आगे विचार-विमर्श के लिए जीओएम को काम सौंपा गया। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि समूह, व्यक्तिगत, वरिष्ठ नागरिकों की पॉलिसियों पर कराधान के बारे में फैसला करने के लिए बीमा पर जीओएम की एक और बैठक होगी।

**अब जनवरी में होगी चर्चा :** चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, कुछ सदस्यों ने कहा कि और चर्चा की जरूरत है। हम (जीओएम) जनवरी में फिर मिलेंगे। परिषद ने चौधरी की अध्यक्षता में बीमा पर मंत्रियों के समूह (जीओएम) का गठन किया है, जिसने नवंबर में अपनी बैठक में सावधि जीवन बीमा पॉलिसियों के बीमा प्रीमियम को जीएसटी से छूट देने पर सहमति जतायी थी। साथ ही स्वास्थ्य बीमा कवर के लिए वरिष्ठ नागरिकों द्वारा दिए गए प्रीमियम को भी कर से छूट देने का प्रस्ताव किया गया है। वरिष्ठ नागरिकों के अलावा अन्य व्यक्तियों के पांच लाख रुपए तक के स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम को जीएसटी से छूट देने का भी प्रस्ताव है। हालांकि, पांच लाख रुपए से अधिक के स्वास्थ्य बीमा कवर वाली पॉलिसी के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम पर 18 प्रतिशत जीएसटी जारी रहेगा।

## तीसरी आंख




## तिरूपति बालाजी मंदिर में सीएम ने माथ टेका और भगवान से झारखंड के सुख समृद्धि की कामना की



### भारत और कुवैत का लक्ष्य एक, प्रवासी भारतीयों से बोले मोदी

# मेरे सामने मिनी हिन्दुस्तान उमड़ पड़ा

**एजेंसी**



**कुवैत सिटी।** कुवैत में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आप सभी को देखकर ऐसा लग रहा है कि जैसे मेरे सामने मिनी हिंदुस्तान उमड़ आया है। जहां हर क्षेत्र के मेरे सामने नजर आ रहे हैं, लेकिन सभी के दिल में एक ही गूंज है- भारत माता की जय...। कुवैत के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निमंत्रण पर पीएम मोदी शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर यहां पहंचे हैं। 43 साल बाद किसी भारतीय पीएम का यह पहला कुवैत दौरा है। वहां प्रवासी भारतीयों ने जोरदार तरीके से पीएम मोदी का स्वागत किया।

**मंगल सेन हांडा से मिले पीएम मोदी :** पीएम मोदी ने 101 वर्षीय पूर्व आईएफएस अधिकारी मंगल सेन हांडा से भी मुलाकात की। उनके बेटे पूर्व आईएफएस अधिकारी दिलीप हांडा के बेटे ने कहा कि यह जीवन भर का अनुभव है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह विशेष रूप से मंगल सेन हांडा से मिलने यहां आये हैं। हम प्रधानमंत्री मोदी के आभारी हैं। उनके बेटे प्रदीप हांडा ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने मंगल सेन हांडा को उनके 100वें जन्मदिन पर बधाई पत्र भेजा था।

**प्रवासी भारतीयों से बोले मोदी :** कुवैत सिटी में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अभी आप क्रिसमस और न्यूईयर की तैयारी कर रहे हैं। मैं आप सभी को क्रिसमस, न्यूईयर की बधाई देता हूं। आपको भारत से यहां आना है तो 4 घंटे लगते हैं, लेकिन किसी पीएम को यहां आने में 4 दशक लग गये। आपने कुवैत के समाज में भारतीयता का तड़का लगाया है, आपने कुवैत के कैनवस पर भारतीयता का रंग भरा है। इसलिए मैं आज यहां सिर्फ आपसे मिलने ही नहीं आया हूं बल्कि आप सभी की उपलब्धियों को सेलिब्रेट करने के लिए आया हूं।

**कुवैत गतिशील अर्थव्यवस्था की ओर :** पीएम मोदी ने कहा, व्यापार और नवाचार के माध्यम से कुवैत एक गतिशील अर्थव्यवस्था बनना चाहता है। भारत भी नवाचार और अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है...। भारत के पास वह कौशल, प्रौद्योगिकी, नवाचार और जनशक्ति है जिसकी 'नये कुवैत को जरूरत है। आपमें से जो टीचर्स हैं, वो लोग कुवैत की अगली पीढ़ी को मजबूत बनाने में मजबूत कर रहे हैं।



# संविधान और बाबा साहेब अंबेडकर विरोधी है गृहमंत्री अमित शाह : गुलाम अहमद मीर

प्रदेश कांग्रेस ने झारखंड में जीत के बाद आभार समागम कार्यक्रम का आयोजन किया और कार्यकर्त्ताओं के प्रति जताया अभार



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में 16 विधानसभा सीट जीतने के बाद झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में शनिवार को अभार समागम का आयोजन किया। इसके तहत पार्टी अपने प्रदेश से लेकर जिले तक के नेताओं का आभार जताया। कांग्रेस के समागम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए प्रदेश प्रभारी और एआइसीसी के राष्ट्रीय महासचिव गुलाम अहमद मीर ने अमित शाह पर अंबेडकर विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह के चेहरे से संविधान और बाबा साहेब के खिलाफ नफरत का भाव झलकता है। उन्होंने कहा कि हमने भले ही 2019 से अधिक सीटें नहीं जीती। लेकिन जो सफलता हमें मिली है वह भी कम नहीं है। राज्य की छह विधानसभा सीटें ऐसी थी, जहां हम जीतते-जीतते हार गए। अगर इन छह सीटों को हम जीत जाते तो परिदृश्य कुछ और होता।

**बाबा साहेब के अपमान के खिलाफ आंदोलन जारी रखने का प्रस्ताव पारित :** कांग्रेस के आभार समागम में गुलाम अहमद मीर ने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान करने वाले गृह मंत्री से आज पूरा देश इस्तीफा मांग रहा है। उन्होंने हाथ उठाकर सभी कांग्रेस नेताओं से यह प्रण करवाया कि वह गांव-गांव जाकर इस लड़ाई को तेज करेंगे।

**ये छह विधानसभा सीट जीत जाते तो कांग्रेस की संख्या 22 होती :** गुलाम अहमद मीर ने कहा कि 2024 झारखंड विधानसभा चुनाव में जो कामयाबी कांग्रेस को मिली है उसके लिए राज्य के हर कांग्रेसी को एआइसीसी की तरफ से मुबारकबाद है। उन्होंने कहा कि आप सब कहते थे कि हमारी भागीदारी सरकार में बढ़नी चाहिए तब हमने कहा था कि अधिक विधानसभा सीटें जीतिए, ऐसे में हम आज कह रहे हैं कि अगर नजदीकी मुकाबले में हम जो छह सीटें( बाघमारा, मांडू, जमशेदपुर प्ि‍मी, बड़कागांव, हटिया और डालटनगंज) जीत जाते तो आज स्थितियां दूसरी होती।

**26 दिसंबर को कर्नाटक के बेलगाम में एक्सटेंडेड सीडब्लूसी की बैठक :** गुलाम अहमद मीर ने कहा कि महात्मा गांधी के 1924 में कांग्रेस के अध्यक्ष बनने के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कर्नाटक के बेलगाम में 26 दिसंबर को एक्सटेंडेड सीडब्लूसी का आयोजन किया जा रहा है। इस बैठक में एक एजेंडा और कार्यक्रम निकलेगा, जिस पर हमें आगे चलना होगा।

**भाजपा और गृहमंत्री को माफी मांगना होगा :** लोकसभा परिसर में घटी घटना का आरोप नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर लगाने को मिथ्या आरोप बताते हुए गुलाम अहमद मीर ने कहा कि हमारा नेता फौलाद का है। न्यूज बटोरने और अंबेडकर के अपमान वाले मामले से ध्यान भटकाने के लिए राहुल गांधी पर आरोप लगाया गया है। उन्होंने कहा कि 06-07 जनवरी 2025 के बाद एक कैलेंडर जारी होगा, जिसके अनुसार हमारा एजेंडा और मिशन को घर घर पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संविधान पर चर्चा के दौरान जिस तरह से गृहमंत्री ने संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया है उससे देशवासी गुस्से में हैं। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री ने जो कुछ कहा उससे बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के प्रति उनके अंदर का नफरत बाहर आ गया। उन्हे तो माफी मांगनी ही होगी।

**विपक्षी सांसदों को सदन में जाने से रोका जा रहा था :** संसद परिसर में हुई धक्कामुक्की की घटना पर गुलाम अहमद मीर ने कहा कि ऐसा लगता है कि गृह मंत्री अपना कंट्रोल खो बैठे हैं। इस वजह से वह अंबेडकर पर बयान देते हैं, उनका बयान यह दशार्ता है कि वह कितने फ्रस्टेशन में हैं। मीर ने कहा कि दरअसल अडानी प्रकरण से जुड़े मुद्दे को छिपाने के लिए ही बेवजह का राहुल गांधी पर बेबुनियाद आरोप मढ़ा जा रहा है। संसद परिसर में हुई घटना पर उन्होंने कहा कि पांच लोग लाठी डंडे के साथ सदन के बाहर थे और विपक्ष को रोकने का प्रयास किया जा रहा था और इसी वजह से हंगामा हुआ था। उन्होंने कहा कि उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ भी धक्का मुक्की हुई।

## टिकट चाहनेवाले नेताओ को वोट का देना होगा हिसाब

कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात करते हुये गुलाम अहमद मीर ने कहा कि जिन विधानसभा सीट पर हमारी हार हुई है वहां की गहन समीक्षा हो रही है। हटिया विधानसभा सीट का नाम लेकर गुलाम अहमद मीर ने कहा कि यहां टिकट चाहने वालों की भरमार थी, ऐसे में अब उन टिकट चाहने वाले नेताओं के बूथ पर कितना कितना वोट मिला है। इसकी समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो भी कांग्रेस नेता चाहते हैं कि उनका बायोडाटा दिल्ली जाए उनको अब आवश्यक रूप से यह बताना होगा कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में उनके बूथ और पार्टी या सहयोगी दलों को कितना वोट मिला और विपक्षी उम्मीदवार को कितना वोट मिला।

## जीत का श्रेय कार्यकर्त्ताओं को जाता है : केशव

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस आप सभी का आभार प्रकट करती है। विषम परिस्थितियों में भी प्रतिबद्धता, निष्ठा और समर्पण से आपने जीत दिलाई। इस जीत का श्रेय बुथ स्तर के कार्यकताओं को जाता है। हम मंत्रियों विधायकों से अपेक्षा करते हैं कि समाज और संगठन के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाएंगे। त्याग तपस्या और बलिदान कांग्रेस का गौरवशाली इतिहास है। प्रखंड जिला अध्यक्ष के पद पर ऐसे कार्यकताओं की नियुक्ति हो जो कांग्रेस के प्रति निष्ठा एवं समर्पण रखता है। कांग्रेस की नीतियों सिद्धांतो पर विश्वास रखता है। उन्होंने कहा कि आज सबसे बड़ी चुनौती है डॉ भीमराव अंबेडकर के अपमान और संविधान की रक्षा करने के साथ फिरकापरस्त ताकतो का सामना करना है। झारखंड के करोड़ों लोगों के हित के लिए सात गारंटी को पूरा करना है। समागम समारोह में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, मंत्री डॉ इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राज्य के पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरॉव सहित राज्य भर के 800 से ज्यादा कांग्रेसी नेताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन राजीव रंजन प्रसाद एवं धन्यवाद ज्ञापन मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुजनी ने किया।

## खबर एक नजर में

### उषा मार्टिन माइनिंग घोटाला में नंद किशोर पटोदिया को मिली सशर्त बेल

**रांची।** सीबीआई की विशेष कोर्ट में उषा मार्टिन माइनिंग घोटाला से जुड़े अभियुक्त नंद किशोर पटोदिया को सरेंडर के बाद सशर्त बेल दे दी है। कोर्ट ने उन्हें 25-25 हजार के दो निजी मुचलके और पासपोर्ट जमा करने की शर्त पर जमानत की सुविधा प्रदान की है। उनपर वर्ष 2005 में उषा मार्टिन को माइंस आवंटन में भ्रष्टाचार का आरोप है। वर्ष 2005 में उषा मार्टिन कंपनी को पि्‌मी सिंहभूम जिले के घाटकुरी में एक लौह अयस्क खदान आवंटित की गई थी। इसमें कथित रुप से भ्रष्टाचार हुआ था। आईएएस अरुण कुमार सिंह उस वक्त खनन विभाग के सचिव थे और इंद्रदेव पासवान खनन निदेशक थे। सीबीआई के मुताबिक, इस घोटाले में नंद किशोर पटोदिया की भी भूमिका थी। सीबीआई की दिल्ली इकाई ने कथित आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत में 220/2016 में एक प्राथमिकी दर्ज करायी थी। प्राथमिकी में उषा मार्टिन के प्रमोटरों और खनन विभाग के अधिकारियों को आरोपी बनाया गया था। प्राथमिकी में कहा गया था कि खदान के आवंटन के लिए केंद्र सरकार को जो शिफारिश भेजी गई थी, उसमें राज्य सरकार की तरफ से अधिकारियों ने कथित रूप से उषा मार्टिन के पक्ष में पक्षपात किया था। कंपनी ने कथित तौर पर वादा किया था कि वह हाट गम्हरिया में स्थित अपने इस्पात संयंत्र में लौह अयस्क का उपयोग करेगी। कंपनी ने राज्य सरकार को एक अंडरटेकिंग भी दिया था। हालांकि सीबीआई ने आरोप लगाया कि कंपनी बाद में यह कहते हुए इस बात से मुकर गई कि कैबिनेट नोट में इसका कोई विशेष जिक्र नहीं था।

### 12 हजार के लिए दोस्त की हत्या करने वाले 6 युवकों को आजीवन कारावास

**रांची।** सिविल कोर्ट ने अपने दोस्त की हत्या के दोषी 6 युवकों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने सभी दोषियों पर 10 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। बताते चलें कि 12 हजार रुपए के विवाद को लेकर वर्ष 2022 में मोती नायक नाम की युवक की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में रवि लोहरा, शिवलाल लोहरा एवं बसंत लोहरा को अभियुक्त बनाया गया था। ट्रायल के बाद कोर्ट में उक्त सभी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मृतक के पिता खुदील नायक ने 19 सितंबर 2022 को ठाकुरगांव थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले की सुनवाई के बाद सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त की योगेश कुमार सिंह की अदालत ने यह फैसला सुनाया है।

### 15 जनवरी तक प्रदेश के शिक्षकों को ग्रेड 4 में प्रमोशन नहीं मिला तो आंदोलन : संघ

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश कार्यसमिति की बैठक कचहरी स्थित शिक्षा परिसर रांची में हुई। संघ के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने बताया कि सर्वसम्मति से तय हुआ कि प्रदेश के प्राथमिक और मध्य विद्यालय के शिक्षकों के ग्रेड 4 में प्रमोशन 15 जनवरी तक जिला द्वारा संपन्न नहीं किया जाता है, तो एक बार फिर बड़े आंदोलन किया जाएगा। साथ ही कार्मिक विभाग के निर्देशनअनुसार उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक पद के प्रमोशन के लिए वरीयता निर्धारित किया जाये। चुनाव के पूर्व शिक्षक को एमएसपी लाभ देने हेतु आगे की करवाई की संचिका बढ़ाई जाये। एक जनवरी 2006 के उत्क्रमित वेतन विसंगति को दूर किया जाये। बैठक में अनूप केसरी, राममूर्ति ठाकुर, मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद, असदुल्लाह, संतोष कुमार, दीपक दत्ता, रमेश कुमार, सुधीर दुबे, सुनील दुबे, दिलीप श्रीवास्तव, सलीम सहाय, अमरेश कुमार सिंह, सच्चिदानंद सिंह, विभूति कुमार, निरंजन कुमार, प्रवीण कुमार, संजय कुमार, राजेश कुमार और अरुण कुमार आदि शामिल थे।

### वन नेशन वन इलेक्शन बिल को लेकर संयुक्त संसदीय समिति में झारखंड के दो सांसद शामिल

**रांची।** वन नेशन वन इलेक्शन बिल संयुक्त संसदीय कमेटी को भेजा गया है। इस कमेटी में देशभर के 22 सांसदों को शामिल किया गया है, जिनमें 13 सांसद राज्यसभा से लिए गए हैं। संयुक्त संसदीय कमेटी में पलामू सांसद विष्णुदयाल राम और लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत को शामिल किया गया है। पलामू संसदीय सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। वहीं, लोहरदगा संसदीय सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। संयुक्त संसदीय कमेटी द्वारा एक रिपोर्ट तैयार किया जाएगा, इसके बाद पूरे मामले में पार्लियामेंट को रिपोर्ट सौंपेगी। रिपोर्ट के आधार पर वन नेशन वन इलेक्शन बिल पर निर्णय लिया जाएगा। सांसद विष्णुदयाल राम ने बताया कि ज्वाइंट पार्लियामेंट कमेटी वन नेशन वन इलेक्शन बिल पर चर्चा करेगी और एक रिपोर्ट तैयार करेगी। इसके बाद इस रिपोर्ट को संसद को सौंप दिया जाएगा। सांसद विष्णुदयाल राम रविवार को पलामू लौट रहे हैं। उन्होंने कमेटी में शामिल करने के प्रति देश के प्रधानमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रति आभार व्यक्त किया है। विष्णुदयाल राम को ज्वाइंट पार्लियामेंट कमेटी में शामिल किए जाने के बाद पलामू में खुशी का माहौल है।

इधर, भाजपा नेताओं का कहना है कि यह गौरवपूर्ण है कि पलामू को संयुक्त संसदीय कमेटी में जगह मिली है। वन नेशन वन इलेक्शन बिल देश के लिए काफी महत्वपूर्ण है। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी का कहना है कि यह गौरवपूर्ण है। वे प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। पलामू का संविधान के निर्माण में भी योगदान रहा है। संविधान निर्माण में भी पलामू के दो सदस्यों को शामिल किया गया था। संविधान सभा में पलामू के यदुवंश सहाय और अमियो कुमार घोष शामिल थे।

# पढ़ने वाले छात्रों को पढ़ने का अवसर मिलना चाहिए : डॉ इरफान अंसारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड छात्र मोर्चा के रांची विश्वविद्यालय समिति के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में बीएससी नर्सिंग बेसिक के रिक्त सीट में इच्छुक अभ्यर्थियों को नामांकन लेने के लिए स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को मांगपत्र सौंपा। जेसीएम अध्यक्ष अमन तिवारी ने कहा कि झारखंड कंबाइंड ने पर्सेंटाइल का बैरियर लगा रखा है। इस कारण प्रदेश में कई संस्थान में सीटें रिक्त रह गई है। साथ ही इच्छुक अभ्यर्थियों का नामांकन नहीं हो पा रहा है। जीरो पर्सेंटाइल पर नामांकन होने से सभी को अवसर मिल जाएगा। साथ ही अगर ओपन कर दिया जाए तो कोई भी छात्र नामांकन ले पाएगा। अभ्यर्थियों को पढ़ने का अवसर देने से रोकना अनुचित है, जबकि सीटें खाली है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने भी कहा कि पढ़ने का अवसर अवश्य मिलना चाहिये। इस दिशा में जल्द काम होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि हुनरमंद होंगे छात्र तो उन्हें कहीं न कहीं रोजगार मिल जाएगा। छात्र मोर्चा के सचिव असद फेराज टिंकू ने कहा कि छात्र मोर्चा बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई में इच्छुक छात्रों के साथ खड़ी रहेगी। उनके लिए उनके लिए लगातार प्रयास जारी रहेगा। मौके पर छात्र मोर्चा संयुक्त सचिव बीरबल प्रजापति, डीएसपीएमयू अध्यक्ष मनीष राणा आदि लोग मौजूद थे।

# मदरसा में मॉडर्न शिक्षा के लिये देंगे कम्पयूटर: मंत्री हफीजुल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी इस्लामी मरकज द्वारा चलाए जा रहे मदरसा को मॉडर्न मदरसा बनाने में पूरा सहयोग देने पर बल दिया। उन्होंने मध्यान भोजन की वयवस्था के साथ साथ मरकज के कागजात उपलब्ध कराने पर मदरसे में होस्टल देने एवं मदरसा में मॉडर्न शिक्षा के लिये कम्पयूटर देने की बात कही। अल्पसंख्यकों के विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को सरकारी तंत्र के स्तर से समाधान का आश्वासन दिया। वह शनिवार को हिंदपीढ़ी स्थित इस्लामी मरकज में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। उन्हें मरकज की ओर से मोमेंटो के साथ सम्मानित किया गया। इस दौरान इस्लामी मरकज के नायब मोहतमिम कारी अय्यूब एवं एदारा ए शरीया झारखंड के नाजिमे आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने संयुक्त रूप से मंत्री को ज्ञापन सौंपा।

**मदरसा में कम्प्यूटर की व्यवस्था हो :** ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग किया कि दूसरे स्कूलों एवं मदरसों की भांति इस्लामी मरकज में चल रहे मदरसा के 150 बच्चों के मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था, शिक्षा को और बेहतर बनाने एवं यहां के बच्चों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने के लिये 50 कम्प्यूटर की व्यवस्था, मदरसे की जर्जर स्थिति में सुधार समेत मदरसा को आगे बढ़ाने के लिये निर्माण कार्य के लिए सरकारी स्तर पर फंड की व्यवस्था कराए जाएं। सुन्नी बरैलवी सेंट्रल कमेटी के महासचिव अकीलुर्रहमान एवं प्रवक्ता मो इसलाम ने स्कूल एवं मदरसों में पढ़ रहे अल्पसंख्यक छात्रों के लिए स्कोलरशिप की व्यवस्था समेत अन्य समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर मुफ्ती जमील अहमद मिस्बाही, मौलाना नेजामुद्दीन, मुफ्ती एजाज हुसैन मिसबाही, मौलाना शमशाद हुसैन मिसबाही, कारी नूर मोहम्मद, हाफिज शौकत, हाफिज जावेद , मुफ्ती आकिब जावेद, मौलाना नसीम अख्तर, कारी तालिब रजा, मास्टर जुल्फिकार, मास्टर कलाम, दानिश अफरोज खान, गुड्डु भाई, अब्दुल हसीब , मो नईम आदि शामिल थे। मौके पर जेएमएम के जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ट के अध्यक्ष फरीद अंसारी को भी सम्मानित किया गया।


**Govt. of Jharkhand, Energy Department**
**Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA)**
3rd Floor, S.L.D.C. Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002.
Ph.: 0651-2491161, Fax: 0651-2491165,
E-mail: info@jreda.com; Website: www.jreda.com

**e-Procurement Notice**

**EOI reference no.: 16/JREDA/EOI/SPD/24-25 Dated: 20.12.2024**

Online EOIs are invited for selection of Solar Power Developers (SPD) for setting up of Grid Connected Ground Mounted Solar Photovoltaic Power Plants in Build Own Operate (BOO) Mode in the State of Jharkhand. The details are as follows:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Expression of Interest (EOI) for selection of Solar Power Developers (SPD) for setting up of Grid Connected Ground Mounted Solar Photovoltaic Power Plants in Build Own Operate (BOO) Mode in the State of Jharkhand. |
| 2 | Date of publication of EOI on website: http:// jharkhandtenders.gov.in | 26.12.2024 (Thursday) |
| 3 | Date & time of Pre-bid meeting | 06.01.2025 (Monday) at 1.00 P.M. |
| 4 | Last date & time for receipt of online EOIs | 15.01.2025 (Wednesday) upto 05:00 PM |
| 5 | EOIs Opening Date | 17.01.2025 (Friday) at 3.00 P.M. |
| 6 | Name & address of office inviting tender | Director, Jharkhand Renewable Energy Development Agency(JREDA) 3rd Floor, SLDC Building, Kusai, Doranda, Ranchi- 834002 (Jharkhand) |
| 7 | Contact no. of procurement officer | 0651-3502645, 7004806449 |
| 8 | Helpline no. of e-procurement | 0651-3502645 |

**Any corrigendum/addendum can be seen on website: http://jharkhandtenders.gov.in** & www.jreda.com. **Further details can be seen on website:** http://jharkhandtenders.gov.in & www.jreda.com

**Sd/-**
**Director,**
**JREDA, Ranchi**

PR 342553 Energy (24-25)_D


### पति की हत्या मामले में पत्नी व उसके प्रेमी को उम्रकैद

**रांची।** प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने की दोषी अजंली देवी और उसके प्रेमी राज मुंडा को रांची सिविल कोर्ट ने शनिवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोनों को कोर्ट ने शुक्रवार को दोषी करार दिया था। अपर न्याययुक्त मनीष रंजन की कोर्ट ने सजा पर अपना सुनाया। हत्या की यह घटना वर्ष 2021 में खेलगांव थाना क्षेत्र के गाड़ीगांव पाहन टोली में हुई थी। राजू मिर्धा की पत्नी अपने बच्चे के साथ गाड़ीगांव पाहन टोली में किराए के मकान में रहती थी। जबकि राजू गुजरात में रहकर नौकरी करता था। इसी दौरान अंजली देवी का राज मुंडा से अवैध संबंध हो गया। राजू मिर्धा की गैरमौजूदगी में राज मुंडा अक्सर उनके घर आना-जाना करता था। दोनों शादी करना चाहते थे। 26 अगस्त 2021 की रात राजू मिर्धा घर पर सो रहा था तभी उसकी पत्नी अंजली देवी और प्रेमी राज मुंडा ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी थी।


**जिला खनन कार्यालय, रामगढ**
**(खनन शाखा)**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा रामगढ़ जिलान्तर्गत सभी ईंट निर्मात्ताओं को सूचित किया जाता है कि ईंट सत्र 2024–25 प्रारम्भ हो चुका है। सभी ईंट निर्मात्ताओं द्वारा ईंट निर्माण यथा ईंट मिट्टी का उत्खनन/ईंट पथाई/ईंट पकाई का कार्य प्रारंभ करने के पूर्व सक्षम प्राधिकार से पर्यावरणीय स्वीकृति (Environmental Clearance)/संचालन सहमति (CTO) इत्यादि प्राप्त करने के उपरान्त झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (यथा संशोधित) के सुसंगत नियमों के अन्तर्गत आवेदन एवं आवेदन शुल्क के साथ उक्त नियमावली के अनुसूची 3 में निर्धारित श्रेणी के समेकित स्वामिस्व एवं अन्य वैधानिक शुल्क यथा DMFT, Environmental Cess, Management Fees एवं स्वामिस्व पर देय आयकर भुगतान का साक्ष्य दाखिल करेंगे, ताकि नियमानुसार आपके पक्ष में अनुज्ञापत्र निर्गत किया जा सके।

बिना अनुज्ञापत्र प्राप्त किये ईंट निर्माण यथा ईंट मिट्टी का उत्खनन/ईंट पथाई/ईंट पकाई कार्य किया जाना अवैध होगा एवं तदनुसार आपके विरूद्ध झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित के नियम 54 के तहत कानूनी दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।

जिला खनन पदाधिकारी,
रामगढ़

PR 342557 (Mines and Geology)24-25*D


## आदिवासी कल्याण आयुक्त ने किया कई आवासीय स्कूलों का निरीक्षण, दिये कई निर्देश

# छात्र-छात्राओं के सुविधाओं का रखें विशेष ख्याल

### 15 अगस्त तक निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने शनिवार को राजधानी के पिछड़ी जाति बालिका आवासीय विद्यालय के छात्रावास निर्माण के कार्य, बुंडू में कल्याण गुरुकुल की महिला प्रशिक्षुओं को दी जा रही प्रशिक्षण एवं बुंडू में बिरसा मुंडा डीएवी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। आदिवासी कल्याण आयुक्त ने अध्ययनरत छात्रों को दी जाने वाली भोजन की शुद्धता एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने भंडार गृह का निरीक्षण करते हुए खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों को निर्देश दिया कि बच्चों की पढ़ाई, विद्यालय परिसर की सफाई एवं बच्चों को मिलने वाली सुविधा में कोई कोताही न बरते। एसटी, एससी बच्चे अपने घरों से निकलकर अच्छी शिक्षा प्राप्त करने आवासीय विद्यालयों में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं इसलिए बच्चों को अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करायें साथ ही बच्चों को यहां पर किसी भी प्रकार की तकलीफ न हो इसका विशेष ध्यान रखें। ज्ञातव्य है कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री श्री चमरा लिण्डा ने कल्याण के आदिवासी कल्याण आयुक्त सहित क्षेत्रीय अधिकारियों को शुक्रवार एवं शनिवार के दिन क्षेत्र में रहने और विभाग की योजनाएं, आवासीय विद्यालय और छात्रावासों का स्वयं निरीक्षण करनेक निर्देश दिया है।

**15 अगस्त 2025 तक निर्माण कार्य पूरा करें :** अजय नाथ झा ने निरीक्षण के दौरान रांची में बन रहे पिछड़ी जाति बालिका आवासीय विद्यालय के छात्रावास निर्माण कार्य हरहाल में 15 अगस्त 2025 तक पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द बालिकाओं को नए छात्रावास में शिफ़्ट किया जा सके इस निमित्त निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करें।

उन्होंने कहा कि बालिका सुरक्षा के लिए छात्रवास निर्माण कार्य के दौरान महिला होम गार्ड की तैनाती करें। कार्य की गुणवत्ता में कोई कोताही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि रांची प्रोजेक्ट डायरेक्टर के पास आवंटन उपलब्ध है अतएव निर्माण कार्य दिन रात जारी रखें।

### बुंडू में संचालित कल्याण गुरुकुल आदर्श

अजय नाथ झा ने कहा कि प्रेझा फाउंडेशन के बुंडू कल्याण गुरुकुल का प्रशिक्षण, अनुशासन और साफ सफाई अनुकरणीय एवं आदर्श है। इस संस्थान में प्रशिक्षण लेने वाले महिला प्रशिक्षुओं में सीखने की ललक प्रभावित करती है। मौके पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही एक महिला ने आदिवासी कल्याण आयुक्त से कहा कि मुझे अपने लिए नहीं अपने गांव को आगे बढ़ाने के लिए सीखना है और आगे बढ़ना है। मौके पर आदिवासी कल्याण आयुक्त ने निर्देश दिया कि आगामी 5 जनवरी को विद्यालय खुलते ही बुंडू स्थित बिरसा मुंडा डीएवी आवासीय विद्यालय में भोजन, छात्रावास की साफ सफाई एवं विद्यालय संचालन के समय-सारणी में सुधार को लेकर आदेश का सख्ती से अनुपालन करें। मौके पर उन्होंने विगत दिनों डीएवी ग्रुप की राष्ट्रीय खेल की महत्वपूर्ण स्पधाओं में गोल्ड और रजत मेडल इस विद्यालय को हासिल हुआ है। इसके लिए बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। मौके पर रांची आईटीडीए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर संजय कुमार भगत उपस्थित थे।

# टाटा स्टील ने शहर को दिया बटर फ्लाई हाउस और रोज गार्डेन का उपहार

## टाटा जू में बटरफ्लाई हाउस का उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क (टीएसजेडपी) ने तितलियों की खूबसूरती और पर्यावरणीय महत्व को समर्पित एक अनूठी और अत्याधुनिक सुविधा, बटरफ्लाई हाउस का उद्घाटन किया। यह पहल प्रकृति संरक्षण और जैव विविधता के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट



जू में बटर फ्लाई हाउस का उद्घाटन करने के पश्चात टाटा स्टील के वीपी सीएस चाणक्य चौधरी।

(कॉर्पोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी ने किया। इस मौके पर टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा और जमशेदपुर कंटीन्यूस एनीलिंग एंड प्रोसेसिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अभिजीत अविनाश ननोटी भी उपस्थित थे। इसके अलावा कार्यक्रम में अनेक गणमान्य अतिथियों और कर्मचारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। टाटा स्टील के कर्मचारियों को महत्व और सम्मान देने के अपने मूल सिद्धांत को दर्शाते हुए, चाणक्य चौधरी ने चिड़ियाघर की समर्पित कर्मचारी मालती मांझी से अनुरोध किया कि वे रिबन काटकर समारोह का उद्घाटन करें। इस भावपूर्ण पहल ने टाटा स्टील की समावेशिता और अपनी कार्यबल को सम्मानित करने की परंपरा को उजागर किया, जो सम्मान और आपसी प्रशंसा की संस्कृति को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम का समापन बटरफ्लाई हाउस के एक निर्देशित दौरे के साथ हुआ, जहां मेहमानों ने इसके हरे-भरे परिदृश्य और रंग-बिरंगी तितलियों की प्रजातियों का आनंद लिया। बटरफ्लाई हाउस न केवल जू में एक नई पहल है, बल्कि यह प्रकृति से जुड़ने, प्रेरणा लेने और सीखने का एक विशेष स्थल भी है।

- बटरफ्लाई हाउस : एक संक्षिप्त विवरण
- परियोजना लागत: 1.76 करोड़ रुपये
- समयावधि: 8 महीने में पूरा होने का समय
- बटरफ्लाई हाउस के तीन मुख्य घटक हैं: एजुकेशन सेंटर: 102 वर्ग मीटर क्षेत्र बटरफ्लाई ब्रीडिंग एरिया: 175 वर्ग मीटर क्षेत्र बटरफ्लाई एग्ज़िबिट एरिया: 410 वर्ग मीटर क्षेत्र
- जू की सीमा के अंदर तितलियों की 41 प्रजातियां चिह्नित हैं, जिनमें से 7 प्रजातियां टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में प्रजनन कर रही हैं।
- जू ने तितलियों की ग्यारह प्रजातियों के प्रजनन और प्रचार-प्रसार में विशेषज्ञता और कौशल विकसित किया है, जैसे कि प्लेन टाइगर, कॉमन क्रो, कॉमन कैस्टर, एंगल्ड कैस्टर, लाइम बटरफ्लाई, कॉमन मॉर्मन, कॉमन जे, कॉमन इमिग्रेंट, मॉटल्ड इमिग्रेंट, कॉमन ग्रास येलो और स्मॉल ग्रास येलो।
- अन्य तितली प्रजातियों के प्रजनन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बटरफ्लाई हाउस की स्थापना के साथ, अब यह संभव होगा कि तितलियों की प्रजातियों को उनके प्राकृतिक आवास में पुनः स्थापित किया जा सके।

## सर दोराब जी टाटा पार्क के समीप विकसित रोज गार्डेन का उद्घाटन

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट, कॉरपोरेट सर्विसेज, श्री चाणक्य चौधरी द्वारा आज सर दोराबजी पार्क के समीप विकसित नए रोज गार्डन का उद्घाटन किया गया। यह गार्डन 6,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है और इसमें 1,500 से अधिक गुलाब के पौधे शामिल हैं, जो पांच प्रमुख समूहों झ हाइब्रिड टी गुलाब, फ्लोरीबुंडा, ग्रैंडिफ्लोरा, मिनिएचर और पॉलीऐंथस से संबंधित हैं। उद्घाटन समारोह में टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक श्री ऋतुराज सिन्हा, श्रीमती रुचि नरेंद्रन, टाटा स्टील और टाटा स्टील यूआईएसएल के वरिष्ठ अधिकारी और जमशेदपुर हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी के कार्यकारी सदस्य उपस्थित थे। रोज गार्डन को जमशेदपुर के परिदृश्य में एक



आकर्षक और शांतिपूर्ण जोड़ के रूप में देखा गया है। गुलाबों का यह शानदार संग्रह प्राकृतिक सौंदर्य और सुगंध का एक रंगीन और अद्भुत अनुभव प्रदान करता है, जो शहर की हरियाली और जैव विविधता को और मजबूती देता है। यह पहल जमशेदपुर में जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए स्थिरता, सौंदर्य और सामुदायिक सहभागिता को समाहित करने वाले शहरी विकास परियोजनाओं के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

स्पीड न्यूज



### सरायकेला डीसी ने किया पॉलिटेक्निक का भ्रमण

**जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां डीसी रवि शंकर शुक्ला ने शनिवार को अल-कबीर पॉलिटेक्निक, जमशेदपुर का दौरा किया। उन्होंने कबीर वेलफेयर ट्रस्ट एवं अल-कबीर पॉलिटेक्निक के गणमान्य सदस्यों से मुलाकात की। संस्थान के कांफ्रेंस कक्ष में प्राचार्य वारिस सरवर इमाम ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से संस्थान की स्थापना से लेकर उसके विकास यात्रा की विस्तारपूर्वक चर्चा की। उपायुक्त ने संस्थान के सभागार में सभी सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने व्यक्तित्व-विकास, चरित्र-निर्माण, समाज के प्रति उत्तरदायी शिक्षण-पद्धति को समाज एवं राष्ट्र के भविष्य निर्माण को बताया।

### मायके में आयी युवती आग तापते जली, मौत



**गम्हरिया।** मंगलवार को अलाव जलाकर आग तापने के दौरान झुलसी गम्हरिया के बोलायडीह निवासी महिला पार्वती गोप (25) की एमजीएम अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। रविवार को वह अपने बीमार पिता मनोहर गोप को देखने जमशेदपुर के बिरसानगर गयी थी। वहीं, मंगलवार की सुबह अलाव जलाकर आग तापने के दौरान अचानक उसकी साड़ी में आग लग गयी, जिससे वह बुरी तरह झुलस गयी थी। जख्मी हालत में परिजनों ने आसपास के लोगों के सहयोग से इलाज के लिए उसे एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के क्रम में शनिवार को उसकी मौत हो गयी।

### 24 वर्षों से कंबल सेवा जारी है : अमरप्रीत सिंह



**जमशेदपुर।** हर हर महादेव सेवा संघ ने सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में कंबल सेवा का आयोजन किया। इस सेवा के तहत मकदमपुर, परसुडीह, घंटीटोला, सोपोडेरा, सारजमदा, सिद्धू कानू मैदान, नया बस्ती, बागबेड़ा, हरिजन बस्ती, 10 नंबर बस्ती, सिदगोड़ा समेत कई अन्य क्षेत्रों में जरूरतमंदों और बुजुर्गों के बीच कंबल बांटे गये। इसके लिए संघ के सभी सदस्य 24 वर्षों से समर्पित भाव से इस सेवा को निभा रहे हैं। यह कंबल सेवा हमारे सेवा कार्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### आरवीएस अकादमी में पूर्व क्रिसमस उत्सव ने बिखेरी खुशी

**जमशेदपुर।** डिमना रोड, मानगो, जमशेदपुर स्थित आरवीएस अकादमी में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने मिलकर पूर्व-क्रिसमस उत्सव मनाया, जिससे पूरे माहौल में क्रिसमस की खुशबू फैल गई। इस उल्लासपूर्ण आयोजन में चेयरमैन बिन्दा सिंह , प्रधानाचार्या वीशा मोहिंद्रा, उत्साही छात्र और समर्पित शिक्षक उपस्थित रहे।


# तीसरे दिन शीर्ष पर पहुंचे यशस चंद्र तेजी से पीछा कर रहे हैं उदयन माने

- 66 के शानदार स्कोर के साथ यशस ने तीसरे दिन बढ़त बनायी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मैसूर के यशस चंद्र एम एस ने टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2024 के तीसरे राउंड में बेहतरीन पांच-अंडर 66 के स्कोर के साथ लीडरबोर्ड पर शीर्ष स्थान हासिल किया। यह 3 करोड़ की प्रतियोगिता टाटा स्टील पीजीटीआई का सीजन-एंडिंग इवेंट है, जो शहर के बेलडीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स पर खेली जा रही है।

यशस (69-64-66), जो पहले दिन पांचवे स्थान पर थे और लीड से चार शॉट पीछे थे, शनिवार को चार स्थान ऊपर चढ़ते हुए कुल 14-अंडर 199 के स्कोर के साथ लीडरबोर्ड पर शीर्ष पर पहुंच गए। अभी तक कोई खिताब न जीतने





शनिवार को शानदार प्रदर्शन करते यशस चंद्र और दूसरे स्थान पर चल रहे उदयन माने की फाइल फोटो।

वाले यशस ने एक शॉट की हल्की बढ़त बना ली है। उदयन माने (67-65-68), जो टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप के दो बार विजेता रहे हैं, ने 68 के एक सधे हुए स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर दो स्थान की छलांग लगाई और 13-अंडर 200 के साथ अपने खेल को मजबूत किया। ग्रेटर नोएडा के सुधीर शर्मा (67) और श्रीलंकाई खिलाड़ी एन थंगराजा (70) 12-अंडर 201 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से थे।

पीजीटीआई की सबसे बड़ी ईनामी राशि वाले इवेंट के पहले तीन राउंड में मैदान के आधे खिलाड़ी ने अपनी पहली नौ होल्स गोलमुरी गोल्फ कोर्स पर और दूसरी नौ होल्स बेलडीह गोल्फ कोर्स पर खेले, जबकि बाकी आधे खिलाड़ी ने बेलडीह से शुरूआत कर गोलमुरी पर समाप्त किया। यह प्रारूप जमशेदपुर में टूनामेंट के चौथे और अंतिम राउंड में भी लागू होगा, जिसमें राउंड का पार 71 रहेगा। अग्रणी समूह गोलमुरी से शुरूआत करेंगे और बेलडीह पर समाप्त करेंगे। यशस चंद्र, जो इस सीजन में पीजीटीआई की मेरिट लिस्ट में आठवें स्थान पर हैं और जिनके नाम सात टॉप-10 फिनिश हैं, ने शनिवार को बेहतरीन खेल दिखाया। 29 वर्षीय यशस ने इस दिन 16 ग्रीन्स पर सही तरीके से शॉट्स लगाये। फ्रंट-नाइन पर उनका खेल शानदार था, जहां उन्होंने चार बर्डी बनायी, जिनमें से दो 15 से 20 फीट की दूरी से और दो पार-5 होल्स पर शानदार शॉट्स खेले। टर्न के बाद, यशस ने पार-5 12वें होल पर एक और बर्डी बनाई। हालांकि बैक-नाइन पर पुट्स उनके पक्ष में नहीं आए, लेकिन यशस ने कोई भी शॉट गंवाने से बचते हुए अंत तक लगातार पार बनाए और अपने खेल में स्थिरता बनाए रखी।

यशस ने कहा, आज मैंने जिस तरह से बॉल को हिट किया, उससे मैं पूरी तरह संतुष्ट हूं। दोनों कोर्स पर मेरे शॉट्स बेहद अच्छे रहे। एकमात्र निराशा यह रही कि बेलडीह में कुछ पुट्स मिस कर दिए। आज मुझे ऐसा महसूस हुआ कि मेरे टी शॉट्स पिछले दो दिनों से बेहतर थे, और इसने मेरे खेल में बड़ा फर्क डाला।

यशस ने कहा, यहां जमशेदपुर में सबसे बड़ी चुनौती दोनों कोर्स के ग्रीन्स पर पुट्स की स्पीड को सही करना है। यही कारण है कि हमें गोलमुरी से वापस आने के बाद बेलडीह में कुछ पुट्स की प्रैक्टिस करनी पड़ती है।

## कैंया रुस्या बैठ्या हो बोलो जी कुछ बोलो जी... जैसे भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु

- सोनारी में श्री श्याम सेवा संघ का दो चरणों में 22 वां महोत्सव धूमधाम से आयोजित
- निशान यात्रा में उमड़े भक्त, गूंजे श्याम बाबा के जयकारे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शनिवार को श्री श्याम सेवा संघ, सोनारी द्वारा 22 वां श्याम महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यह धार्मिक कार्यक्रम संस्था के अध्यक्ष अशोक दीवान के नेतृत्व में दो चरणों में संपन्न हुआ। शनिवार को सोनारी श्याममय रहा। प्रथम चरण में दोपहर 01.30 बजे से सोनारी रांम मंदिर से विभिन्न मार्ग होते हुए जूनियर कारमेल स्कूल के पीछे मैदान (महोत्सव स्थल) तक लगभग चार किलोमिटर निशान शोभा यात्रा निकली गयी। जिसमें 801 श्याम प्रेमी निशान लिये बाबा श्याम का जयकारा लगाते और भजन गाते हुए चल रहे थे। निशान



शोभा यात्रा में कई गणमान्य लोग शामिल होकर बाबा श्याम का आशीर्वाद लिया। इससे पहले राम मंदिर में निशान की पूजा मुख्य यजमान गजानंद भालोटिया एवं प्रदीप चूड़ीवाला ने किया। पंडित विपिन पांडेय ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना करायी।

## रांची सैनिक रैली में शामिल हुए जमशेदपुर के पूर्व सैनिक, वीर नारियों का भी सम्मान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** तीनों सेना से सेवानिवृत सैनिकों एवं वीर नारियों को सेना के तरफ से दी जाने वाली कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, डाटा अपडेट, ई सी एच एस कार्ड, स्पर्श से संबंधी शिकायत कैंटीन कार्ड एवं सेना के लगभग सभी रिकॉर्ड के प्रतिनिधि आज राँची स्थित दीपाटोली मैदान में रैली में शामिल होकर शिविर लगाए। शिविर में मुख्यतिथि के रूप में जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल पी एस डॉगर शामिल थे। जबकि पूरा कार्यक्रम जी & बी सब एरिया दानापुर के मेजर जनरल विकास



वीर नारी सीमा देवी और दुर्गावती देवी को सम्मानित करते सुशील कुमार सिंह व अन्य पूर्व सैनिक।

अग्रवाल की अगुवाई में हुआ। जमशेदपुर स्थित 220 फील्ड रेजिमेंट की तरफ से मेजर अंकित सौरभ, सूबेदार संजय पांडेय एवं हवलदार मनोज कुमार की अगुवाई में 24 जवान एवं दो वीर नारी कार्यक्रम में पेटिऑफिसर सुशील सिंह के नेतृत्व में रैली में शामिल होने सुबह 7 बजे रांची के लिए प्रस्थान किये। कार्यक्रम की शुरुआत सैनिक वीरों ने तलवार बाजी भाला लाठी फरसा आदि चलाने एवं उससे बचने का करतब, आग का गोला पिरामिड छऊ नृत्य महार रेजिमेंट का पाइपर बैंड एवं पंजाबी भांगड़ा का प्रदर्शन हुआ।

फिर आ गया टाटा लीज समझौते के नवीनीकरण का समय

## क्या सबको एक समान नागरिक सुविधा की शर्त पर संभव हो सकेगा नवीनीकरण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सभी नागरिकों को उसका हक दिलाने के लिए दशकों से संघर्षरत मानवाधिकार कार्यकर्ता जवाहरलाल शर्मा ने संघर्ष जारी रखा है। एक तरफ जहां उनकी याचिका पर जमशेदपुर में नगर निगम का मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है वहीं टाटा लीज समझौते के नवीनीकरण का समय नजदीक आ गया है लेकिन इस मुद्दे पर राजनीतिक खामोशी के बीच जवाहरलाल शर्मा ने सूचना के अधिकार के तहत सरकार से कई सवाल पूछे हैं। उन्होंने पूछा है कि क्या सभी नागरिकों को समान नागरिक सुविधाओं की शर्त पर टाटा लीज समझौते का

>> जवाहरलाल शर्मा ने सूचना के अधिकार के तहत सरकार से पूछा



नवीनीकरण होगा या नहीं?उन्होंने यह भी पूछा है कि क्या आम जनता की राय ली जाएगी? क्या टाटा स्टील सीएसआर के तहत किए जा रहे खर्च का ब्योरा आम आदमी को देगी? इसके अलावे जवाहरलाल ने और भी कई महत्वपूर्ण सवाल कर उनके जवाब मांगे हैं।

## अरका जैन विवि में दो सत्रों में विश्व ध्यान दिवस आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अरका जैन विवि के एनएसएस इकाई और स्कूल ऑफ फामेर्सी ने दो अलग सत्रों में विश्व ध्यान दिवस पर योग निद्रा सहित ध्यान के कई आयामों पर व्याख्यान का आयोजन किया। स्कूल ऑफ फामेर्सी ने डीन डॉ ज्योतिर्मय साहू के नेतृत्व में परिसर के मैदान में सामूहिक ध्यान का सत्र रखा वहीं एनएसएस ने एक ऑनलाइन सत्र का आयोजन डॉ मनोज कुमार पाठक के नेतृत्व में किया जिसमें



मुंबई से अंतरराष्ट्रीय योग प्रशिक्षिका अनु आनंद ने योग निद्रा का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कार्यस्थल में भी ध्यान के गुर सिखाये। कुलसचिव डॉ अमित श्रीवास्तव ने कहा कि आजके व्यस्ततम जीवनशैली में योग और ध्यान से हमें मानसिक एवं शारीरिक दोनों ऊर्जा मिलती है।

## आम जनता से जुड़ाव के लिए हिंदी में बातचीत जरूरी : रविशंकर शुक्ला

- श्रीनाथ विवि में अंतर्राष्ट्रीय हिंदी महोत्सव का दूसरा दिन
- बॉलीवुड गायिका सपना अवस्थी, अभिनेता मुकेश एस भट्ट भी अतिथि के रूप में हुए शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर/ आदित्यपुर।** शनिवार को आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विवि में आठवां श्रीनाथ अंतर्राष्ट्रीय हिंदी महोत्सव के दूसरे दिन के कार्यक्रमों का आयोजन संपन्न हुआ। चिंतन-मनन के मुख्य वक्ता के रूप में सरायकेला खरसावां के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला तथा पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल







परिचर्चा में भाग लेते सरायकेला के डीसी रविशंकर शुक्ला और हिन्दी महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

सम्मिलित हुए। इसके समन्वयक श्रीनाथ विवि के वरिष्ठ सलाहकार कौशिक मिश्रा एवं जियाडा के उप निदेशक दिनेश रंजन थे।

कौशिक मिश्रा ने श्री शुक्ला से सवाल पूछा कि सर आप इतने वरिष्ठ पदाधिकारी हैं और आप हिंदी बोलने में काफी सहज महसूस करते हैं परंतु देखा जाता है कि कुछ लोग हिंदी बोलने में हिचकते हैं आप इस बारे में क्या कहना चाहेंगे? इसका उत्तर देते हुए श्री शुक्ला ने कहा कि हम लोग जब कार्यालय में बात करते हैं तो इस बात पर जरूर ध्यान देते हैं कि सामने खड़े व्यक्ति की शैक्षणिक पृष्ठभूमि क्या है? हमारे अधिकारी भी हिंदी बोलते हैं क्योंकि इससे आम आदमी उनसे सरलता से जुड़ पाता है। हमारा प्रयास उस भाषा में ही संप्रेषण करना होता है जिसमें आम आदमी से सही तरीके से संपर्क हो सके। पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल जी से कौशिक मिश्रा जी ने पूछा कि आप पहले भी हमारे कार्यक्रम से जुड़ चुके हैं और आपने बच्चों के बीच हिंदी में ही अपना वक्तव्य दिया था। आप किसी भी कार्यक्रम में जाते हैं तो क्या आप हिंदी में ही बात करना चाहते हैं। इस बात का उत्तर देते हुए श्री मित्तल ने कहा कि भाषा एक माध्यम है जिसके द्वारा हम अपने भाव प्रकट करते हैं।

एक नजर में

### गोविंद विद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता



फोटो गोविंद विद्यालय

**जमशेदपुर।** गोविंद विद्यालय तमोलिया में दिनांक 21/12/24 को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की गयी। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में खेल के प्रति बच्चों में काफी उत्साह दिखा। इस दौरान सीनियर विद्यार्थियों में 100 मीटर रेस, 400 मीटर रिलेरेस एवं जूनियर विद्यार्थियों में बैलून बस्टिंग, सिंपल रेस, पार्टनर रेस, स्पून एंड मार्बल रेस, गेट रेडी फॉर स्कूल रेस हुआ। सेवानिवृत प्राचार्य डब्लु रहमान मुख्य अतिथि थे। इस वार्षिक खेलकूद समारोह में चारों हाउस के विद्यार्थियों ने साल भर के खेलकूद की गतिविधियों के साथ ही फाइनल में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। चारों हाउस को उत्कृष्ट प्रदर्शन में मिले अंकों के आधार पर रोज हाउस को विजेता घोषित किया गया। दूसरे स्थान पर डफफोडिल हाउस उपविजेता रहा और इस वर्ष की बेस्ट एथलीटविजेता 11वीं की छात्रा आकांक्षा कुमारी बनी।

### योगासन एसोसिएशन ने विश्व ध्यान दिवस मनाया



**जमशेदपुर।** विश्व ध्यान दिवस पर ईस्ट सिंभूम डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं हार्टफूलनेश ध्यान केंद्र जमशेदपुर के सहयोग से जमशेदपुर महिला विवि में शनिवार को प्रातः 9 बजे ध्यान समारोह किया गया। इसमें 200 विद्यार्थी एक साथ ध्यान का अभ्यास किये। ईस्ट सिंहभूम डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं हार्टफूलनेश के योग शिक्षक ने इन विद्यार्थियों को योग एवं ध्यान का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधा झा, सचिव मलय कुमार डे, उपाध्यक्ष अर्जुन शर्मा एवं उपाध्यक्ष रविशंकर नेवार, कोषाध्यक्ष ललिता शर्मा, गौरी कर, संगीत डे, अजय वर्मा, सहर्ष अमृत, प्रेमलता प्रसाद, प्रज्ञा पारोमिता चक्रबर्ती, तपन चक्रवर्ती एवं हाटंफूलनेश संस्था के सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

### पोद्दार वैश्य कल्याण समिति का वनभोज 12 को




**जमशेदपुर।** मानगो टैंक रोड स्थित पोद्दार भवन में पोद्दार वैश्य कल्याण समिति कोल्हान की एक संगठनात्मक बैठक समिति अध्यक्ष अरुण पोद्दार की अध्यक्षता में हुई। कई बैठकों का उल्लेख कर समीक्षा हुई, तत्पश्चात वर्ष 2024-25 में संगठन के पारिवारिक मिलन समारोह सह वनभोज के साथ संस्था को सुदृढ़ एवं सबल बनाने की दिशा में चर्चा हुई। समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के लिए सदस्यों ने कई सुझाव दिये जिसे आने वाले वर्ष में पूरा किया जायेगा। सदस्यों ने वनभोज के लिए 12 जनवरी की तिथि निर्धारित की है उसके पूर्व 29 को एक और बैठक का निर्णय भी लिया गया है। बैठक में महासचिव श्रीकांत देव, अरविंद पोद्दार, मनोज पोद्दार, सुरेंद्र पोद्दार, नंदकिशोर पोद्दार, गणेश पोद्दार, जितेंद्र सेन पोद्दार शामिल हुए।

### साकची बाजार शिव मंदिर में खिचड़ी भोग वितरित



**जमशेदपुर।** शनिवार को साकची बाजार शिव मंदिर परिसर में पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन (अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन) द्वारा आयोजित नर सेवा ही नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत आम लोगों के बीच खिचड़ी भोग बांटा गया। यह कार्यक्रम संस्था के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल और महामंत्री राजेश रिंगसिया के नेतृत्व में हुआ। जिसमें करीब 800 से अधिक लोगों ने प्रसाद पाया। मौके पर बजरंग लाल अग्रवाल, पवन सिंघानिया, सीताराम देबुका, श्रवण देबुका, शंभु खन्ना, उमेश शाह, नरेश अग्रवाल, गिरधारी खेमका, भोला नाथ चौधरी, नरेश सिंघानिया, प्रमोद खन्ना, विवेक चौधरी, पंकज छावछरीया, बजरंग अग्रवाल, अंकित अग्रवाल सिद्वार्थ खंडेलवाल, बिनोद शाह, चंदन चौधरी, दिलीप चौधरी, मोहित शाह, प्रमोद चेतानी, टिक्कु मावनडिया, बबली अग्रवाल, गप्पू अग्रवाल, निकेश जालुका, शिवम चेतानी, अमन नरेडी, तुषार जिंदल, महेश अग्रवाल, आशीष खन्ना, रजनी बंसल, उमा चेतानी, निशा सिंहल, बबीता मूनका, नेहा अग्रवाल आदि उपस्थित होकर प्रसाद वितरण में सहयोग किया।

### विद्या भारती चिन्मया विद्यालय में मना महान गणितज्ञ एसआर अयंगर का जन्मदिन



**जमशेदपुर।** टेल्को स्थित विद्या भारती चिन्मय विद्यालय में भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन अयंगर के जन्मदिवस के अवसर पर अंकशास्त्र में उनके गणितीय विश्लेषण, संख्या सिद्धांत, अनंत श्रृंखला आदि में महत्त्वपूर्ण योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव विष्णु चंद्र दीक्षित एवं विद्यालय प्राचार्या मीना विल्खू की प्रेरणा व गणित विभागाध्यक्षा आर. रमालक्ष्मी के दिशा निर्देशन में गणित सप्ताह उत्सव का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत कक्षा नर्सरी से कक्षा नौवीं तक विभिन्न गतिविधियों जैसे - नंबर हंट, डॉट टू डॉट, नंबर बॉन्ड, प्रोडक्ट पेंट, मल्टीप्लिकेशन बिंगो, स्टोरी-ओ-मैटिक्स, फैक्टर ट्री, जैपैनीज मल्टीप्लिकेशन, रामानुजन्स मैजिक स्क्वैर, केनकेन पजल्स, विलोकनाम्स ब्रेकथ्रू एवं मैथमेटिकल ट्रेजर का आयोजन किया गया। प्राचार्या मीना विल्खू के अनुसार विद्यार्थियों द्वारा महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन अयंगर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ जटिल समस्याओं को सरल समस्याओं में तोड़ने, नवीन समाधान विकसित करने, गणितीय क्षमताओं में विश्वास करने, गणितीय जानकारी का विश्लेषण और मूल्यांकन करने तथा गणित की चिंता पर काबू पाने के उद्देश्य से उक्त गतिविधियों का आयोजन किया गया।

## स्पीड न्यूज

### दुर्गा बाड़ी में मां शारदा जयंती 22 को



**मेदिनीनगर।** श्री रामकृष्ण मां शारदा सेवा समिति ने बंगिया दुर्गाबाड़ी कोयल नदी किनारे प्रांगण में जगत जननी श्री मां शारदा जयंती समारोह का आयोजन 22 दिसंबर को किया गया है। जानकारी देते हुए श्रीरामकृष्ण मां शारदा सेवा समिति के अध्यक्ष राजदेव उपाध्याय ने बताया कि कार्यक्रम में सभी लोग उपस्थित होकर पुण्य के भागी बनें। कहा कि सत्संग, श्री रामकृष्ण बचानामृत का पाठ, जगत जननी मां शारदा के अवतरण पर परिचर्चा, जगत जननी मां शारदा की सहस्रनामावली, पुष्पांजलि, आरती, प्रसाद वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया जायेगा।

### समृद्धि की पाठशाला ने करायी प्रतियोगिता



**मेदिनीनगर।** समृद्धि की पाठशाला कचरवा शाखा में बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता की गयी। अब पाठशाला की गतिविधियों को उनके सहयोग की बदौलत 2025 से बहुत कुछ निर्धारित किया जायेगा। बच्चे इसमें भाग लेकर काफी खुश नजर आये। दौड़ रेस, रस्सी कूद, सूई धागा रेस, ऊंची कूद बेहद मनोरंजक ढंग से उनके बीच कराया गया। ये सारे बच्चे पहली बार इस तरह से प्रतियोगिता मे भाग लिये। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे पुरस्कृत किये जायेंगे। संस्था की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने कहा कि इससे शारीरिक मानसिक संतुलन बना रहता है। उन्होंने कहा कि बैजंती गुप्ता, वीणा राज, रंजीता का योगदान बहुत ही प्रशंसनीय है।

### संत गाडगे की 68वीं पुण्यतिथि मनी



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के नहर मोड़ के समीप हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा के आवास पर महान समाज सुधारक व स्वच्छता अभियान के जनक, सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत संत गाडगे महाराज का 68वां परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र के समक्ष पुष्प व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। श्री बैठा ने कहा कि संत गाडगे एक महान विचारक व समाज के पथप्रदर्शक थे जिनकी सोच थी स्वस्थ व शिक्षित समाज। जात पात के बंधन से मुक्त होकर सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिले। मौके पर कोशी के पूर्व मुखिया प्रत्याशी प्रमोद रजक, जयश्री बैठा, उमेश बैठा, रामप्रसाद राम, गुड्डू रजक आदि उपस्थित थे।

### कुराश चैंपियनशिप में जौहर दिखायेंगे संत मरियम स्कूल के खिलाड़ी : अविनाश देव



**मेदिनीनगर।** पंजाब के लुधियाना शहर में 23 से 25 दिसंबर तक राष्ट्रीय कुराश चैंपियनशिप कराया जा रहा है, जिसमें संत मरियम स्कूल के हर्षित केसरी सीनियर नेशनल कुराश चैंपियनशिप में अपना जौहर दिखायेंगे। पलामू जिला से 36 खिलाड़ियों ने इसमें ट्रायल दिया था, जिसमें हर्षित का चयन संघ ने किया। चेयरमैन अविनाश देव ने हर्षित को विजय का तिलक लगा कर शुभकामनाएं दी। कहा कि आत्मविश्वास और जुनून को इस कदर बढ़ाओ खुद को इस दुनिया का बेहतरीन खिलाड़ी बनाओ। मौके पर शारीरिक शिक्षक सुमित बर्मन के साथ शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### गुलमोहर अस्पताल में 27 को लगेगा मेला



**मेदिनीनगर/रांची।** गुलमोहर अस्पताल रामनरेश सिंह की पुण्य तिथि पर 27 दिसंबर को स्वास्थ्य मेला सह स्वास्थ्य जागरूकता अभियान लगायेगा। सुबह नौ से एक बेज तक अस्पताल परिसर में कार्यक्रम होगा। स्वास्थ्य मेला में देश विदेश के कई चिकित्सक भाग लेंगे। मेले में हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ अंचल कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रचना ए कुमार, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ बीएमके सिन्हा, स्पाईन रोग विशेषज्ञ डॉ मनोज सिंह रख्यिा मुंबई नागपुर, क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डा सोनल सिंह मुंबई रखिया, कंधा रोग विशेषज्ञ डॉ नितीन मोदी लंदन, क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ अदिति मोदी, फिजिशियन डॉ सोनु कुमार और डॉ संजय कुमार अपनी सेवा देंगे।

### तीन जब्त ट्रैक्टर ले भागे बालू माफिया



**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के जिजोई नदी से शुक्रवार की रात अवैध बालू निकासी की गुप्त सूचना खनन विभाग को मिली। इस पर त्वरित कार्रवाई कर खनन विभाग के इंस्पेक्टर शुभम कुमार ने छापेमारी कर जिंजोई नदी से तीन ट्रैक्टर जब्त कर थाना ला रहे थे। इसी क्रम में एमबी ईंट भट्ठा के पास बालू माफियाओं ने छापेमारी दल पर जानलेवा हमला किया। इसके साथ ही माफिया दो ट्रैक्टर जबरन छुड़ाकर भागने में सफल रहे। माइनिंग इंस्पेक्टर शुभम कुमार ने पाटन थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिसमें संदीप सिंह, अजय सिंह, जितेंद्र प्रसाद और पंकज पांडेय को आरोपी बनाया गया है।

### कचरे में मिला नवजात शिशु का शव

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के शिवाला रोड स्थित कचरे के ढेर में एक नवजात शिशु मिला। जिसे प्लास्टिक में लपेटकर किसी ने फेंक दिया था। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना शहर थाना को दी। सूचना पते ही शहर थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद पुलिस अनुसंधान में जुट गयी। सभी लोगों ने नवजात शिशु को देख फेंकनेवालों के प्रति घोर निंदा व्यक्त की।

# सिविल सर्जन ने किया एसएनसीयू अगलगी में नवजात को बचाने वाले चिकित्सक और एएनएम को सम्मानित

- सिविल सर्जन कार्यालय में किया गया सम्मान समारोह का आयोजन
- साहसी भरा कार्य करनेवाले हैं प्रशंसा के पात्र : सिविल सर्जन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सिविल सर्जन कार्यालय में सम्मान समारोह किया गया। इसमें मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एसएनसीयू बच्चा वार्ड में 13 दिसबंर की मध्य रात्रि को हाई प्रेशर मशीन में आग लग गयी थी। जहां आठ नौ नवजात शिशु भर्ती थे। आग पर मौजूद कर्मियों ने तत्काल काबू पा लिया था, जैसे ही बच्चा वार्ड में घटना घटी, वहां मौजूद डॉ गौरव विशाल, डॉ मो रजी, एएनएम ममता त्रिशूल, दयानी ओरिया, स्वास्थ्यकर्मी रवि कुमार ने वार्ड में भर्ती नवजातों को बचाने में सफल रहे। यदि वे तत्परता नहीं दिखाये होते तो कोई अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता था। इनकी तत्परता व सक्रियता से उत्साहित सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने सभी को शॉल ओढ़ाकर, मोमेंटम व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कहा कि यह बेहद साहसिक कार्य है। इनकी सक्रियता से अस्पताल में एक बड़ी घटना घटने से रोका गया है जो सभी बधाई के पात्र हैं। इनकी सक्रियता से अन्य स्वास्थ्यकर्मियों में प्रेरणा का संचार होगा। नये वर्ष में नये संकल्पों के साथ स्वास्थ्य विभाग पूरी मुस्तैदी के साथ जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक जनहित कार्य करेगा। पलामू जिला में ब्लड बैंक रक्त की कमी से जूझ रहा है। जिले में सौ से अधिक थैलीसीमिया के मरीज हैं जिन्हें प्रत्येक माह एक यूनिट रक्त की जरूरत होती है। रक्त की कमी दूर करने के लिए जिला से प्रखंड स्तर पर उपायुक्त के निर्देश पर सरकारी गैर सरकारी एवं सामाजिक संस्थाओं से संपर्क कर रक्त कोष को बढ़ाया जायेगा।

# सभी अंतर्राज्यीय सीमा में विधिवत चेकिंग करें अधिकारी : एसडीएम

- एसडीएम और एसडीपीओ ने अवैध खनन व भंडारण को लेकर टास्क फोर्स का किया गठन
- सभी सीओ से पुलिस अधिकारियों को दिया निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल कार्यालय सभागार में शनिवार को एसडीओ कृष्णकांत कनवाडिया की अध्यक्षता में बैठक कर टास्क फोर्स का गठन किया गया। जिसमें अवैध उत्खनन परिवहन व भंडारण पर अविलंब रोक लगाने का निर्देश दिया। कहा कि अवैध बालू, पत्थर उत्खनन के अलावा क्रशर बिना चहारदीवारी के चलाये जा रहे हों या चहारदीवारी के आसपास पानी का छिड़काव नहीं किया जाता है तो उनपर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज के अंचल पदाधिकारी, थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी को कड़ी चेतावनी देते हुए इन बिंदुओं पर रोक लगाने को कहा। कहा कि जो झारखंड से बिहार की ओर जाने वाली मुख्य सड़कों पर चेकनाका का निर्माण करा कर प्रतिदिन वाहनों की जांच किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए अभिलंब कार्रवाई करने की बात कही। बैठक में एसडीओ कृष्णकांत कनवड़िया के साथ एसडीपीओ मोहम्मद एस याकूब, हुसैनाबाद अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार, मोहम्मदगंज अंचल पदाधिकारी रणधीर कुमार, हैदरनगर अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार के अलावा हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी मुकेश सिंह, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, टिंकु कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मनरेगा में ज्यादा रोजगार सृजन को लेकर पंससों ने बनायी रणनीति

**खबर मन्त्र संवाददाता**




बैठक में रोजगार सृजन पर चर्चा करते अधिकारी-पदाधिकारी।

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को प्रखंड के दो पंचायतों में पेसा कानून को शत प्रतिशत लागू करने तथा मनरेगा योजना में ज्यादा रोजगार सृजन करने को लेकर पंचायत समिति सदस्यों की बैठक हुई। मनरेगा और पेसा कानून की बैठक की अध्यक्षता बीडीओ कृष्ण मुरारी ने की। वहीं पंससों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रखंड प्रमुख रीमा देवी ने कहा कि विभिन्न विभाग के अधिकारी, पदाधिकारी, कर्मी और बीडीसी सदस्यों की अनुपस्थिति कम रहने से 15 दिन बाद फिर से बैठक का निर्देश पंचायती राज पदाधिकारी रोशन पाठक को दी। बीएओ सह बीएसओ अरविंद कुमार, जगदीश सिंह, कविता कुमारी, जुबेर खान, लक्ष्मी देवी, प्रेमचंद उरांव, फातिमा बीबी, कविता कुमारी सभी बीडीसी मेंबर के अलावा युगल किशोर राम, अल्लादीन अंसारी के साथ मनरेगा के बैठक में सहायक अभियंता सुनील कुमार यादव, तकनीकी सहायक सृष्टि कुमारी, लेखा सहायक मनरेगा प्रेमचंद गुप्ता के साथ सभी जीआरएस के अलावा कई लोग मौजूद थे।

**दो पंचायत में पेसा कानून हो गया लागू : बीडीओ**

बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने कहा है कि मनिका प्रखंड से काटकर 1994 में सतबरवा प्रखंड में बकोरिया और रबदा पंचायत को शामिल किया गया था। दोनों पंचायत में पूर्व मेसों क्षेत्र अंतर्गत सरकार के द्वारा लाभ दी जाती थी। शुक्रवार की रात्रि से दोनों पंचायत में पेसा कानून लागू कर दिया गया है। 24 दिसंबर को पंचायत के गांव में बैठक की जाएगी। इन दोनों पंचायत में सभी काम का चयन ग्राम प्रधान के द्वारा किया जाएगा और वह इसके अध्यक्ष होंगे। उन्होंने कहा कि उस गांव में पुलिस बिना ग्राम प्रधान तथा प्रतिनिधियों के इजाजत के विरुद्ध कोई काम नहीं कर सकता है।

सुंदर, स्वच्छ, खूबसूरत और अतिक्रमण मुक्त शहर के लिए सिविल सोसाइटी प्रशासन को करें सहयोग : दीपक तिवारी

# खूबसूरत शहर बनाने की दिशा में किये जा रहे प्रयास का न हो राजनीतिकरण

- स्वच्छ, सुंदर और खूबसूरत शहर बनाने में नहीं करें अवरोध, भोपाल, इंदौर व उज्जैन की तरह पलामू स्वच्छ व सुंदरता में बनें अव्वल
- व्यवस्थित शहर का सपना साकार कराने में जुटे पदाधिकारी धन्यवाद के पात्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता दीपक तिवारी ने पलामू के प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर को स्वच्छ, सुंदर, खूबसूरत व अतिक्रमणमुक्त बनाने की दिशा में सरकार एवं स्थानीय प्रशासन के प्रयास की सराहना की। उन्होंने इस बेहतर कार्य को सफल बनाने में सिविल सोसाइटी को स्थानीय प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि खूबसूरत शहर बनाने की दिशा में स्थानीय प्रशासन का प्रयास धन्यवाद के पात्र हैं। शहर की आम जनता के साथ-साथ व्यावसायिक वर्ग, बुद्धिजीवी वर्ग, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं सभी व्यक्तियों को आगे आकर प्रशासन का सहयोग करने की जरूरत है। प्रशासन के प्रयास से पलामू प्रमंडल मुख्यालय को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का प्रयास हो रहा है। यह राजनीति का विषय नहीं है।



दीपक तिवारी।

**आबादी के अनुसार शहर का विस्तार आवश्यक**

दीपक तिवारी ने कहा है कि आबादी दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। वाहनों की संख्या भी बढ़ी है। ऐसे में सड़कों पर भार अधिक बढ़ा है, जिससे जाम की समस्या बनी रहती है। गाड़ियां रेंगती है। बाजार क्षेत्र में पैदल आवाजाही करने वालों को भी जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। ऐसे में शहर का विस्तार के साथ-साथ स्वच्छ एवं खूबसूरत शहर बनाने के दिशा में सकारात्मक प्रयास किये जा रहे हैं। इस प्रयास में सहयोगात्मक भूमिका निभाने की आवश्यकता है।

**जिम्मेवारी समझें तो आवागमन होगा सुगम :** उन्होंने कहा कि जिस तरह हम अपने घरों को स्वच्छ रखने में प्रबंधन करते हैं और जिम्मेदारी से काम करते हैं। इसी तरह शहर को सुंदर व स्वच्छ रखने में भी हमें अपनी जिम्मेवारी को समझना चाहिए। शहर को स्वच्छ रखने में प्रशासन के साथ जनभागीदारी भी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि दिन में शहर की सड़के सिकुड़ जाती है। वहीं रातों में सड़कें चौड़ी दिखती है।

# पुलिस लाइन रोड स्थित दुकानों पर फूड सेफ्टी ऑफिसर ने की छापेमारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गुलाब लकड़ा ने शनिवार को शहर के पुलिस लाइन रोड स्थित विभिन्न खाद्य पदार्थ बेचने वाले दुकानों की छापेमारी की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न दुकानों के तरफ से आमजनों को परोसे जाने वाली खाद्य पदार्थों का सैंपल संग्रह किया। इस दौरान क्रीम रॉल, वेज पैटीज, पनीर पैटीज, समोसे आदि का सैंपल लिया गया।

साथ ही कई दुकानों में एक्सपायरी तेल, चिप्स आदि खाद्य पदार्थ की भी जांच की गयी। निरीक्षण के दौरान कई दुकानों पर लाइसेंस स्टॉल नहीं किया गया था, सभी को अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर लाइसेंस की प्रति को इंस्टॉल करने का निर्देश दिया गया। वहीं कुछ दुकानों पर डस्टबीन का कैप नहीं पाया गया, ऐसे दुकानों को कैप युक्त डस्टबीन ही इस्तेमाल करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उन्होंने सभी दुकान संचालकों से भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण 2006 के सभी नियमों का पालन करने का निर्देश दिया है।

# प्रशासन गांव की ओर... कार्यक्रम के तहत दो पंचायतों में लगा शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड के सिगासिगी पंचायत सचिवालय व बाघमनवा पंचायत सचिवालय में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत शनिवार को शिविर लगा। बघमनवा में आयोजित शिविर का उद्घाटन मुखिया मंजू देवी व नोडल पदाधिकारी धनंजय कुमार ने किया। वहीं सिगसिगी में मुखिया किरण देवी, राजस्व कर्मचारी अरविंद मिश्रा व पंचयत सचिव मंजर अंसारी ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर किया। शिविर में वृद्धा पेंशन, अबुआ आवास, सिंचाई योजनाओं, मंइयां सम्मान योजना, प्रमाण पत्र संबंधित, जमीन संबंधित कई आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें ज्यादा आवेदन मैया सम्मान योजना का था। कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया गया। इसके अलावा अधिकारियों ने लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। मौके पर पंचायत सचिव प्रदीप कुमार, रोजगार सेवक अरुण सिंह, वार्ड सदस्य गीता देवी, समाजसेवी मनीष कुमार, पिंटू चौधरी, राजेंद्र यादव, अजय यादव, रेखा कुमारी, बसंती देवी आदि भी थे।

### थाना प्रभारी ने बालू लदा दो ट्रैक्टर किया जब्त



**नावा जयपुर पलामू।** थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय ने दल बल के साथ पचकेड़िया से दो अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ कर थाना ले आये हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध बालू के खिलाफ लगातार छापेमारी जारी है। छापेमारी के क्रम में दो अवैध बालू ढुलाई कर रहे ट्रैक्टर को पकड़ा गया है। एक ट्रैक्टर बालू गिराकर भाग रहा था जिसे पुलिस ने पीछा कर जब्त कर लिया है।

### प्रखंड प्रमुख ने धान क्रय केंद्र का किया उद्घाटन



**चैनपुर (पलामू)।** नगर निगम क्षेत्र के कर्पूरी चौक स्थित चैनपुर मंडल पैक्स धान क्रय केंद्र का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी, रंजन दुबे, पूर्व जिप सदस्य शैलेंद्र कुमार शैलू, पूर्व प्रमुख विजय गुप्ता थे। प्रमुख ने कहा कि धान क्रय केंद्र खुलने से किसानों को सहूलियत होगी। अब किसान औने पौने मूल्य पर धान नहीं बेचेंगे। धान क्रय केंद्र में बेचने पर उन्हें 24 रुपये प्रति किलो की दर से पैसा मिलेगा।

### सघन जांच अभियान में दर्जनों वाहन जब्त



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस ने शहर के सदीक चौक पुल के पास सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान दोपहिया के कुछ चालक बगैर हेलमेट बिना लाइसेंस और कुछ ट्रिपल लोड थे। जिसमें से 14 वाहन पकड़ कर शहर थाना परिसर में रखा गया है। शनिवार को जिला परिवहन कार्यालय पलामू से 03 बाइक का चालान फाइंड राशि 3000 हजार रुपये आया है।

### बजरंग दल त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन का विस्तार गांवों तक करना है : विहिप



**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद पलामू के जिला मंत्री दामोदर मिश्र और बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप गुप्ता ने कहा है कि रविवार को तुकबेरा पेट्रोल पंप के पास, पड़वा मोड़ स्थित चंद्रशेखर दुबे कॉलेज के बगल के मैदान में होने वाला बजरंग दल त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम जिला के लिए एक ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। विहिप और बजरंग दल को गांव-गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से ऐसा किया जा रहा है। रविवार को कार्यक्रम में जिला के विभिन्न प्रखंडों से करीब 500 बजरंगियों को धर्म शस्त्र बजरंग त्रिशूल की दीक्षा दी जायेगी। उसके पूर्व वहीं एक विराट सनातन शौर्य सभा भी की जायेगी। इस सभा में जिला के विभिन्न प्रखंडों से विहिप-बजरंग दल के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कई सनातन धर्मावलंबियों को भी आमंत्रित किया गया है।

# स्कूल प्रबंधन बच्चों को हर क्षेत्र में बेहतर बनायेगी : निर्देशक विरेंद्र

- होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल नावा जयपुर में कला व विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** प्रखंड के नावा जयपुर थाना अंतर्गत होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में शनिवार को टर्म टू का परीक्षाफल बांटा गया। इसके बाद स्कूली बच्चों ने कला सह विज्ञान प्रदर्शनी लगायी। जिसमें विज्ञान प्रदर्शनी में जल प्रदूषण, जल चक्र, ज्वालामुखी जैसे कई चित्रों से बच्चों ने प्रतिभा दिखायी। चित्रकला में लाल किला, ताजमहल जैसे चित्रों को प्रदर्शनी में दिखाये। वहीं पेंटिंग में हाथी, भगवान कृष्ण, प्राकृतिक से जुड़े कई दृश्यों को पेंटिंग कर दिखाया है। विज्ञान प्रदर्शनी में सबसे आकर्षक जल प्रदूषण कारखाना एवं जंतु एवं पादप कोशिका देखने में लगा। स्कूल के निर्देशक, प्राचार्य, शिक्षक एवं अभिभावकों ने अच्छे प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार भी वितरण किया।

### चैनपुर बाजार क्षेत्र से सांसद आज करेंगे भाजपा सदस्यता अभियान का आगाज

**चैनपुर पलामू।** बाजार क्षेत्र से संगठन महापर्व भाजपा सदस्यता अभियान 2024 का शुभारंभ पलामू सांसद विष्णु दयाल राम 22 दिसंबर को प्रातः 11 बजे करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, प्रथम महापौर अरुणा शंकर शामिल होंगे। पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि 22 दिसंबर को 11 चैनपुर बाजार क्षेत्र से शुरू होने वाले संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनायें।

# ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पड़वा पलामू।** प्रखंड पंचायती राज विभाग ने ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हो गया। प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मनोज मिश्रा ने बताया कि सबकी योजना सबका विकास 2025-26 के सफल कार्यान्वयन के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित की गयी थी।

जिसमें शामिल लोगों से ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए कैसे काम करना होगा इस पर विशेष रूप से बताया गया। पंचायतीराज पदाधिकारी मनोज मिश्र ने प्रशिक्षण में शामिल सभी प्रशिक्षार्थियों से अपील की है कि यहां जो भी बातें बतायी गयी है उसका अक्षरशः पालन गांवों में करने की जरूरत है तभी गांव का सर्वांगीण विकास होगा। श्री मिश्र ने बताया कि सतत विकास के लक्ष्य को लेकर नौ विषयों को लेकर काम किया जायेगा।

# स्कूली बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं निखारने की जरूरत है : दुलारी देवी

- सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



उद्घाटन करते सुआ मुखिया दुलारी देवी व अन्य।

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के ग्राम सुआ स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में शनिवार को शिक्षक- अभिभावक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुआ मुखिया दुलारी देवी, स्कूल के वार्डेन अनिल ठाकुर, सुदर्शन ठाकुर, शिक्षक राजेंद्र प्रजापति, सतीश पांडेय, विद्यालय अध्यक्ष रीमा देवी ने किया।

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबों का मन मोह लिया। बच्चों ने एकल डांस, नाटक, नागपुरी डांस, ब्रेक डांस, ग्रुप डांस, क्विज प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सुआ मुखिया ने कहा कि स्कूली बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है बल्कि इसे निखारने की जरूरत है।

कहा कि सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय द्वारा बच्चों के शिक्षा के साथ सर्वांगीण विकास के लिए कला, खेलकूद समेत कई कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहे हैं जो सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज को जोड़ने व शिक्षक अभिभावक में समन्वय बढ़ाने में सहायक होता है।

**क्या कहती हैं वार्डेन :**

वार्डेन ने कहा कि स्कूल में बच्चों को शिक्षा, अनुशासन, खेलकूद, तकनीकी शिक्षा समेत कई तरह की शिक्षा प्रदान की जाती है। बच्चों के भविष्य संवारने व इनके सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित हैं। गरीब बच्चे आगे बढ़कर अपना नाम उज्वल करें। मौके पर एपीओ उज्वल मिश्रा, मनोज मिश्रा, राजीव ने बच्चों के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम से बच्चों के विकास का रास्ता खुलता है। कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करनेवाले बच्चों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# स्व रंजीत सिंह सह शहीद विष्णुदेव सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

›› खेल में अपना कैरियर बनायें युवा खिलाड़ी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन करते अतिथि व उपस्थित अन्य।

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के पूर्वडीहा पंचायत में स्व रंजीत सिंह सह शहीद विष्णुदेव सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता सह जिला महामंत्री ज्योति पांडेय, चैनपुर पूर्व जिला परिषद सदस्य बिकास चौरसिया (संटू चौरसिया) एवं पूर्वडीहा मुखिया प्रत्याशी विकास दुबे ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में शहीद विष्णुदेव सिंह एवं रंजीत सिंह के तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित की। क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन सत्र में सिंगरा और कांके कला के खिलाड़ियों ने भाग लिया। मौके पर भाजपा नेता ज्योति पांडेय ने कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण स्तर के खिलाड़ियों के खेल में निखार आता है। खेल के माध्यम से हमारा मन, मस्तिष्क और शरीर स्वस्थ रहता है। आज के समय में खेल में कई युवा अपना कैरियर बना रहे हैं। जरूरत है तो सिर्फ अपने हुनर को पहचान कर कड़ी मेहनत करने की। खेल में हम टीम भावना से खेलकर दोस्ताना संघर्ष में जितना सीखते हैं आज जरूरत है तो पलामू के खिलाड़ियों को प्रशासन की तरफ से उचित व्यवस्था देने की। इसमें मुरली सिंह, ठाकुर दयाल सिंह, चंदन सिंह, सुधीर सिंह, मुकेश सिंह, पंचम सिंह, मिथलेश सिंह, राजू सिंह आकाश सिंह, अनुज ठाकुर आदि भी थे।

## समय संवाद

अप्रतिम योद्धा के होने साथ महान कर्मयोगी गुरु गोविन्द सिंह उच्चकोटि के आध्यात्मिक चिंतक भी थे। उनकी ख्याति महान विद्वान, मौलिक विचारक, उत्कृष्ट लेखक, अनुपम संगठनकर्ता व रणनीतिकार के रूप में भी है। उनकी रचनाओं में बछित्तर नाटक (आध्यात्मिक जीवन दर्शन), चंडी चरित (मां दुर्गा की स्तुति), कृष्णावतार (भागवत पुराण के दशम स्कन्ध पर आधारित), गोविन्द गीत, प्रेम प्रबोध, जप साहब, अकाल स्तुति, चौबीस अवतार व नाममाला (पूर्व गुरुओं, भक्तों एवं संतों की वाणियों का संकलन) विशेष रूप से लोकप्रिय हैं। वे बहुभाषाविद थे।

# सैन्य, नैतिक तथा आध्यात्मिक विजय का अनूठा दस्तावेज



**इंद्रजीत सिंह डिंपल**

(धिक्कार पत्र जिसके पढ़ते ही औरंगजेब की सदमे से मौत हो गई थी।)

गुरु गोविन्द सिंह जी द्वारा अपने समकालीन बर्बर, कट्टर व मतान्ध मुगल शासक औरंगजेब को लिखे गये ऐतिहासिक पत्र जफरनामा को भारतीय इतिहास में आध्यात्मिकता, कूटनीति तथा शौर्य का अद्भुत संगम माना जाता है।

यह पत्र औरंगजेब के कुकृत्यों पर गुरु गोविंद सिंह की सैन्य, नैतिक तथा आध्यात्मिक विजय का अनूठा ऐतिहासिक दस्तावेज है।

कहा जाता है कि इस पत्र को पढ़कर वह बर्बर मुगल शासक भय व आत्मग्लानि के बोध से थर थर कांपने लगा था और सदमे में चला गया जिसके महज चंद दिनों उपरांत ही उसकी उसकी मृत्यु हो गयी थी।

**तलवार ही नहीं, कलम के भी धनी**

अप्रतिम योद्धा के होने साथ महान कर्मयोगी गुरु गोविन्द सिंह उच्चकोटि के आध्यात्मिक चिंतक भी थे। उनकी ख्याति



महान विद्वान, मौलिक विचारक, उत्कृष्ट लेखक, अनुपम संगठनकर्ता व रणनीतिकार के रूप में भी है। उनकी रचनाओं में बछित्तर नाटक (आध्यात्मिक जीवन दर्शन), चंडी चरित (मां दुर्गा की स्तुति), कृष्णावतार (भागवत पुराण के दशम स्कन्ध पर आधारित), गोविन्द गीत, प्रेम प्रबोध, जप साहब, अकाल स्तुति, चौबीस अवतार व नाममाला (पूर्व गुरुओं, भक्तों एवं संतों की वाणियों का संकलन) विशेष रूप से लोकप्रिय हैं। वे बहुभाषाविद थे। मातृभाषा पंजाबी के साथ संस्कृत, हिंदी, ब्रजभाषा, उर्दू, फारसी और अरबी भाषा पर उनका अच्छा अधिकार था। विभिन्न भाषाओं के 52 लोकप्रिय कवि, लेखक व विचारक उनके दरबार की शोभा बढ़ाते थे। सिख कानून को सूत्रबद्ध करने का श्रेय भी दशम गुरु को जाता है। यही नहीं, दशम ग्रंथ (दसवां खंड) लिखकर गुरु ग्रन्थ साहिबह्व को पूर्ण कर उसे गुरु का दर्जा भी इसी महामानव ने दिया था। कारण कि वे भली भांति इस तथ्य से अवगत थे कि सांसारिक स्थितियां व्यक्ति को पतित बना सकती हैं किन्तु शब्द व विचार सदैव शुद्ध व पवित्र ही रहते हैं।

जनसाधारण में सरबंसदानी, कलगीधर, दशमेश गुरु आदि नामों से जाने जाने वाले सिख धर्म की दसवीं जोत गुरु गोविन्द सिंह अपने जीवन का सारा श्रेय सर्वज्ञ प्रभु को देते हुए कहते है, मैं हूं परम पुरख को दासा, देखन आयो जगत तमाशा। आज हमारा समाज जिस तरह स्वार्थ, संदेह, संघर्ष, हिंसा, आतंक, अन्याय और अत्याचार की चुनौतियों से जूझ रहा है, उनमें गुरु गोविन्द सिंह का जीवन-दर्शन हम सबका सक्षम मार्गदर्शन कर सकता है। **(समाप्त)**

# सदगुरु एक ही हैं

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



सभी धर्मों, पंथ और संप्रदाय का मार्ग एक ही है और इस कारण भक्ति की उंची स्थिति में पहुंचना ही भक्त का उद्देश्य होना चाहिए। सनातन हिन्दू, इस्लाम, ईसाई सहित सभी धर्मों के गुरु का कार्य जीव का उद्धार कराना ही है। आज यह बड़ी बात है कि सगुण के रूप में सदगुरु के दर्शन और श्रवण का लाभ मिल रहा है। एक भक्त पटना आश्रम में आते थे। वृद्ध थे और रामायण की अच्छी जानकारी थी। लगभग चार-पांच साल तक आने के बाद भी वे मंत्र दीक्षा नहीं ले रहे थे। उन्हें शिकायत भी थी कि उनके मित्र और सहयोगी उन्हें दीक्षा लेने पर जोर दे रहे हैं। लगभग पांच साल ब्रह्म विद्यालय और आश्रम के पटना और मुख्य स्थान तक जाने के बाद उन्होंने अपनी शंका जाहिर की कि गुरुदेव हमने देवराहा बाबा से दीक्षा ली है तब क्या ब्रह्म विद्यालय की दीक्षा ली जा सकती है।

लोग कहते हैं एक ही गुरु किया जाना चाहिए। यह सच है कि एक गुरु होना चाहिए। लेकिन गुरु तत्व पूरे संसार में एक ही है। आवश्यकता है आप जीवन में इसे अपना लें। उन्होंने मंत्र दीक्षा भी ली और सन्यासी भी बन गये। गुरु पद है उसे स्वीकार्य किया जाना चाहिए। वे अति विनम्र और मधुर बोलने वाले थे। गुरु के प्रति आपका प्रेम और समर्पण आपको बड़े ही शानदार ढंग से लौटता है। इस का साक्षात उदाहरण हमारे दरबार में एक नहीं अनेकों हैं।

जीव के उद्धार के लिए परम पूज्यनीय स्वामी शिवधर्मानंद जी ने जो वाणी और व्यवहार अपनाया वर्तमान समय में वह ज्ञान और भक्ति की संपूर्ण उंचाई का सर्वोच्च उदाहरण है। जब गढ़वा घाट काशी बनारस के स्वामी जी ने स्वामी शिवधर्मानंद जी को गंगा पार भेजा तो एक भी व्यक्ति सहयोग के लिए नहीं था। उन्हें एक गांव में भेज दिया। आज वही गांव पूरे देश में तत्व ज्ञान के प्रचार प्रसार का केन्द्र बना। स्वामी रामकृष्ण परमहंस की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि काली मां के प्रति उनका जो प्रेम था उनका भाव था जिसमें रात-दिन डूबे रहते थे। स्वामी तोतेपूरे ने उन्हें ज्ञान का अहसास करा दिया। स्वामी रामकृष्ण उस परमतत्व को प्राप्त कर गुरु पद को सुशोभित किया। कार्यक्रम में भक्तों ने मंत्र दीक्षा प्राप्त की।

जैसे-जैसे आप गुरु से जुड़ते हैं वैसे-वैसे संसारिक से आपका संबंध कम होता जाता है। धीरे-धीरे आप भक्ति में जीते हुए गुरुमुख हो जाते हैं और आप जीव मुक्ति का मार्ग प्राप्त कर लेता है। निश्चित ही हम उसकी पूर्णता को समझ पाने में सफल होते हैं।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

# प्रमोशन सफलता की गांरटी नहीं

आजकल फिल्मों का प्रमोशन का बजट सैकड़ों करोड़ तक बढ़ चुका है। लेकिन महंगा प्रचार किसी बड़ी हिट की गारंटी नहीं।

ब्रह्मास्त्र-100 करोड़ रुपये, जवान-70 करोड़ रुपये, पठान-50 करोड़ रुपये। यह रकम इन फिल्मों की लागत नहीं है,यह रकम इनके प्रमोशन की है। इनके बन जाने के बाद और थियेटर में पहुंचने के पहले की प्रचार कवायद का खर्चा है। आजकल बड़े सितारों वाली बड़े बजट की फिल्मों का प्रमोशन का बजट इतना बढ़ चुका है कि किसी जमाने में बड़े-बड़े निर्देशक इतने बजट की फिल्म का सपना देखा करते थे। जब अनिल कपूर और श्रीदेवी स्टारर फिल्म ह्यरूप की रानी, चोरों का राजा 25 करोड़ रुपये में बनी थी, तो उसके प्रचार पोस्टरों में यह रकम भी लिखी गई थी ताकि देखने वाले दर्शक हैरान हो जाएं?

**आक्रामक प्रचार का हासिल**

मगर क्या फिल्मों का यह भारी-भरकम प्रमोशन बजट और आक्रामक तरीके से एक साथ कई प्लेटफॉर्म पर किया गया फिल्मों का प्रचार,उसकी सफलता की 100 फीसदी गारंटी है? निश्चित रूप से आक्रामक प्रचार किसी फिल्म की सफलता की गारंटी नहीं है। लेकिन इस आक्रामक प्रचार के जरिये फिल्म के पहले तीन, चार दिन या अधिकतम एक हफ्ते तक एडवांस बुकिंग के जरिये जबर्दस्त तरीके से दर्शकों को खींचा जा सकता है, इस रणनीति में अगर फिल्म सफल नहीं भी होती, तो भी वह काफी हद तक अपनी लागत निकाल लेती है।

**दर्शक को निर्णय लेने में मददगार**

दरअसल आजकल थियेटर में फिल्म देखना बहुत खचीर्ला शगल बन गया है। साधारण आदमी आजकल थियेटर तक जाने के पहले दस बार सोचता है। क्योंकि 90 फीसदी थियेटर मल्टीप्लेक्स का हिस्सा हो गये हैं और यहां एक फिल्म देखना कम से कम 800 से 1000 रुपये का खर्च है। इसलिए दर्शक महंगी टिकट खरीदने के पहले उस फिल्म के बारे में काफी कुछ जान लेना चाहता है।

**ट्रेंड करने की मजबूरी**

सोशल मीडिया पर ट्रेंड करना, इन दिनों सफलता के पूर्व माहौल बनाने के लिए बहुत जरूरी हो चुका है और सोशल मीडिया में ट्रेंड कोई फिल्म तभी कर पाती है, जब वह डिजिटल मार्केटिंग के जरिये अंधाधुंध प्रचार करती है। इंस्टाग्राम, रील्स, यू-ट्यूब वीडियो और ट्विटर पर बड़े बजट की फिल्म के लिए प्रचार करना जरूरी हो गया है। क्योंकि कोई भी निमार्ता, निर्देशक अपनी खराब कहानी वाली फिल्मों को शुरूआती दर्शकों के वर्ल्ड ऑफ माउथ का शिकार नहीं होने देना चाहता।

# स्वाद ही नहीं औषधीय गुण के तड़के

**हरीशचंद्र पांडे**

भारतीय रसोईघरों में हींग, जीरा, राई, इलायची, अजवाइन आदि का छौंक नियमित रूप से लगाया जाता ही है। छौंक लगाने से दाल-सब्जी व कढ़ी आदि का जायका बढ़ जाता है। पर यह छौंक अपने आयुर्वेदिक गुणों के हिसाब से भी बहुत महत्वपूर्ण है। मिसाल के तौर पर हींग को ही लीजिए। सब जानते हैं कि हींग का छौंक लगाना दाल-सब्जी के जायके को बढ़ाएगा।

**पाचन में सहायक हींग**

गरम तेल में जीरे, राई व सौंप के साथ छौंक लगाने में हींग इस्तेमाल किया जा सकता है या फिर सब्जी पक जाने के बाद ऊपर से तड़का लगाते समय भी। नियमित रूप से हींग का खाने में उपयोग पेट को स्वस्थ और पाचन को दुरुस्त रखता है। हींग, पेट के मरोड़ और अपच से राहत दिलाता है।

**भूख बढ़ाए अदरक**

शायद कुछ ही लोग ऐसे होंगे, जिन लोगों को अदरक कम पसंद होगा। छौंक में डाला जाता है तो इसकी महक ही भूख जगा देती है। गोभी, मटर, गाजर, आलू आदि की सब्जी बगैर अदरक के छौंक के बेस्वाद सी लगती है। गरम तेल में अदरक के बारीक टुकड़े का छौंक बहुत स्वादिष्ट लगता है। अदरक-लहसुन को एक साथ भी छौंक लगाने में इस्तेमाल किया जाता है। अदरक पेट की गैस को मिटाता है। अदरक से पेट के कीड़े मर जाते हैं।

**जायफल का जायका**

आपको शायद ये लगता हो कि इसे अधिकतर दाल और पनीर आदि में ही इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन सब्जी छौंकते समय थोड़ा-सा जायफल अगर इस्तेमाल करें तो सब्जी की खुशबू और उसके जायके में बहुत फर्क पड़ेगा। हर मौसम में जायफल भोजन को सुपाच्य बनाता है व शरीर को सुरक्षात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। जायफल त्वचा के लिए बेहद लाभकारी है। इससे पेशाब का संक्रमण को कम करने में मदद मिलती है व गठिया के दर्द से राहत देता है।

**स्वाद बदलने वाली इलायची**

इलायची दो तरह की होती है। छोटी हरे रंग की व बड़ी काली। यह लौकी और मूली जैसी सादी सब्जी के स्वाद को काफी बदल सकती है और स्वाद को बहुत बढ़ा सकती हैं। यह वजन को नियंत्रित करती है।

**जीरा मसाला भी, औषधि भी**

हम अधिकतर घर में सब्जी बनाते हैं तो जीरा ही छौंक के लिए इस्तेमाल करते हैं। जीरा न केवल स्वाद देता है आयुर्वेदिक औषधि का काम करता है। यह शरीर का तापमान संतुलित रखता है। छौंक में नियमित जीरा इस्तेमाल किया जाये तो वजन भी घटता है। जीरा भूख बढ़ाता है वहीं इसमें आयरन भरपूर होता है।

**अरबी-अजवाइन का मेल**

अजवाइन का छौंक भी बहुत महत्वपूर्ण है। कढ़ी, सालन, अरबी की रस वाली सब्जी आदि तो अजवायन के छौंक बगैर अधूरी ही हैं। यो तो अजवाइन का स्वाद तीखा और कड़वा होता है पर अजवाइन के छौंक को औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है। जुकाम-फ्लू से बचने के लिए आप हर व्यंजन में अजवाइन का छौंक लगाकर भोजन का आनंद ले सकते हैं।

**त्रिदोष ठीक करने वाली राई**

राई का छौंक तो गट्टे की सब्जी हो, कढ़ी हो या रायता हो सबमें स्वाद भर देता है। इसका छौंक सिर दर्द, कान के रोग, खुजली, कुष्ठ रोग, पेट की बीमारी में फायदेमंद होता है। यह अपच, भूख की कमी, बवासीर और गठिया में भी लाभदायक होता है।




**मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9**

**वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9**

**मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8**

**कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9**

**सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9**

**कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9**

**तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9**

**वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8**

**धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9**

**मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8**

**कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7**

**मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9**

# गाडा टोला का लोकार्पण सह कृति परिचर्चा

**डॉ प्रज्ञा गुप्ता**

**रास्ते हों**
**तो दरख्त भी हों**
**कविता में इतनी छांव**
**जरूरी है**
**-राही डूमरचीर**

डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण, शोध संस्थान राँची में प्रगतिशील लेखक संघ, राँची के तत्वावधान में राही डूमरचीर की प्रथम काव्य -कृति गाडा टोला का लोकार्पण सह कृति परिचर्चा आयोजित की गई ।अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए डॉ अशोक प्रियदर्शी ने कहा की गाडा टोला की कविताएँ हमें मौन में ले जाती हैं। इन कविताओं को पढ़ते हुए कवि की भावना के साथ हम सहज रूप से जुड़ जाते हैं ।मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए प्रसिद्ध आलोचक प्रोफेसर रविभूषण ने कहा कि इस वर्ष प्रकाशित हिंदी के 10 अच्छे कविता संग्रहों में से ह्यगाडा टोलाह्ल एक है ।समकालीन हिंदी कविता के परिदृश्य में यह काव्य कृति अपनी शानदार उपस्थित रखेगी। राही डूमरचीर नवीन दृष्टि संपन्न ,गहन संवेदना के कवि हैं। वह स्थानिकता के साथ-साथ वैश्विकता के कवि हैं। वे लोकल, नेशनल, ग्लोबल प्रश्न उनके यहां एक साथ मौजूद हैं। यथार्थ -बोध ,जीवनबोध, इतिहास बोध ,समयबोध सब एक साथ उनके यहां दर्ज है। कम शब्दों में वे बड़े सवाल उठाते हैं। समकालीन हिंदी कविता में उनकी उपस्थिति दमदार है। राही डूमरचीर की कविताएँ बदलते समय की तकलीफ को अभिव्यक्त करती कविताएँ हैं ।विशिष्ट वक्ता के तौर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ माया प्रसाद ने कहा कि राही डूमरचीर की कविताएँ हमें प्रकृति से जोड़ती हैं। इन कविताओं में पूरे प्रदेश के दोहन की व्यथा अभिव्यक्त है ।कवि की कविताएँ नये सौंदर्यबोध से संपृक्त हैं और अनूठी हैं। बीजवकतव्य देते हुए प्रसिद्ध कथाकार रणेंद्र ने कहा कि राही डूमरचीर की कविताएँ जल ,जंगल, जमीन, हवा और खुशबू की बात करती कविताएँ हैं ।यहाँ के गाँव- घर आदिवासी दर्शन को






कहती कविताएँ हैं। सहजता से अपनी बात रखना इन कविताओं की एक बड़ी खूबसूरती है। इस अवसर पर साहित्यकार महादेव टोप्पो ने कहा कि राही डूमरचीर आदिवासी दर्शन को लेकर जिस तरह से कविताएँ रच रहे हैं वह हिंदी कविता को आश्वस्त करती हैं। इस अवसर पर युवा आलोचक डॉ जिंदर सिंह मुंडा ने कहा कि राही की कविताओं में प्रयुक्त शब्द हमें नई शब्दावली देते हैं ।राही ने अपनी कविता में संताली के कई सुंदर शब्दों को सहज रूप से स्थान दिया है ;वह हिंदी भाषा को समृद्ध करता है ।साथ ही उनकी प्रेम की कविताएँ एक नए कलेवर में सामने आती हैं,नये बिम्ब हैं- **आज**
**फिर से तुम पर**
**नहीं लिख पाया कुछ**
**लिखना शुरू करूँ तो**
**जंगल में भागती**
**पगडंडी हो जाती हो तुम।** इस अवसर पर डॉ उर्वशी, डॉ सावित्री बडाईक, डॉ प्रज्ञा गुप्ता साहित्यकार प्रमोद झा, आलोचक -चिंतक सुधीर सुमन, कवि प्रकाश देवकुलिश ,कहानीकार पंकज मित्र ने भी अपने विचार रखें। कवि राही डूमरचीर, कहानीकार रश्मि शर्मा, कहानीकार कमल, कवयित्री सुरेंद्र कौर नीलम, चित्रकार भारती, कवि प्रेम रंजन अनिमेष, कहानीकार चंद्रिका ठाकुर, फिल्मकार निरंजन शब्द कार टीम के सदस्य, रांची विश्वविद्यालय हिंदी विभाग के शोधार्थी एवं छात्र, रांची विमेंस कॉलेज की छात्राएँ एवं बड़ी संख्या में साहित्य अनुरागी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कवि चेतन कश्यप ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन कवयित्री पार्वती तिर्की ने किया।

# ध्यान से जीवन सुखमय, सत्यानंद योग मिशन के स्वामी मुक्तरथ ने कराया अभ्यास



**स्वामी मुक्तरथ**

सत्यानंद योग मिशन द्वारा न्यायिक एकेडमी,डीएवी कपिलदेव,सत्यानंद योग मिशन सरोवर नगर में ध्यान दिवस के अवसर पर सामूहिक ध्यान का अभ्यास किया गया। इस अवसर पर स्वामी मुक्तरथ ने कहा कि

योग सही तरह से जीने का विज्ञान है और इस लिए इसे दैनिक जीवन में शामिल किया जाना चाहिए। यह हमारे जीवन से जुड़े भौतिक, मानसिक, भावनात्मक, आत्मिक और आध्यात्मिक, आदि सभी पहलुओं पर काम करता है। योग का अर्थ एकता या बांधना है। इस शब्द की जड़ है संस्कृत शब्द युज, जिसका मतलब है जुड़ना। आध्यात्मिक स्तर पर इस जुड़ने का अर्थ है सार्वभौमिक चेतना के साथ व्यक्तिगत चेतना का एक होना। व्यावहारिक स्तर पर, योग शरीर, मन और भावनाओं को संतुलित करने और तालमेल बनाने का एक साधन है। यह योग या एकता आसन, प्राणायाम, मुद्रा, बँध, षट्कर्म और ध्यान के अभ्यास के माध्यम से प्राप्त होती है। तो योग जीने का एक तरीका भी है और अपने आप में परम उद्देश्य भी।

योग सबसे पहले लाभ पहुँचाता है बाहरी शरीर (फिज़िकल बॉडी) को, जो ज्यादातर लोगों के लिए एक व्यावहारिक और परिचित शुरूआती जगह है। जब इस स्तर पर असंतुलन का अनुभव होता है, तो अंग, मांसपेशियां और नसें सद्भाव में काम नहीं करते हैं, बल्कि वे एक-दूसरे के विरोध में कार्य करते हैं।

बाहरी शरीर (फिज़िकल बॉडी) के बाद योग मानसिक और भावनात्मक स्तरों पर काम करता है। रोजमर्रा की जिंदगी के तनाव और बातचीत के परिणामस्वरूप बहुत से लोग अनेक मानसिक परेशानियों से पीड़ित रहते हैं। योग इनका इलाज शायद तुरंत नहीं प्रदान करता लेकिन इनसे मुकाबला करने के लिए यह सिद्ध विधि है।

पिछली सदी में, हठ योग (जो की योग का सिर्फ.एक प्रकार है) बहुत प्रसिद्ध और प्रचलित हो गया था। लेकिन योग के सही मतलब और संपूर्ण ज्ञान के बारे में जागरूकता अब लगातार बढ़ रही है।

**योग के लाभ -**

शारीरिक और मानसिक उपचार योग के सबसे अधिक ज्ञात लाभों में से एक है। यह इतना शक्तिशाली और प्रभावी इसलिए है क्योंकि यह सद्भाव और एकीकरण के सिद्धांतों पर काम करता है।

योग अस्थमा, मधुमेह, रक्तचाप, गठिया, पाचन विकार और अन्य बीमारियों में चिकित्सा के एक सफल विकल्प है, खास तौर से वहाँ जहाँ आधुनिक विज्ञान आजतक उपचार देने में सफल नहीं हुआ है। एचआईवी (ल्कश) पर योग के प्रभावों पर अनुसंधान वर्तमान में आशाजनक परिणामों के साथ चल रहा है। चिकित्सा वैज्ञानिकों के अनुसार, योग चिकित्सा तंत्रिका और अंतःस्त्रावी तंत्र में बनाए गए संतुलन के कारण सफल होती है जो शरीर के अन्य सभी प्रणालियों और अंगों को सीधे प्रभावित करती है।

अधिकांश लोगों के लिए, हालांकि, योग केवल तनावपूर्ण समाज में स्वास्थ्य बनाए रखने का मुख्य साधन हैं। योग बुरी आदतों के प्रभावों को उलट देता है, जैसे कि सारे दिन कुर्सी पर बैठे रहना, मोबाइल फोन को ज्यादा इस्तेमाल करना, व्यायाम ना करना, गलत खान-पान रखना इत्यादि।इनके अलावा योग के कई आध्यात्मिक लाभ भी हैं। इनका विवरण करना आसान नहीं है, क्योंकि यह आपको स्वयं योग अभ्यास करके हासिल और फिर महसूस करने पड़ेंगे।

हर व्यक्ति को योग अलग रूप से लाभ पहुँचाता है। तो योग को अवश्य अपनायें और अपनी मानसिक, भौतिक, आत्मिक और अध्यात्मिक सेहत में सुधार लायें।

(सत्यानंद योग मिशन, रांची)

स्पीड न्यूज

## ठंड से बचने के लिए जलाई आग, झुलसने से वृद्ध की हालत गंभीर

**हटरगंज।** थाना क्षेत्र के डाहा गांव में शनिवार तड़के 4 बजे ठंड से बचने के लिए आग जला रहे गनौरी दास (70) हादसे का शिकार हो गए। खाट के नीचे जलाई गई आग ने अचानक विकराल रूप ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गए। गंभीर अवस्था में उन्हें तुरंत हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत को देखते हुए गया के मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। गनौरी दास के पुत्र जोधी दास ने बताया कि ठंड के कारण उनके पिता ने खाट के नीचे आग जलाई थी और नींद में आग की चपेट में आ गए। ग्रामीणों ने समय रहते आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक गनौरी दास बुरी तरह झुलस चुके थे।

## जमीनी विवाद में मारपीट, पिता-पुत्र समेत मां गंभीर रूप से घायल



**हंटरगंज।** थाना क्षेत्र के डाहा गांव में शुक्रवार देर शाम करीब 8 बजे गाली-गलौज को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में पिता-पुत्र समेत मां गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान डाहा निवासी संजय यादव, अंजू देवी, और महावीर कुमार के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलने पर हंटरगंज थाना प्रभारी मनीष कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया।घायल संजय यादव की बेटी ने बताया कि पड़ोसियों ने बेवजह घर आकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उनके पिता, मां और भाई पर हमला कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यह घटना पुराने जमीनी विवाद और रंजिश का परिणाम है। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## प्रयत्न माइक्रोफाइनेंस के पूर्व फील्ड स्टाफ पर चोरी का आरोप, मामला दर्ज

**कोडरमा।** प्रयत्न माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड शाखा कोडरमा के पूर्व फील्ड स्टाफ मिथलेश कुमार सिन्हा पर 75,582 रुपये चोरी करने का आरोप लगाते हुए कोडरमा थाना में मामला दर्ज कराया गया है। कांड संख्या 262/24 में दर्ज मामले में माइक्रो फाइनेंस कंपनी के डीआरएम पंचानन्द कुमार ने कहा है कि आरोपी मिथलेश कुमार सिन्हा विगत 4 सितंबर 2023 में जॉइन किया था, जून 2024 में आरोपी के द्वारा कम्पनी के लॉकर में से 75,582 रुपये की चोरी कर भाग गया तथा कम्पनी से सम्पर्क तोड़ दिया।

## पेंशनर समाज का स्थापना दिवस 23 को

**कोडरमा।** आगामी 23 दिसंबर सोमवार को पेंशनर समाज कार्यालय परिसर में पेंशनर्स दिवस के अवसर पर स्थापना दिवस मनाया जाएगा एवं कार्यक्रम में वरिष्ठ महिला एवं पुरुष पेंशनर्स को सम्मानित भी किया जाएगा। वहीं पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी, सचिव नारायण सिंह एवं संयुक्त सचिव रामनरेश चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक डॉ.नीरा यादव और उपायुक्त मेघा भारद्वाज उपस्थित रहेंगी। पेंशन भोगियों से उपस्थित होने की अपील की।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया मंडल कारा का औचक निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक में कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी ने शनिवार को मंडल कारा कोडरमा का औचक निरीक्षण किया। इसके सभी वार्डो में बंदियों से मिल कर उनका कुशल क्षेम पूछा तथा जेल प्रशासन के द्वारा बंदियों को दी जाने वाली सुविधाओ के बारे में विस्तृत जानकारी ली। वहीं प्रधान



जिला जज बाल कृष्ण तिवारी ने मंडल कारा कोडरमा में रह रहे बंदियों की वास्तविक स्थिति एवं जेल प्रशासन द्वारा उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा समय-समय पर मंडलकारा का निरीक्षण कर बंदियों की वास्तविक स्थिति एवं जेल प्रशासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर रिपोर्ट भेजे जाने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान जेल परिसर में साफ़ सफाई आवश्यक रख रखाव स्वास्थ्य एवं अन्य सुविधाओं सहित रसोई घर शौचालय एवं अन्य सभी चीजों का निरीक्षण कर उन्हें ठीक ठाक स्थिति में रखने को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं बंदियों को जेल मैनुवल के अनुसार समुचित भोजन, स्वच्छ पेयजल सहित अन्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिया। वहीं जेल निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, न्यायाधीश प्रभारी शिवांगी प्रिया, कोर्ट मेनेजर सैयद ताजदार हसन, सहायक जेलर अभिषेक कुमार, कार्यालय अधीक्षक अजय प्रकाश एवं कार्यालय प्रधान अनिल कुमार भी मौजूद थे।

## नवजात की मौत की जांच के लिए पहुंची स्वास्थ्य टीम



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत बनपोक स्थित तुरिया मुहल्ला में घनश्याम तुरी के एक माह तीन दिन आयु के नवजात शिशु सन्नी कुमार के मौत मामले की जांच के लिए सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार एवं जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ कुलदीप कुमार के संयुक्त निर्देश पर डॉ. दिनेश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य टीम तुरिया मुहल्ला पहुंची और नवजात शिशु मौत मामले की जांच किया। जांच के दौरान नवजात शिशु के पिता घनश्याम तुरी ने बताया कि उसके बच्चे की मौत वैक्सीन से नही बल्कि ठण्ड लगने से हुआ है। इस दौरान डॉ.दिनेश ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के अफवाह में नही पड़े, वैक्सीन से किसी की मौत नही होती है, बल्कि यह कई रोगों से शिशुओं का बचाव करती है। उन्होंने ग्रामीणों को कहा की शिशुओं को विभिन्न प्रकार के जानलेवा रोगों से बचाव के लिए निर्भीक होकर वैक्सीन लगवाएं। गौरतलब हो कि घनश्याम तुरी के नवजात की मौत शनिवार की सुबह हो गयी थी, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम तुरिया मुहल्ला पहुंची और ग्रामीणों की शंका को दूर करते हुए निर्भीक होकर बच्चों को वैक्सीन लगाने की सलाह दिया। मौके पर बीपीएम धर्मेंद्र राम, रंजय सिंह, अरविंद कुमार, बालमुकुंद राम, प्रदीप कुमार, निभा देवी, गुंजा कुमारी आदि मौजूद थे।

## क्रिसमस और नववर्ष आगमन को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

### विशेष निगरानी और विधि व्यवस्था चाक चौबंद रखने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** क्रिसमस और नववर्ष आगमन पर पिकनिक और पर्यटन स्थलों में उमड़ने वाली भीड़ को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में शामिल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिले के विभिन्न पिकनिक और पर्यटन स्थलों पर क्रिसमस और नववर्ष आगमन को लेकर पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ती है, खास कर 25 और 31 दिसम्बर तथा 1 जनवरी



को अत्यधिक भीड़ होने की संभावना रहती है, ऐसे में जिले के तिलैया डेम, वृन्दाहा, पंचखेरो जलाशय, ध्वजाधारी धाम, पार्कों, जल प्रपातों व अन्य पिकनिक स्थलों पर कोई अप्रिय घटना घटित न हो इस पर विशेष सतर्कता बरतें, जिले के सभी पिकनिक स्थलों पर विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखें, बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के पर्यटन पिकनिक स्थलों पर नोडल पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त करते हुए अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिया। इसके अलावे डेम, जलप्रपात के नजदीक पुलिस आउट पोस्ट की व्यवस्था करने, पिकनिक स्थलों तक जाने वाले मार्गों पर गश्ती करने, वाहनों के गति पर निगरानी रखने आदि का निर्देश दिया।

## पति-पत्नी आपसी विवाद में पति ने कर ली आत्महत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** चंदवारा प्रखंड अंतर्गत तिलैया डैम ओपी पिपराडीह में एक 28 वर्ष आशीष दास पिता शोभा दास ने पति पत्नी में आपसी विवाद के कारण अपने ही घर में फांसी लगा कर आत्म हत्या कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार आशीष दास दो भाई थे और दोनों अलग अलग रहते थे। वहीं मिर्तिका के पिता शोभा दास बता रहे हैं की हमलोग सभी घर में ही थे और ये दोनों पति पत्नी में कल से ही कुछ बात के लेकर झगड़ा हो रहा था, जिसमे पत्नी के कुछ आशब्द कहने पर पति ने तीन घंटे के अंदर अपने कमरे में जाकर पंखे में रस्सी के सहारे फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। जब गांव वाले को इसकी जानकारी मिली तो लोग दरवाजा तोड कर उसे फंदे से उतारकर सदर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मिर्तिका के एक डेढ़ साल का बेटा है। वहीं परिजनों का रो-रो का बुरा हाल है।

## शिविर में कई आवेदन प्राप्त, समस्याओं का समाधान




खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत भवन परिसर में शनिवार को 'प्रशासन गांव की ओर' योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता मुखिया सरिता देवी ने की। शिविर का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा, जिप सदस्य अनीता देवी, उप प्रमुख प्रीतम यादव, और उप मुखिया गणेश सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे, जहां ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया और योजनाओं की जानकारी दी गई। खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 15 लोगों को धोती और साड़ी का वितरण किया गया। वहीं, मनरेगा योजना के तहत 10 लोगों को लेबर कार्ड प्रदान किए गए। अधिकारियों ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य सरकारी योजनाओं की जानकारी को जन-जन तक पहुंचाना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है।

यह प्रशासन की प्राथमिकता है कि ग्रामीणों को सरकारी लाभ समय पर मिले। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन दिया, जिनमें से कई का तत्काल समाधान किया गया। मौके पर समाजसेवी बसंत नारायण सिंह, अजय कुमार सिंह और प्रखंड के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीओ ने ग्रामीणों के खिलाफ की एसडीओ से शिकायत



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बरियारडीह मुख्य मार्ग स्थित मरकच्चो दरगाह मोहल्ला व तूरिया मोहल्ला स्थित लगातार सड़क पर पानी बहाने को लेकर सीओ द्वारा एसडीओ को लिखित आवेदन देकर अग्रेतर कार्रवाई के लिए भेजा गया है। ज्ञात हो कि मरकच्चो दरगाह मोहल्ला में अगल-बगल के लोग मुख्य मार्ग पर पानी बहाया करते हैं। जिसे लेकर सीओ परमेश्वर कुशवाहा एवं थाना सौरभ कुमार शर्मा के द्वारा बार-बार मना करने एवं नोटिस देने के बाद भी रोड पर पानी बहाते रहे। जिसके कारण आने जाने वाले राहगीरों विद्यालय के छोटे बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। आवेदन में केदार मोदी पिता चुनडु मोदी, सोनू कुमार पिता दामोदर मोदी, राजेंद्र साव पिता विशेश्वर साव, मनीर अंसारी पिता दुखन मियां, अरुण साव पिता स्च. महरू साव, कमरुद्दीन अंसारी पिता स्व. इदरीस अंसारी, मंगरु मियां पिता इदरीश मियां, केदार साव पिता चुडी साव, करू शेख व अविद शेख पिता गरीब सेख, भिखारी राणा व श्यामसुंदर राणा वो प्रभु राणा वो उपेंद्र राणा पिता वासुदेव राणा, शंकर राणा वो प्रकाश राणा वो प्रदीप राणा पिता झरी राणा, हरि राणा वो महेंद्र राणा पिता स्व बद्री राणा, मो.इसराइल अंसारी पिता कबीर उद्दीन अंसारी, कुर्बान अंसारी पिता सरफुद्दीन अंसारी, रशीद अंसारी पिता गुलाम मुस्तफा, विनोद सिंह पिता सरस्वती सिंह, अजीम उद्दीन शेख पिता मुस्लिम मियां सभी मरकच्चो निवासी के नाम शामिल हैं।

## भालू के हमले से एक युवक घायल

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मसनोडीह पंचायत के जियोरायडीह निवासी डोमन बिरहोर को शनिवार की सुबह भालू ने हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। जिसे ग्रामीणों ने इलाज के लिए रेफरल अस्पताल डोमचांच लाया, जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं गंभीर रुप से घायल डोमन बिरहोर ने बताया कि वह बकरी चराने गोलगो जंगल गया था, जहां भालू एक झाड़ी में छुपा था, जैसे ही हम आगे बढ़े भालू ने हमला कर दिया।

## भद्रकाली महाविद्यालय में पारंपरिक औषधि पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के तत्वावधान में 'पारंपरिक औषधि और स्वास्थ्य' विषय पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दुलार ठाकुर ने की। सेमिनार का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मुख्य अतिथि योगगुरु शंकर चंद्रवंशी सहित विशिष्ट अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। स्वागत गीत सरिता कुमारी और प्रीति कुमारी ने प्रस्तुत किया। रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. लीलू रानी



ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि पारंपरिक औषधियां स्वास्थ्य के लिए अधिक सुरक्षित हैं और इनके उपयोग से कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने रासायनिक दवाओं के दुष्प्रभावों की तुलना में औषधीय जड़ी-बूटियों के लाभों पर प्रकाश डाला। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. मधुबाला कुमारी ने पारंपरिक औषधियों और नेचुरोपैथी के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि इनका सही मात्रा में उपयोग स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। उन्होंने कई औषधीय पौधों के उपयोग और उनके गुणों की जानकारी साझा की।

मुख्य अतिथि योगगुरु शंकर चंद्रवंशी ने योग, प्राकृतिक चिकित्सा और पारंपरिक औषधियों को प्राचीन ऋषि-मुनियों की प्रमाणिक विधि बताते हुए इनके महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति में सभी वनस्पतियां औषधीय गुणों से भरपूर हैं, जिनका सही उपयोग स्वास्थ्य के लिए वरदान है। प्राचार्य डॉ. दुलार ठाकुर ने स्वस्थ जीवन के लिए प्राकृतिक औषधियों और जीवनशैली में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रकृति में स्वस्थ जीवन जीने का खजाना छिपा है, जिसे अपनाने की जरूरत है।कार्यक्रम में प्रो. श्याम सुंदर प्रसाद, डॉ. इभा सिन्हा, प्रो. बालेश्वर पासवान सहित कई शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन डॉ. संदीप कुमार ने किया और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. ललित मोहन सिन्हा ने दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

एक नजर में

## थाना प्रभारी पर 20 लाख रिश्वत मांगने का आरोप, वायरल ऑडियो से मचा हड़कंप



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के जोरी वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र में एक कथित ऑडियो क्लिप के वायरल होने से हड़कंप मच गया है। इस ऑडियो में एक व्यक्ति थाना प्रभारी के हवाले से किसी केस को रफा-दफा करने के लिए 20 लाख की मांग करते हुए सुनाई दे रहा है।

बातचीत में यह भी कहा जा रहा है कि 20,000 की तत्काल भुगतान से मामला सुलझाया जा सकता है। हालांकि, इस ऑडियो की सत्यता की अब तक पुष्टि नहीं हुई है। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने वायरल ऑडियो को फर्जी करार देते हुए इसे उनकी छवि खराब करने की साजिश बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका इस मामले से कोई संबंध नहीं है और जांच में सच सामने आ जाएगा।

ऑडियो में बातचीत से प्रतीत होता है कि किसी भुक्तभोगी से केस को सुलझाने के बदले पैसे की मांग की गई थी। वायरल ऑडियो में व्यक्ति एसआई और 'बड़ा बाबू' का जिक्र करते हुए लेन-देन की बातचीत कर रहा है। इस मामले के सामने आने के बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस महकमे में हलचल मच गई है। क्षेत्रीय लोगों ने इस घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की है। फिलहाल, घटना ने जिले में चर्चा का माहौल गर्म कर दिया है।

## तिलैया गांव में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन



खबर मन्त्र संवादाता

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के तिलैया गांव में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चतरा के निर्देशानुसार 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रखंड पीएलवी शंभु कुमार राणा ने ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी विषयों पर जागरूक किया। उन्होंने नशा उन्मूलन, साइबर अपराध और विक्टिम मुआवजा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा से होने वाले सामाजिक और शारीरिक नुकसान से बचाव कैसे किया जा सकता है। साथ ही, साइबर अपराध से बचने और विक्टिम कंपनसेशन के तहत मुआवजा प्राप्त करने की प्रक्रियाओं पर भी प्रकाश डाला। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और कानूनी जानकारियों का लाभ उठाया। इस तरह के जागरूकता शिविरों से ग्रामीणों में कानूनी समझ बढ़ाने और उनके अधिकारों के प्रति सजगता लाने का प्रयास किया जा रहा है।

## अनियंत्रित बोलेरो की चपेट में आने से 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** इटखोरी थाना क्षेत्र के पितीज बंगला पर शनिवार को एक अनियंत्रित बोलेरो की चपेट में आने से पितीज निवासी सरजू साव (55) की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, बोलेरो चालक और उसमें सवार सभी लोग नशे में थे, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही इटखोरी पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर चतरा सदर अस्पताल पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस ने अनियंत्रित बोलेरो और उसके चालक को भी हिरासत में लेकर थाने पहुंचा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि नशे में होने के कारण वाहन चालक तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था, जिससे यह हादसा हुआ। इस घटना से पितीज गांव में शोक का माहौल है।

## हाईवा की चपेट में आने से पालतू कुत्ते की मौत, मालिक ने सड़क किया जाम



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के गोसाई टीलहा के समीप शनिवार को तेज रफ्तार बेलगाम हाईवा की चपेट में आने से गिद्धौर निवासी जयप्रकाश दांगी के पालतू कुत्ते की मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित होकर जयप्रकाश दांगी ने सड़क पर जाम लगा दिया, जिससे हाईवा वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए सड़क से जाम हटवाया। जयप्रकाश दांगी ने पुलिस और प्रशासन से मांग की कि गिद्धौर के फुटबॉल मैदान से जपुआ गांव तक की मुख्य सड़क, जो घनी आबादी वाले क्षेत्र से गुजरती है, पर कोयला ढोने वाले हाईवा वाहनों की रफ्तार पर सख्त नियंत्रण लगाया जाए। जयप्रकाश दांगी ने आरोप लगाया कि तेज रफ्तार और लापरवाही से चलने वाले कोल वाहनों के कारण क्षेत्र में कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिसमें अब तक दर्जनों लोगों की जान जा चुकी है। उन्होंने मांग की कि इस मार्ग पर वाहनों को धीमी गति से चलाने और ट्रैफिक नियमों का पालन कराने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं।

## स्पीड न्यूज

### भरनो के सुपा महुआटोली गांव पहुंचा 22 हाथियों का झुंड, लोग दहशत में



गुमला। 22 जंगली हाथियों का झुंड भरनो प्रखंड के सुपा महुआटोली गांव के आम बगीचा पहुंचने पर क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हाथियों का झुंड बीते रात को ही लोहरदगा जिले के भंडरा क्षेत्र से भरनो प्रखंड में प्रवेश किया है। जंगली हाथियों का झुंड बुढ़ीपाठ गांव के किसान बुधवा उरांव के खलिहान में मिसाई के लिए रखा 4 गांज धान को भी खा गये। इसके साथ बुढ़ीपाठ गांव के किसान रंथु उरांव के धान फसल, शंकर के गेहूं फसल, अजमद अंसारी के मटर सफल सहित अन्य किसानों के खेतों में लगे कई तरह के फसलों को रौंदकर हाथियों ने बर्बाद कर दिया है। सूचना पर वन विभाग की टीम और पुलिस पहुंचकर हाथियों को गांव से भगाने में जुटे हैं। फिलहाल हाथियों का झुंड सुपा, लालटोली चिरैया टोंगरी स्थित आम के बगीचा में अपना डेरा जमाए हुए हैं। वन विभाग के द्वारा ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने की अपील की है। हालांकि ग्रामीण हाथियों को भगाने के प्रयास में भी जुटे हुए हैं।

### डीएवी के एनसीसी कैडेटों ने एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण



गुमला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस 2024 पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की थी। जिसमें सभी से माताओं को श्रद्धांजलि के रूप में एक पेड़ लगाने का आग्रह किया गया था। इसी कड़ी में शनिवार को 46 झारखंड बटालियन एनसीसी की ट्रूप संख्या 18/46 डीएवी पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने वृक्षारोपण किया। 46 झारखंड बटालियन एनसीसी कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल आर डी शर्मा ने इस बात पर बल दिया है कि कैडेट इस महान अभियान के प्रति अपने उत्तरदायित्व को समझें और न सिर्फ वृक्षारोपण करें बल्कि उनकी देखभाल और संरक्षण भी करें। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहु ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। सहायक एनसीसी अधिकारी सेकंड ऑफि सर अभिजीत झा ने बताया कि कैडेटों ने उत्साहपूर्वक नीम, आम, चंदन, केला इत्यादि पौधे विद्यालय परिसर में लगाये।

### पशुधन गणना को लेकर प्रगणकों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



घाघरा। पशुपालन विभाग घाघरा द्वारा पशुधन गणना को लेकर प्रगणकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। वहीं पशुपालन पदाधिकारी डॉ सीमा एक्का ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी प्रगणक 18 पंचायत के गांव गांव में घूम कर पशु की गणना कर एप में ऑनलाइन करेंगे। उक्त गणना चार माह का होगा। वहीं एक्का ने कहा की ग्रामीण क्षेत्र में पशु की गणना करें। ताकि पशुओं की संख्या पता हो सके। ग्रामीण सहयोग करें और जितने भी पशु है उनकी रिपोर्ट बताएं। ताकि पशु की संख्या विभाग को प्राप्त हो सके और लोगों को लाभ मिल सके। मौके पर पर कई प्रगणक उपस्थित थे।

### परिवार व समाज बच्चों के लिए मिलकर बनायें बाल मित्र माहौल : भावनंद



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में परिवार विकास संस्था द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में चाइल्ड फंड इंटरनेशनल के सहयोग से चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी साझा की गई। पंचायत प्रतिनिधियों, जीविका दीदियों और मीडिया के सदस्यों की उपस्थिति में संस्था के सचिव भावनन्द ने बताया कि बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और कौशल विकास के लिए कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने अपील की कि परिवार और समाज के सहयोग के बिना बदलाव संभव नहीं है, इसलिए सभी को मिलकर बच्चों के लिए एक बालमित्र माहौल बनाने में योगदान देना चाहिए। जिला परिषद सदस्य व प्रमुख ने भी इस बात पर जोर दिया कि बच्चों का सबसे अधिक ध्यान उनके अभिभावक रख सकते हैं और माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों को सही माहौल प्रदान करें। इस अवसर पर जिप सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया शोभा देवी, वार्ड सदस्य रश्मि भारती, कार्यक्रम समन्वयक विलसन, कपिलदेव यादव और अन्य ने भाग लिया।

### झारखंड नवनिर्माण दल की बैठक आज

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल की प्रमंडल स्तरीय बैठक गुमला जिला स्थित नागफेनी कोयल नदी के किनारे आज दिन के 11 बजे से आयोजित की जाएगी। बैठक में राज्य की वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा व दल की मजबूती, विस्तार करने तथा दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के जिलों में दल की हर स्तर पर समिति का गठन के लिए विचार विमर्श कर आंदोलन की भावी रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह के अलावे कई केंद्रीय नेता भाग लेंगे। यह जानकारी मजदूर यूनियन के जिला प्रभारी शंकर उरांव ने दी है।

### आरसी विद्यालय तोगो में क्रिसमस गैदरिंग

जारी। आरसी प्राथमिक विद्यालय तोगो स्कूल जारी में क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्रभु के जन्म पर आधारित क्रिसमस गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के एचएम फादर निरंजन एक्का ने प्रभु यीशु मसीह के बताये मार्ग पर चलने की अपील की।

# गुमला : ई-जनशिकायत कार्यक्रम में उपायुक्त ने सुनी बसिया व कामडारा प्रखंड की समस्या

**खबर मंत्र संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में ई-जनशिकायत कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। इस कार्यक्रम में बसिया और कामडारा प्रखंड के नागरिकों ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। कार्यक्रम में बसिया प्रखंड से 12 और कामडारा प्रखंड से 26 आवेदकों ने अपनी समस्याओं का विवरण दिया। इन समस्याओं में पेंशन, राशन, जॉब कार्ड, और अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। उपायुक्त ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ऑन द स्पॉट समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि ई-जनशिकायत कार्यक्रम दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों के लिए राहत प्रदान करने का एक प्रभावी माध्यम है। यह उन नागरिकों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है जो जिला मुख्यालय तक आने में असमर्थ होते हैं। नागरिकों द्वारा उठाए गए मुद्दों में विद्यालय भवनों की जर्जर स्थिति, सिंचाई के लिए सुविधाओं का अभाव, डीप बोरिंग की आवश्यकता, सड़क निर्माण, पेंशन योजना, आंगनवाड़ी केंद्रों की मरम्मती, आम बागवानी योजना, और आधार कार्ड निर्माण शामिल थे। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सभी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# लोहरदगा : जिला निरिक्षण समिति ने बाल देखरेख संस्थाओ का किया निरीक्षण

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिला निरीक्षण समिति के पांच सदस्यीय टीम जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, डॉ बी के पांडेय, अनुरंजन कुमार संरक्षण पदाधिकारी संस्थानिक देखरेख, कुंती साहू अध्यक्ष सी डब्ल्यू सी और जय प्रकाश शर्मा ने किशोर न्याय (बालकों के देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के अंतर्गत जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं का निरीक्षण किया। 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए नदिया में विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण ग्रामीण समाज एवम कल्याण विकास मंच का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बाल देखरेख संस्थान में बालकों को देखभाल करने की स्थिति, सफाई, सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे के क्रियाशील होने एवं भोजन मेन्यु के अनुसार दिये जाने संबंधित चर्चा की गई और निर्देश दिए गए। समिति के सदस्य शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ बी के पांडेय के द्वारा आवासित बालकों का चिकित्सीय जांच की गई। जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले 6 वर्ष से छोटे बच्चों के लिए विशिष्ट दत्तक ग्रहण, 6 वर्ष से बड़े बालकों के लिए समर्पण और 6 वर्ष से बड़ी बालिकाओं के लिए होप संस्था है।

# गुमला चेंबर का चुनाव 10 जनवरी को

**रमेश कुमार बने मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

**खबर मंत्र संवाददाता**






**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स की आम सभा बस स्टैंड स्थित सिद्धिविनायक होटल में अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वर्तमान सत्र को भंग करते हुए 10 जनवरी को चेंबर का चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में कोषाध्यक्ष मुनीलाल साहू के द्वारा पूरे सत्र के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। चेंबर हित में कई प्रस्ताव पारित किया गया एवं चेम्बर के संविधान में संशोधन किया गया। जिनमें मुख्य रूप से गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के नाम से बनी हुई फिक्सड डिपाजिट सभी को एक खाता में करना। नए सत्र से आजीवन सदस्य की राशि बढ़ाकर 8000 की गई। नए सत्र से सहवरण के द्वारा चुने जाने वाले सदस्यों की प्रक्रिया को समाप्त कर दिया गया। एक सदस्य चुनाव प्रक्रिया में अत्यधिक तीन व्यवसाय का प्रतिनिधित्व कर पाएंगे। चेंबर चुनाव कराने के लिए मुख्य चुनाव पदाधिकारी के रूप में दामोदर कसेरा ने रमेश कुमार चीनी का नाम प्रस्तावित किया। जिसका हाउस ने सर्वसम्मति से समर्थन करते हुए सहमति प्रदान की। पूर्व अध्यक्ष पवन कुमार अग्रवाल ने चेंबर के पूरे सत्र के दौरान किए गए कार्यों को सराहा। पूर्व अध्यक्ष शशि प्रिया बंटी ने कहा अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने अपने कुशल नेतृत्व से चेम्बर के कार्यों को व्यापारी के हितों की रक्षा के लिए आगे बढ़ाया। रमेश कुमार चीनी ने कहा कि मैं गुमला चेंबर के साथ कदम से कदम मिलाकर चलूंगा। आमसभा में निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, अमित महेश्वरी, विनोद केसरी, मो सब्बू, सरजू साहू, हिमांशु केसरी, बिनोद कुमार, राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल, बबलू वर्मा, नीरज गुप्ता, अजय सिंह राणा, आदित्य गुप्ता, बृज किशोर फोगला, प्रणय कुमार, रितेश कुमार, अजय धान, गुरमीत सिंह, विकास सिंह, आनंद गुप्ता, मो इम्तियाज मिनी, मनीष गुप्ता, श्याम गुप्ता, विजय, अनुपमा, राहुल, सुमित, प्रदीप, पंकज, राजमणि, रुपेश आदि उपस्थित थे।

**क्षमता निर्माण सह कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन, पीडीजे ने कहा**

# साक्ष्य को अच्छे तरीके से संग्रह करें

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित सभागार में जिले के सभी थानों में नियुक्त जांच अधिकारियों के लिए पॉक्सो, एनडीपीसी, एमएसीटी और महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले से निपटने के लिए एक दिवसीय क्षमता निर्माण सह कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा, लोहरदगा राजकमल मिश्रा, जिला जज नीरजा असरी, डालसा सचिव राजेश कुमार, लोक अभियोजक मिनी लकड़ा, अतिरिक्त लोक अभियोजक सुमन कुमार, अधिवक्ता जेपीएन सिन्हा और अधिवक्ता विवेक कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष ने कहा कि जांच प्रक्रिया में आपकी भूमिका अहम है। जांच प्रक्रिया को औपचारिक रूप से नहीं करें। एफआईआर कॉपी अच्छे से सावधानीपूर्वक लिखें। साथ ही साक्ष्य को अच्छे तरीके से संग्रह करें। लोक अभियोजक ने एनडीपीएस को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस मामले में शख्त कानून बने हैं। जिसमें सजा का प्रावधान है। वहीं अधिवक्ता विवेक कुमार ने पॉक्सो के रूल में पुलिस की ड्यूटी के बारे में बताया। कहा कि घटना स्थल में पहुंचने से पहले उस स्थान पर किसी को नहीं जाने दें। वहीं उन्होंने घटना स्थल पर भौतिक रूप से साक्ष्य को संग्रह करने की जानकारी दी। अधिवक्ता जेपीएन सिन्हा ने वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले को लेकर जानकारी दी। वहीं डालसा सचिव ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पीड़ितों के पुनर्वास, साक्ष्य संग्रह, पॉक्सो, एनडीपीएस, एमएसीटी और महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित कानून प्रावधानों के बारे में जांच अधिकारियों के ज्ञान को बढ़ाना है। मौके पर सभी थानों के जांच अधिकारी, स्पेशल कैटगरी के पीएलवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## गोपाल साहू पब्लिक स्कूल घाघरा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**खबर मंत्र संवाददाता**



**घाघरा।** गोपाल साहू पब्लिक स्कूल घाघरा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनहित जन विकास संस्थान के अध्यक्ष चंद्रशेखर भगत, सचिव नीरज साहू, विपिन साहू ने संयुक्त रूप से स्वर्गीय गोपाल साहू के चित्र पर मालयार्पण कर किया। वहीं विद्यालय के बच्चों के बीच दौड़, लांग जंप, हाई जंप, जलेबी रेस, कबड्डी सहित कई खेलकूद प्रतियोगिता करायी गई। मौके पर चंद्रशेखर भगत ने कहा कि खेल से शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी बच्चों को आगे बढ़ने का प्रयास सराहनीय है। नीरज कुमार साहू ने कहा कि विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता होने से बच्चों में उत्साह की ललक बढ़ती है। मौके पर निखिल कुमार, अंशु कुमार, अनंत देवघरिया, शिवानी सिंह, ललिता कुमारी, दीपेश,स्वाति, संगम, आंचल, रितु, असत्रऋतु, अरुण, सूरज सहित कई अभिभावक उपस्थित थे।

## चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल घाघरा में परीक्षफल वितरण सह अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

**खबर मंत्र संवाददाता**



**घाघरा।** चिल्ड्रेन एकेडमी प्लस टू स्कूल रन्हे के सभागार में द्वितीय जांच परीक्षा का परीक्षाफल सह अभिभावक विचार गोष्ठी का आयोजन शनिवार को किया गया। इस दौरान प्री नर्सरी से दसवीं तक के बच्चों को अतिथियों के द्वारा रिजल्ट व प्रतीक चिन्ह दिया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य रश्मि टोप्पो के द्वारा बच्चों को संदेश दिया गया की मेहनत और लगन से पढ़ाई करें। आपकी सफलता के पीछे आपकी लगन एवं मेहनत को श्रेय जाता है। साथ ही बच्चों के माता-पिता से बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करते रहने की बात कही। सभी बच्चों में सीखने व समझने की ललक अलग-अलग होती है। इस मौके पर रश्मि टोप्पो, मीना देवी, शोषण सुरीन, प्रेमचंद कुमार, अजीत लकड़ा, मनोज साहू, दुर्गावती कुमारी, ममता कुमारी, रश्मि केरकेट्टा, रीना कुमारी, निधि कुमारी, अंजली कुमारी, संजय यादव, संध्या देवी, ज्योति यादव, सुभाष उरांव, दयाल उरांव मुन्ना यादव, कलिका कुमारी व गीता कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### 26 को भाजपा सभी मंडलो में मनायेगी बीर बाल दिवस

लोहरदगा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 26 दिसंबर को सभी मंडल एवं नगर कार्यालय में बीर बाल दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इसकी जानकारी जिला कार्यक्रम संयोजक सह जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू, सह संयोजक बाल्मीकि कुमार ने संयुक्त रूप से देते हुए बतलाया कि प्रकाश पर्व 2022 को भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा श्री गुरु गोविंद सिंह के दोनों पुत्रों बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह की शहादत को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए हर वर्ष 26 दिसंबर को बीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है। इसके लिए नगर समेत सभी मंडलो में कार्यक्रम संयोजक एवं सह संयोजक मनोनीत किये गए है। इनमे लोहरदगा नगर में शंभू कुमार ठाकुर एवं प्रदीप कुमार लोहरदगा ग्रामीण में पिंटू कुमार साहू एवं अमित, कैरो मंडल में कैलास महतो, प्रदीप महली एवं गोविंद महतो, भंडरा में दीपक शर्मा एवं उमेश प्रजापति, सेन्हा मंडल में रतन प्रसाद साहू एवं अशोक साहू, पेशरार मंडल में सुदर्शन खेरवार एवं विष्णु देव सिंह, किसको मंडल में हरी नारायण महतो, धनेश्वर भगत एवं संजय कुजूर, कुडू मंडल में सरजू कुमार साहू, सौरव मुखर्जी एवं आदित्य साहू शामिल हैं। उन्होंने कार्यक्रम में सभी मंडल अध्यक्ष को आवश्यक रूप से शामिल रहने की अपील की है।

### आजसू पार्टी की समीक्षा बैठक आज

लोहरदगा। आजसू पार्टी विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद चुनाव की समीक्षा आज 11:00 बजे आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय ब्लॉक मोड में होगी। यह जानकारी देते हुए पार्टी के जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी सागर वर्मा ने कहा कि इस समीक्षा बैठक में केंद्र के सभी पदाधिकारी जो लोहरदगा में निवास करते हैं। जिला के सभी पदाधिकारी, जिला के अलग-अलग इकाइयों के सभी पदाधिकारी यथा महिला मोर्चा अनुसूचित जनजाति मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा युवा मोर्चा नगर के अध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्ष सचिव प्रखंड के अध्यक्ष एवं सचिव सभी प्रखंडों के प्रभारी, जिला के प्रभारी सह प्रभारी इस बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। इस बैठक के बाद आजसू अपने आगे की रणनीति पर चर्चा करेगी। अतः इस बैठक में सभी की उपस्थिति अनिवार्य है।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं का कार्यशाला आयोजित

**खबर मंत्र संवाददाता**





**लोहरदगा।** झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के तत्वाधान में समावेशी शिक्षा अंतर्गत जिले के सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन न्यू नगर भवन, प्रखण्ड परिसर लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आइलीन टोप्पो, जिला शिक्षा अधीक्षक सुनंदा दास चंद्रमौलेश्वर, एडीपीओ विनय बंधु कच्छप, एपीओ एमलीन सुरीन, फील्ड मैनेजर आकाश कुमार, अधिवक्ता, तृषि पांडेय, सिनी प्रतिनिधि तरुण कुमार और आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं द्वारा किया गया। डीईओ नीलम आइलीन टोप्पो ने कहा कि आंगनबाड़ी सहायिका की महत्वपूर्ण भूमिका है कि पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के दिव्यांग बच्चों के प्रति अधिक सतर्कता और संवेदनशीलता अपनाएं। साथ ही उनके द्वारा उन बच्चों के प्रति अर्थात दिव्यांगों बच्चों के प्रति संवेदनशील बनने हेतु उपस्थित सेविकाओं और सहायिका को प्रेरित की गई। कार्यक्रम में एमलीन सुरीन के द्वारा सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी गई। जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि पूर्व प्राथमिक के दिव्यांग बच्चे के प्रति आपकी नजरिया अपनत्व का होनी चाहिए। उनके प्रति संवेदनशील होना चाहिए ताकि वे भी शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ समाज और राष्ट्र के योगदान में अपनी योगदान दे सकें। विनय बंधु कच्छप के द्वारा बतलाया गया कि ऐसे बच्चों के सूक्ष्म अवलोकन करते हुए विद्यालयों में बनाए रखने हेतु उपाय एवं गृह आधारित गृह आधारित प्रशिक्षण प्रशिक्षण में कैसे जुड़ा जाना है इस पर विशेष चर्चा की गई।

### नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के एक आरोपी को 20 साल की सजा

लोहरदगा। जिला व्यवहार न्यायालय एडीजे वन अखिलेश कुमार तिवारी की अदालत ने नाबालिक युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मामले पर फैसला सुनाते हुए एक नाबालिक किशोर को 20 साल कारावास और 15 हजार रुपया जुर्माना का सजा सुनाया है। मामले को लेकर लोक अभियोजक मिनी लकडा ने बताया कि, भंडरा थाना क्षेत्र के एक गांव में विगत तीन अप्रैल 2023 को एक नाबालिक युवती के साथ चार नाबालिक किशोरों ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। सभी आरोपी भंडरा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। शादी समारोह में भाग लेने एक गांव में पहुंची। पीड़िता को जब रात में प्यास लगी तो वह निकट के चापाकल गई थी। नाबालिक आरोपियों ने उसे बलपूर्वक झाड़ियां में ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। कोर्ट ने एक आरोपी को सजा सुनाया है। दो आरोपियों के विरुद्ध सुनवाई किशोर न्याय बोर्ड में चल रही है।

### डिप्लोमा अभियंता संघ लोहरदगा के अध्यक्ष बने अभिमन्यु कुमार सिंह



लोहरदगा। समाहरणालय स्थित पुराना डीआरडीए भवन मे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी इंजीनियर महेश टोप्पो के द्वारा डिप्लोमा अभियंता संघ लोहरदगा का चुनाव संपन्न कराया गया। इस चुनाव में लोहरदगा जिला के सभी विभाग के इंजीनियरो ने भाग लिया। जिसमें अध्यक्ष ई अभिमन्यु कुमार सिंह, उपाध्यक्ष ई विरेन्द्र उरांव, सचिव ई उत्कर्ष सिंह, उपसचिव ई किशोर मुर्मू, कोषाध्यक्ष ई अशोक राम निर्विरोध चुने गए। वही पार्षद में ई कविन्द्र उरांव और ई जनेश्वर राम भी निर्विरोध चुने गए।

### खरता आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका बनी बिनीता

कैरो। प्रखंड क्षेत्र के खरता आंगनबाड़ी संख्या 1 में सहायिका चुनाव को लेकर बैठक आयोजित किया गया। जिसमें सीडीपीओ सोनिया मेंजुल द्वारा सहायिका चुनाव के लिए नियम व शर्तों को पढ़कर बताया गया। सबसे ज्यादा नंबर के अनुसार बिनीता कुजूर को सहायिका के रूप में चयन किया गया। मौके पर मुखिया सुमित्रा उरांव, ग्राम प्रधान जयमंगल मुंडा, निषु महतो, सेविका सावित्री देवी, ममता देवी, शंभु शरण पांडेय,सुनीता लकड़ा, सोमनाथ, लखन, कृष्णमनी यादव, सिंधु तिवारी, बहादुर उरांव, सुधा, बैजू, बन्धु, शालिनी, सबिता व ग्रामीण मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

**क्षेत्र में शिक्षा के साथ-साथ अध्यात्मिक चेतना का अलख जगा रहा है चर्च**

# अंग्रेजों के शासन काल में 1889 में स्थापित हुआ था कोनबीर नवाटोली चर्च

**खबर मंत्र संवाददाता**



**बसिया।** बसिया प्रखंड स्थित संत अन्ना चर्च कोनबीर नवाटोली की स्थापना सन 1889 में हुई थी। यह चर्च क्षेत्र में शिक्षा के साथ-साथ अध्यात्मिक चेतना का अलख जगा रहा है। इस संबंध में पल्ली पुरोहित अगस्तुस कुजूर ने बताया कि 1889 में मिशन डायरेक्टर फादर ग्रोजां ने फादर लिवंस के मिशन क्षेत्र में मदद के लिए 2 मिशनरी पुरोहितों को भेजा। जिसमें फादर कारडोन व फादर डेहो को तेतरा में नियुक्त किया। फरवरी 1889 में तेतरा के प्रधान पुरोहित फादर कारडोन थे। 1889 में फादर लिवंस व फादर ग्रोजां तेतरा आये। जहां 3 दिन रहकर उन्होंने पूरे मिशन कार्य क्षेत्र का परिचय लिया और लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए। मिशन कार्यकलाप संबंधी व्यवस्था पर विचार- विमर्श किया। इसी बीच फादर लिवंस, फादर ग्रोजा व फादर कारडोन एक नये मिशन स्टेशन की स्थापना के लिए उपयुक्त जमीन देखने के उद्देश्य से नवाटोली पहुंचे। जहां उनको जगह पसंद आ गयी। ग्रामीणों ने उनके कामों की सराहना करते हुए अपनी जमीन देने के लिए राजी हो गये। मिशनरियों के कार्यों के प्रति लोगों का आकर्षण, खुशी, विश्वास और समर्पण नवाटोली पल्ली की स्थापना का मजबूत स्तंभ बना। मिशनरी पुरोहितों ने कार्ययोजना के तहत पुरोहितों के रहने के लिए आवास बना। सन 1890 में फादर कार्डो और फादर डेहो तेतरा छोड़कर नवाटोली आ गये। तब से नवाटोली इस क्षेत्र के लिए कैथोलिक विश्वास और प्रेरिक कार्यों का केंद्र बन गया। ईश्वरीय सत्य मार्ग और जीवन का विशाल जीवन वृक्ष बन गया। नवाटोली पल्ली के संबंध में कलिगा निवासी याकूब बाड़ा ने बताया कि नवाटोली पल्ली की स्थापना अंग्रेजों के शासनकाल में हुआ था। इसके बाद 1895 में नवाटोली पल्ली में बालकों के लिए स्कूल की स्थापना हुई। 1896 में नवाटोली पल्ली की नींव डाली गयी। 26 अगस्त,1898 को नये गिरजाघर की मीनार पर क्रूस खड़ा किया गया। वर्ष 1911 में पल्ली परिसर में खीस्त राजा की मूर्ति स्थापित की गयी। 12 मार्च, 1925 को उसुर्लाइन धर्मबहनों ने संत अन्ना सिस्टरों से केंद्र की बालिका स्कूल को अपने हाथ में लिया। वर्ष 1941 में फादर ब्लाम्पेन ने शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय रांची से नवाटोली स्थानांतरित किया। वर्ष 1955 में फादर डिरेक्स ने बालकों के लिए उच्च शिक्षा की शुरूआत की। वर्ष 1968 में संत उसुर्ला अस्पताल की स्थापना हुई। मिशन संस्था के प्रवेश के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में इस क्षेत्र का विकास होता गया।

# गणित के बिना कुछ भी नहीं कर सकते : दिनेश

>> महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन अयंगर की जयंती पर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाई गयी

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में गणित के जादूगर महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन अयंगर की जन्म जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत ओंकार ध्वनि एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। गणित आचार्य दिनेश प्रसाद ने भैया बहनों को गणित दिवस के बारे में प्रकाश डालते हुए बताया कि 22 दिसंबर को गणित दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य श्रीनिवास रामानुजन की उपलब्धियां को उजागर करना हैं। गणित के बिना कुछ भी नहीं कर सकते।रामानुजन की तरह बच्चों को टेक्स बुक्स से परे जाकर क्रिटिकल थिंकिंग और लॉजिकल रीजनिंग में शामिल होने के लिए प्रेरित करना है। भैया बहनों में गणित के प्रति रुचि पैदा करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। प्रभारी प्रधानाचार्या मधुमिता शर्मा ने कहा कि गणित किसी भी विचार को व्यक्त करने का सबसे सटीक और संक्षिप्त तरीका है। आचार्य अमन कुमार ने कहा श्रीनिवास गणित की कोई प्रशिक्षण नहीं ली थी, लेकिन अपने जुनून और रुचि के दम पर दुनिया भर में नाम कमाया। कार्यक्रम में मैथ कंपटीशन व स्लोगन बनाओ, क्विज, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संचालन अमन आचार्य ने किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा षष्ठ से नवम तक के भैया- बहन शामिल हुए। मौके पर आचार्य राजीव सिंह, श्यामसुंदर कुमार, प्रमेंद्र सिंह, मुकेश सिन्हा, सुरेश्वर कुजूर, विकास भारती, आचार्या प्रोन्नति यादव, जामवंती मिश्रा, अनीता देवी, नीलिमा सिंह, मंजू देवी, वीणा तिवारी, श्वेता संदेश, जया मिश्रा, सुप्रिया घोषाल उपस्थित थे। प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले भैया-बहनों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## सड़क पर वर्षों से आखिरी सांसे गिन रहा यात्री शेड अनहोनी घटना को दे रहा है आमंत्रण

# व्यवसायिक समिति ने जर्जर यात्री शेड को अविलंब हटाने की उपायुक्त से की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के पुराने ब्लॉक परिसर के मुख्य गेट के समीप स्थित यात्री शेड बीते एक दशक से जर्जर अवस्था में होने के कारण इन दिनों किसी बड़ी घटना को आमंत्रित कर रहा हैं। लगभग 30 वर्ष पुराने इस यात्री शेड के समीप भी खड़े होने से लोग डरते हैं। आए दिन जर्जर हो चुके शेड का हिस्सा टूट टूटकर गिरता रहता हैं। जिससे कई बार राहगीर घायल भी हो चुके हैं। यात्री शेड इतनी जर्जर रहने के बावजूद भी लोग इसमें बैठकर वाहनों का इंतजार करते हैं। वहीं, कई छोटे दुकानदार अपनी जान जोखिम में डाल कर जर्जर यात्री शेड के शरण अपनी ठेले में दुकान चलाते हैं। यह शेड कभी भी जमींदोज हो सकता है, और कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। जर्जर शेड वर्तमान समय में मुख्य सड़क पर आ चुका हैं। जिसके कारण वाहनों के दुर्घटना का भी भय बना रहता हैं। पूरी तरह से जर्जर हो चुके शेड को ध्वस्त कर हटाने का प्रस्ताव लगभग एक वर्ष पूर्व जिप सदस्य संतोषी शेखर के द्वारा विभाग को भेजा जा चुका हैं, पर अब तक इस शेड को ध्वस्त नहीं किया गया हैं। अंचल निरीक्षक सुरेश राम ने बताया कि यह जर्जर शेड पथ निर्माण विभाग में आता हैं। इसकी जानकारी विभाग को उपलब्ध करा दी गई हैं।

उधर स्थानीय व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष दीपक राज के साथ-साथ व्यवसाई विवेक सिंह, विकास सोनी, दामोदर ठाकुर, अनिल सिंह, अजित गुप्ता, शुभम गुप्ता और ब्रजेश सिंह समेत अन्य लोगों ने जर्जर हो चुके शेड को ध्वस्त करवाने की मांग जिला व प्रखंड प्रशासन से की हैं।



जमींदोज होने के कगार पर पहुंची यात्री शेड।

## चेटर पंचायत में सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर शिविर का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** भारतीय प्रशासन की प्रभावशीलता को बढ़ावा देने और नागरिक सेवाओं की पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है।इसी कड़ी में कार्यक्रम के तीसरे दिन शनिवार को प्रखंड के चेटर पंचायत सचिवालय प्रांगण परिसर में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। बीडीओ चंदन प्रसाद ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। विशेष शिविर कार्यक्रम में चेटर समेत बारी पंचायत के ग्रामीणों ने भी भाग लिया। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी के अलावे अन्य विभागों के कर्मी व अधिकारी मौजूद थे। अंचल कार्यालय के द्वारा आन द स्पाट दर्जनों मामलों का निष्पादन करके सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर केन्द्र व राज्य सरकार से जुड़ी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से यह शिविर लगाया गया है। शिविर में स्थास्थ्य जांच के साथ ही दवा का वितरण भी किया गया। जॉब कार्ड, राशन कार्ड व अन्य योजनाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में आयुष्मान कार्ड निर्गत किया गया। पंचायत स्तरीय शिविर में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं को लेकर आवेदन प्राप्त हुए, इसमें विभिन्न आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। मौके पर पंचायत सचिव अवतार सिंह, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता सुनील कुमार, बारी मुखिया सुष्मिता कुमारी, जागे उराँव, समेत अन्य लोग शामिल थे।



शिविर में उपस्थित लोग।

## स्पीड न्यूज

### अंचलाधिकारी के निर्देश पर अतिक्रमण पर चलाया गया बुलडोजर

**लातेहार।** अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो के निर्देश पर लगातार शहर में अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। जिसे लेकर शनिवार को भी करकट से स्टैंड कम्लेक्स तक अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया। वहीं मौके पर अंचल अमीन दीपक प्रसाद, नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा, कर्मचारी सर्वेश राम के अलावा पुलिस के जवान उपस्थित रहे। बुलडोजर ने घर व दुकान के सामने नालियों के उपर लगे शेड व होर्डिंग आदि को हटाया। बता दें कि अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो एवं नगर प्रशासक राजीव रंजन ने 24 घंटा के अंदर मुख्य पथ समेंत अन्य सड़कों में किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को मुक्त करने का निर्देश दिया था। लेकिन लोगों के द्वारा नहीं हटाया गया जिसके कारण बुलडोजर चलाया गया। ज्ञात हो कि बस स्टैंड में बुलडोजर चलाते वक्त माहौल तनावपूर्ण रहा।

### 25 दिसम्बर को बारियातू मे नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन

**बारियातू।** प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप मे 25 दिसंबर बुधवार को शिविर लगाकर नि:शुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जायेगा। जानकारी देते हुए डॉ प्रमोद ने बताया की डिबीसीएस लातेहार एंव जन विकास मार्ग के संयुक्त तत्वाधान मे नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाकर लेंस प्रत्यारोपण (आईओएल) विधि द्वारा जांच एंव ऑपरेशन किया जायेगा। साथ ही बताया की ऑपरेशन प्रत्येक सोमवार एंव बुधवार को किया जाता है जिसके लिए रामेश्वर नेत्रालय मुरपा मोड़ बालूमाथ मे प्रतिदिन जांच और रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। मोतियाबिंद रोगी शिविर मे लाभ लेने के लिए अपना आधार कार्ड राशन कार्ड दो फोटो एंव मोबाइल नंबर अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल न 8252737568-9708553710-9835236379 मे संपर्क कर सकते हैं।

### ईसीआरईयू ने टोरी में निकाला विजय जुलूस


विजय जुलूस में शामिल लोग।

**चंदवा।** रेल में मान्यता प्राप्त होने पर इसीआरईयू ने टोरी में विजय जुलूस निकाला। विजय जुलूस की अध्यक्षता कर रहे केन्द्रीय उपाध्यक्ष श्रवण कुमार ने कहा कि निरंकुश यूनियन की व्यवस्था को रेलकर्मियों ने उखाड़ फेंका। मंडल सचिव कामरेड सुनील कुमार सिंह एवं आरकेटीए महामंत्री राजेश कुमार ने कहा कि यह ईसीआरईयू के लिए ऐतिहासिक दिन है। रेल कर्मियों ने टायर्ड रिटायर्ड से भरी हुई यूनियनों को नकारते हुए केवल कार्यरत कर्मचारियों के यूनियन, ओपीएस के लिए संघर्षशील निजीकरण रोकने की हिमायती कर्मचारियों के मुद्दों पर हमेशा संघर्ष करने वाली यूनियन ईसीआरईयू को कर्मचारियों ने विजय दिलाई। संगठन ओपीएस बहाली, निजीकरण रोकने, कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण समेत अन्य समस्याओं के निराकरण का प्रयास करेगा। इस दौरान सबों को जीत की बधाई दी गई। मौके पर रवि रंजन, रविकान्त, महेन्द्र पासवान, उमेश विश्वकर्मा, रामजी प्रसाद, सिकंदर,अग्रेस, प्रसुन, मुन्ना सहित समेत बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी उपस्थित थे।

# जंगली हाथियों ने दो पशु को कुचला

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड मे लगातार हाथियों का आतंक जारी है शुक्रवार रात्रि मे डाढा पंचायत के गोखलाबागी टोला अंतर्गत हनुमान चौकी जंगली हाथीयों ने आतंक मचाते हुए करमा भगत पिता फागु भगत के घर को पूरी तरह क्षतिगस्त कर दिया साथ ही एक बैल और एक सुअर को मार डाला। वहीं बंधे हुए बैल को भी जख्मी कर दिया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए करमा भगत ने बताया कि इस रूठ मे हाथियों का आना जाना लगा रहता है। बिते वर्ष भी मेरे घर को क्षतिगस्त किया था। हाथियों के भय से हमलोग डेंबु गाँव के मंजराही टोला मे सोने चले जाते है। बिते रात भी पशुओ को बांधकर हमलोग मंजराही सोने चले गए थे।जंगली हाथी लगभग तीन बजे भोर आया और हमारे घर को क्षतिगस्त किया और पास मे बंधे हुए एक सुअर और एक बैल को कुचल कर मार डाला एवं दुसरे बैल को भी जख्मी कर दिया। हमलोग सुचना पाकर सुबह जल्दी घर आए व इसकी सुचना मुखिया पंचायत समिति सदस्य को दिए। मुखिया सुरेश उरांव पसस संतोष भगत व प्रभारी वनपाल मंगल सिंह ने घटना स्थल पर पहुंच कर जायजा लिया।आवश्यक कारवाई करते हुए हाथियों से बचाव के लिए निर्देश दिए। बिते रात पुकचु के करमाही टोला मे भी जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। ग्रामीण जयपाल उरांव, रविन्द्र उरांव, विजय उरांव, बचन कुमारी, रिक्सोना उरांव, ललिता उरांव, रेनु देवी सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि जंगली हाथी हमारे गांव क्षेत्र मे संध्या लगभग सात बजे से लेकर रात दस बजे तक कई जगहो पर उत्पात मचाया। ग्रामीणो ने इसकी सुचना वन विभाग को दिया। सुचना पाकर वनरक्षी संतोष मिंज टिम के साथ आए, उनकी टिम व ग्रामीणो के मदद से हाथी को भगाया गया। इस क्रम मे जंगली हाथी ने सैलेश सिंह के क्रेसर मे रह रहे मजदुरो का एक बोरी चावल चट कर गये। वहीं ग्रामीण जमुना उरांव पिता एतवा उरांव के आंगन मे रखे पंद्रह बोरी धान खा गये, कार्तिक उरांव पिता परमेश्वर उरांव के घर का खिड़की तोड़ पांच बोरी धान खाए। अखरा के पास संतोष उरांव पिता जगरनाथ उरांव के घर का चारदिवारी व कच्चे मकान को बुरी तरह छतिग्रस्त कर दिया और बोआई के लिए रखा हुआ एक बोरा गेहुं के साथ धान व मक्का चट कर गया।

लखन उरांव पिता सरहुल उरांव के बैल को जख्मी किया, प्रमोद उरांव पिता परमेश्वर उरांव के बारसह दिस मील भुमि पर लगे आलु के फसल को रौंद कर नष्ट कर दिया.वन विभाग के उदासीनता के कारण बिते कई वर्षो से क्षेत्र मे जंगली हाथियों का उत्पात जारी है। मौके पर महेंद्र भगत तुलेश्वर भगत, लाल आशिस नाथ शाहदेव, लवकुश सिंह, बिरेन्द्र सिंह, बिसनाथ सिंह, सीवन उरांव, जीरामनी देवी,राधा देवी सहित कई लोग मौजूद थे।


मृतक पशु।

## श्री सूर्यनारायण मंदिर निर्माण कार्य प्रगति पर

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** श्री सूर्यनारायण पूजा समिति, चाणक्यनगरी के द्वारा औरंगा नदी छठ घाट पर भव्य सूर्य मंदिर निर्माण कराया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होने बताया कि स्तंभों को खड़ा किया जा चुका है और अगले हफ्ते से ढलाई का कार्य शुरू किया जायेगा। श्री सिंह ने कहा कि मंदिर निर्माण में समाज के हर तबके के लोगों का तन, मन व धन से सहयोग मिल रहा है। उन्होने कहा कि कोई भी सार्वजनिक निर्माण कार्य बिना सामुहिक सहयोग के पूरा नहीं हो पाता है। उन्होने मंदिर निर्माण में अधिक से अधिक आर्थिक सहयोग करने की अपील लोगों से की है। उन्होने बताया कि 11 हजार रुपए या उससे अधिक राशि दान देने वालों का नाम मंदिर के शिलापट्ट में अंकित जायेगा।

**तीन करोड़ रुपए मे बनेगा मंदिर: सुरेंद्र सिंह**


अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह।

अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि कुल तीन करोड़ रुपए की लागत से 20 डिसमिल भूमि में मंदिर का निर्माण कराया जायेगा। मंदिर निर्माण के लिए 17 डिसमिल भूमि सावित्री कुंवर के पुत्र महेंद्र सिंह, सुरेंद्र प्रसाद सिंह और धर्मेंद्र सिंह ने दान में दी है। जबकि तीन डिसमिल भूमि पार्वती कुंवर और स्व. हरकेश यादव के वंशजों ने दान की है। सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मंदिर के नीचे हॉल बनेगा। ऊपरी तल्ले में सात गुंबद होंगे। सबसे बड़े गुंबद की ऊंचाई 81 फीट होगी।

## श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 31 वें वार्षिकोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम आगामी आठ फरवरी से होगा प्रारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 31 वें वार्षिकोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम आगामी आठ फरवरी से प्रारंभ होगा। इसकी तैयारियां मंदिर समिति के द्वारा शुरू कर दी गयी है। इसे लेकर मंदिर समिति की बैठक आयोजित की जा चुकी है। बैठक में तीन दिवसीय कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी है। मंदिर समिति के सचिव आशीष टैगोर ने बताया कि आठ फरवरी को कलश यात्रा निकाली जायेगी। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकल कर मेन रोड होते हुए काली मंदिर मोड़ तक जायेगी। इसके बाद मानस पथ होते हुए चटनाही के औरंगा नदी तट पहुंचेगी। यहां से कलश यात्रा पुनः मंदिर परिसर पहुंचेगी। नौ फरवरी को कलशों की स्थापना कर दुर्गा सप्तशति का पाठ किया जायेगा। जबकि 10 फरवरी को हवन व पूणार्हुति के बाद नौ कन्या का पूजन किया जायेगा। इसे बाद अपराह्न 12 बजे से भंडारा का शुभारंभ किया जायेगा। 10 फरवरी को ही संध्या में मंदिर परिसर में भगवती जागरण का आयोजन किया जायेगा। श्री टैगोर ने बताया कि 31 वें वार्षिकोत्सव को धुमधाम से मनाने की तैयारी की जा रही है। मंदिर समिति के संरक्षक महेंद्र प्रसाद गुप्ता, त्रिभुवन पांडेय, अमरेश प्रसाद गुप्ता, विनोद कुमार साहू अभिनंदन प्रसाद, अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता (भोला), उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल व बद्री प्रसाद, राजीव कुमार, सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह के अलावा ओम प्रकाश प्रसाद, संतोष दुबे, संतोष कुमार (पिंटू), दीपक विश्वकर्मा, सतीष कुमार, पंकज कुमार, संजय प्रसाद, उज्जवल कुमार व आकाश कुमार जायसवाल आदि सक्रिय हैं।


मां दुर्गा की प्रतिमा।

## नगर पंचायत प्रशासक ने सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित


प्रशस्ती पत्र दिखाते कर्मी व मौजूद अधिकारी।

**लातेहार।** शनिवार को नगर पंचायत अंतर्गत कार्यरत सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नगर पंचायत प्रशासक राजीव रंजन ने बताया कि दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ एवं विधानसभा चुनाव में काम किए सफाई मित्रों के द्वारा कार्यों की सराहना करते हुए नगर पंचायत कार्यालय में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रशस्ति पत्र मिलने के बाद कर्मियों में उत्साह देखा गया। कर्मियों ने कहा कि काम करने के पश्चात काम की जब सराहना की जाती है तो काम को और दोगुना व उत्साह के साथ करने इच्छा जागृत होती है। कर्मियों ने इस सम्मान के लिए प्रशासक को धन्यवाद दिया। उक्त सम्मान समारोह में नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा, जयलक्ष्मी भगत, सहायक अभियंता कुमार रवि, संदीप कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

## बरवाडीह के पेटल ब्लूम अकादमी में क्रिसमस गैदरिंग का हुआ आयोजन


सांता क्लॉज बने बच्चे।

**बरवाडीह।** प्रखण्ड मुख्यालय के आदर्शनगर मोड़ स्थित पेटल ब्लूम अकादमी में शुक्रवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। इसमें स्कूली बच्चों ने संता क्लॉज के वेशभूषा से सुसज्जित होकर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें बच्चों ने जिंगल बेल, जिंगल बेल गीत पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। जिसे लोगों द्वारा खूब सराहा गया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक विवेक कुमार ने सभी बच्चों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी। कहा कि यीशु मसीह ने संसार में अमन और शांति का संदेश दिया। बच्चों को संबोधित करते हुए हर किसी में दया का भाव व दूसरों के चेहरे पर मुस्कान लाने का आह्वान किया। बताया कि सांता बच्चों को प्यार करते है तथा उनके लिए उपहार लाते है। हमें भी उनसे सबक लेना चाहिए कि किस तरह हम एक इंसान को खुशी दे सकते हैं। बताया कि प्रभु यीशु दुनिया में आकर समस्त मानव जाति को खुशियां बांटने की सीख दी। कार्यक्रम में नृत्य, संगीत तथा ईसा मसीह के जन्म का नाट्य रूपांतरण मुख्य आकर्षण था। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं व छात्र- छात्राएं मौजूद थे।

## बीडीओ के पहल से खुला आधार केंद्र , आधार अपडेट कराने में होगी सहूलियत

खबर मंत्र संवाददाता

**गारु।** प्रखंड में इन दिनों आधार कार्ड अपडेट कराने को लेकर ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। खास कर राशन कार्ड धारकों को। क्योंकि अभी प्रत्येक राशन कार्ड धारियों को फिंगरप्रिंट लगा कर ई के वाई सी किया जा रहा है।लेकिन बहुत से कार्डधारियों का फिंगरप्रिंट नहीं लेने का मामला आ रहा था।इसी मामले को सबसे पहले खबर मंत्र ने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए कुछ दिनों पहले प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। जिसमें राशन कार्ड धारियों का फिंगर प्रिंट नहीं लेने के कारण ई के वाई सी कराने में दिक्कत हो रही थी। मामले को संज्ञान में लेते हुए गारु बीडीओ अभय कुमार ने ग्रामीणों की सहूलियत के लिए प्रखंड परिसर में ही आधार सेंटर खुलवा दिए ताकी ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना न पड़े।बतादें की गारु प्रखंड में आधार सेंटर नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आधार सुधरवाने या आधार कार्ड अपडेट ओर बनवाने को लेकर जिला मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ता था। जिससे कि ज्यादातर ग्रामीण जिला मुख्यालय जाने में असमर्थ थे। अब बीडीओ अभय कुमार के नेतृत्व से प्रखंड मुख्यालय में आधार सेंटर खुल जाने से ग्रामीणों को बहुत आराम हो गया। जिसके चलते ग्रामीण काफी खुश हैं। साथ ही अब राशन कार्ड ई के वाई सी कराने में किसी को कोई परेशानी नहीं होगा। इस संबंध में बीडीओ अभय कुमार ने बताया कि राशन कार्ड में ई के वाई सी कराने हेतु ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिसके कारण लोगों को आधार में फिंगर प्रिंट अपडेट कराने को लेकर बाहर जाना पड़ रहा था। जिसके चलते ग्रामीणों को काफी असुविधा होती थी। अब प्रखंड मुख्यालय में आधार सेंटर खुलने से किसी को भी बाहर जाने की जरूरत नहीं है।

## सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर का किया गया आयोजन


शिविर में उपस्थित लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत शनिवार को जिले अंतर्गत मनिका प्रखंड के बंदुआ, पल्हेया, जुंगुर, महुआडांड़ प्रखंड के चटकपुर, हामी, रेंगाई, ओरसा, बरियातू प्रखंड के फुलस, बालुभांग, बालूमाथ के बसिया, मारंगलोईया, बरवाडीह प्रखंड के केड़, छीपादोहर, गारू प्रखंड के कारवाई, लातेहार प्रखंड के पांडेयपुरा, चंदवा प्रखंड के चेटर, हेरहंज प्रखंड के सलैया , सरयू प्रखंड के गणेशपुर पंचायत में विशेष शिविर का आयोजन किया। जहां जिला स्तरीय पदाधिकारियों के अलावा संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचलाधिकारियों द्वारा आन द स्पाट दर्जनों मामलों का निष्पादन करके सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर केन्द्र व राज्य सरकार से जुड़ी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से यह शिविर लगाया गया है। पंचायत स्तरीय शिविर में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं को लेकर आवेदन प्राप्त हुए, इसमें विभिन्न आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया।

# सेवा निवृत सहायक शिक्षकों को दी गयी विदाई

- विधायक प्रकाश राम ने शिक्षकों के समर्पण और मेहनत की प्रशंसा की और कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं

खबर मन्त्र संवाददाता

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय घुरे में सेवा निवृत सहायक अध्यापकों की विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित की गई। इस विदाई समारोह कार्यक्रम में 8 सहायक अध्यापकों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रकाश राम उपस्थित थे। सहायक अध्यापक संघ द्वारा आयोजित इस समारोह में शिक्षकों के योगदान और सेवाओं की सराहना की गई। विधायक श्री राम ने अपने संबोधन में शिक्षकों के समर्पण और मेहनत की प्रशंसा की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शिक्षक रिटायर कभी नहीं होते। समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों की उपस्थित को बढाने के लिए शिक्षकों को और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। इसके लिए उन्होंने कुछ सुझाव भी दिए जैसे शिक्षकों को नियमित प्रशिक्षण और नई शिक्षण विधियों से अवगत कराया जाए, ताकि वे छात्रों के लिए कक्षाओं को रोचक और प्रेरणादायक बना सकें। शिक्षकों को अभिभावकों से नियमित संवाद करना चाहिए और उन्हें अपने बच्चों की उपस्थिति और शैक्षणिक प्रगति की जानकारी देनी चाहिए। मोटिवेशनल कार्यक्रम के तहत छात्रों को नियमित उपस्थिति के लिए प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार या प्रशंसा कार्यक्रम चलाए जा सकते हैं। यह विदाई समारोह सभी के लिए एक भावुक और यादगार अनुभव रहा, जिसमें शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन मिथलेश यादव ने किया। सबसे पहले शिक्षकों द्वारा विधायक प्रकाश राम को पुष्प गुच्छ व शॉल भेंटकर सम्मानित किया।




**शिक्षकों के विदाई के मौके पर मौजूद शिक्षक गण**

बिंदेश्वर यादव, केदार यादव, शशिभूषण सिंह, महेश्वर सिंह, बृजमोहन राम,जीतू भगत, जीतू ठाकुर, त्रिभुवन नारायण सिंह शामिल है।
मौके पर-प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी निर्मला लता, संतोष यादव, रंजीत जायसवाल, विजय गुप्ता, मनीष जायसवाल, टुनु राम, मुरली प्रसाद, विजय प्रसाद समेत काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

## चंदवा: संदेहास्पद स्थिति में युवक की मौत

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बारी पंचायत के रामपुर गांव में एक 32 वर्षीय युवक सुकरा भुईंया पिता बिन्दु भुईंया की संदेहास्पद मौत अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद हो गयी। परिजनों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद शनिवार की दोपहर चंदवा पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक के परिजनों से पूरे मामले की जानकारी ली व शव को अपने कब्जे में लेकर अन्त:प्रेक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों व परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक सुकरा भुइयां को हल्का बुखार आने पर ब्रह्मणी चिकित्सक के पास उपचार के लिए निजी क्लिनिक पहुंचा था। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद इंजेक्शन दी गयी व घर जाकर आराम करने की सलाह दी गई। लेकिन घर पहुंचने के साथ ही सुकरा की तबियत बिगड़ने लगी और खून की उल्टी होने के बाद दम तोड़ दिया।

पूर्व उपमुख्यमंत्री ने शहरी क्षेत्र में

# 12 करोड़ की लागत से हो रहे सड़क सुदृढ़ीकरण का किया निरीक्षण



एजेंसी

**कटिहार।** कटिहार नगर स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद पथ में सिटी बुकिंग से महमूद चौक तक 2.1 किलोमीटर लंबी सड़क का 12 करोड़ रुपए की लागत से सुदृढ़ीकरण, चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण के निमार्णाधीन कार्य का अंश भाग फल पट्टी एवं पुराना बाटा चौक के पास का निरीक्षण पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने अपने सहयोगियों तथा अभियंता के साथ किया।

साथ ही उन्होंने इस व्यावसायिक क्षेत्र में समय सीमा के अंदर सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से यह अधिकतम 80 फीट एवं न्यूनतम 20 फीट चौड़ी हो जाएगी । इस महत्वपूर्ण सड़क पर उच्च माध्यमिक विद्यालय, डाकघर, दूरसंचार कार्यालय, न्यू मार्केट, सब्जी मंडी, होटल, गुरुद्वारा, बड़ी दुर्गा स्थान आदि अवस्थित है। यह पथ सब्जी मंडी एवं होटल के कारण अत्यधिक व्यस्त रहती है जिससे वाहन एवं आम नागरिकों को आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है। अब इस पथ के चौड़ीकारण, सुदृढ़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण हो जाने से इस गंभीर समस्या का निराकरण होगा। साथ ही इस सड़क के बीच में विद्युत पोल एवं हाईमास्क टावर अधिस्थापित किया जाएगा। साथ ही डिवाइडर का सौंदर्यी करण तथा सब्जी मंडी के कारण वाहनों एवं आम नागरिकों को आवागमन में कोई असुविधा नहीं हो इसके लिए विशेष प्रबंध किया जाएगा। यह पथ पथ प्रमंडल कटिहार के द्वारा निमार्णाधीन है। इस अवसर पर पूर्व उप मुख्यमंत्री के साथ भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष लक्खी प्रसाद महतो, निगम पार्षद प्रमोद कुमार महतो, मोहम्मद मुर्तजा, निगम पार्षद प्रतिनिधि मनोज राय, बब्बन झा, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर जायसवाल, बलराम कुमार, लच्छू शर्मा, दीपक बाँसफोर, सुनील कुमार, संजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

## पूर्णिया एयरपोर्ट और रानीपतरा सर्वोदय आश्रम को लेकर केंद्र सरकार ने लिखा पत्र : पप्पू यादव

**पूर्णिया।** पूर्णिया और कोसी क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत सांसद पप्पू यादव ने केंद्र सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्री और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री, पूर्णिया एयरपोर्ट और रानीपतरा सर्वोदय आश्रम के पुनरुद्धार के संबंध में पत्र लिखा है। इन पत्रों में विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने के आश्वासन के साथ प्रगति की जानकारी दी गई है। सांसद पप्पू यादव को नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने अपने पत्र में बताया कि पूर्णिया एयरपोर्ट पर अंतरिम टर्मिनल भवन के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बिहार सरकार द्वारा अधिग्रहित 52.18 एकड़ भूमि पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआइ) द्वारा निविदा जारी की गई है, जिसकी तकनीकी बोली जल्द खोली जाएगी। मंत्री ने कहा कि पूर्णिया एयरपोर्ट पर दरभंगा की तर्ज पर वायु सेवा बहाल करने की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण होगा। वहीं, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने अपने पत्र में रानीपतरा सर्वोदय आश्रम के ऐतिहासिक महत्व को स्वीकार करते हुए इसके पुनरुद्धार के लिए कार्यवाही शुरू करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि सांसद पप्पू यादव द्वारा दिए गए प्रस्ताव को संबंधित अधिकारियों के पास भेजा गया है। इससे पूर्व सांसद ने पत्र लिख कर केन्द्रीय मंत्री को रानीपतरा सर्वोदय आश्रम के ऐतिहासिक महत्व के बारे में बताया था और लिखा था कि 1980 के दशक तक इस आश्रम का सालाना कारोबार 1.5 करोड़ रुपये तक था। यह खादी ग्रामोद्योग का सेंट्रल गोदाम था और इसमें 22 से अधिक उद्योग चलते थे।

# निजी क्लीनिक में मरीज की मौत पर हंगामा और आगजनी

एजेंसी

**अररिया।** जिले के बथनाहा हटिया स्थित एक निजी क्लीनिक में शनिवार को इलाज के दौरान मरीज की मौत पर परिजन और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा मचाया।क्लीनिक में तोड़फोड़ की साथ ही आक्रोशित लोगों ने बथनाहा-वीरपुर मुख्य सड़क मार्ग को हटिया के समीप घंटों जामकर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया।



आक्रोशित लोगों ने सड़क पर टायर जलाकर आगजनी की और चिकित्सक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाद में फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा, बथनाहा थानाध्यक्ष धनोज कुमार गुप्ता पुलिस अधिकारियों और बलों के साथ पहुंचकर आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया और सड़क को जाम से मुक्त कराया। मृतक फुलकाहा थाना क्षेत्र नवाबगंज वार्ड संख्या नौ का रहने वाला 50 वर्षीय श्याम पासवान पिता स्व. रवि पासवान है। आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने बताया कि नवाबगंज का श्याम पासवान शनिवार दोपहर बाद बथनाहा हटिया चौक स्थित डॉ श्याम कुमार के निजी क्लीनिक में पहुंचा था। जहां इलाज के क्रम में चिकित्सक के द्वारा एक इंजेक्शन दिया गया। जिसके लगने के बाद मरीज की स्थिति बिगड़ती चली गई और अंतोगत्वा मरीज की मौत हो गई,जिसके बाद चिकित्सक और उसके स्टाफ वहां से भाग निकले, जिसके बाद परिजन भड़क उठे और हंगामा करने लगे। तोड़फोड़ के बाद परिजनों ने बथनाहा वीरपुर सड़क मार्ग को घंटों जाम कर दिया और सड़क पर आगजनी कर प्रदर्शन करने लगे।

पुलिस के हस्ताक्षेप से जाम हटाया गया। आक्रोशित लोगों को लिखकर आवेदन देने पर समुचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए समझा बुझाकर शांत कराया। आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने बथनाहा जैसे जगह में अवैध रूप से पैथोलॉजी लैब खोले जाने और उनमें भयादोहन करने का आरोप लगाया।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जलाया पीएम और गृहमंत्री का पुतला

खबर मन्त्र संवाददाता

**भागलपुर।** बीते 19 दिसम्बर को संसद भवन में कांग्रेस सांसदों के साथ अपमानजनक व्यवहार एवं लोक सभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गाँधी को झूठे मुकदमे में फँसाने के विरोध में शनिवार को नगर कांग्रेस कमिटि भागलपुर के द्वारा स्थानीय कचहरी चौक स्थित भागलपुर समाहरणालय के मुख्य द्वार पर भागलपुर के विधायक अजीत शर्मा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विधायक श्री शर्मा के आवास स्थित कांग्रेस के कैम्प कार्यालय से जुलूस में सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरूष कांग्रेस कार्यकर्त्ता शामिल थे। इस अवसर पर विधायक श्री शर्मा ने कहा कि अमित शाह ने संसद में संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेदकर के विरूद्ध अपमानजनक टिप्पणी कर अक्षम्य अपराध किया है।





## एनएच-527ई के 27.850 किलो मीटर सड़क के रखरखाव के लिए दी प्रशासनिक स्वीकृति

**पटना।** दरभंगा जिले में सड़कों के बेहतर देखरेख के लिए केंद्र सरकार ने एनएच-527 ई के 27.850 किलोमीटर के अल्पकालिक रखरखाव के कार्यों के लिए तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। रखरखाव संबंधित कार्य दरभंगा मुख्यालय के हजमा चौक से कुम्हिया चौक, बहेरी (दरभंगा) तक किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री-सह-पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, दरभंगा जिले में सड़क रखरखाव के लिए केंद्र सरकार द्वारा दी गई स्वीकृति से राज्यवासियों को खासा लाभ मिलेगा। हम केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने राज्य द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए परियोजना को मंजूरी दी। परियोजना को पूर्ण करने के लिए दो करोड़ नवासी लाख पचहत्तर हजार आठ सौ सड़सठ रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। पथ के नवीनीकरण से न केवल दरभंगा एवं आसपास के क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा, बल्कि सड़क सुरक्षा में भी सुधार होगा। साथ ही समस्तीपुर के रोसड़ा से दरभंगा की यात्रा और भी सुविधाजनक हो जाएगी।

## उपभोक्ताओं के साथ लगातार संपर्क बनाए रखना अत्यंत आवश्यक : पंकज

**पटना।** ऊर्जा सचिव एवं सीएमडी, बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड पंकज कुमार पाल ने आज राजस्व संग्रहण और स्मार्ट प्रीपेड मीटर इंस्टॉलेशन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। मौके पर पाल ने कहा कि उपभोक्ताओं के साथ लगातार संपर्क बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है ताकि वे समय पर बिजली बिल जमा करें और बिजली से संबंधित उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं तक पहुंचने के लिए नियमित रूप से माइकिंग, कॉलिंग और घर-घर जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करना अनिवार्य है। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को उनके बैलेंस शून्य होने की स्थिति में तत्काल रिचार्ज करने हेतु जागरूक करना और उन्हें मोबाइल ऐप डाउनलोड कराकर उसका उपयोग करना सिखाना भी जरूरी है। पाल ने मीटरिंग एजेंसियों को निर्देशित किया कि 31 दिसंबर 2024 तक सभी सरकारी भवनों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर अनिवार्य रूप से इंस्टॉल किए जाएं। उन्होंने कई स्थानों पर स्मार्ट प्रीपेड मीटरों के खराब होने की शिकायतों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे न केवल उपभोक्ताओं को असुविधा हो रही है, बल्कि वितरण कंपनियों को राजस्व का नुकसान भी हो रहा है। उन्होंने विशेष रूप से सिक्योर मीटर्स और इंटेलिस्मार्ट जैसी एजेंसियों के खराब प्रदर्शन पर कड़ी चेतावनी देते हुए अपने कार्यबल को बढ़ाकर लक्ष्य समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही, सभी एजेंसियों को 15 जनवरी 2025 तक खराब मीटरों को अनिवार्य रूप से बदलने के निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न अंचल और प्रमंडल अधिकारियों ने राजस्व संग्रहण में आ रही चुनौतियों को साझा किया। पाल ने अधिकारियों को राजस्व संग्रहण की प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए उपभोक्ताओं के साथ निरंतर संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## वार्षिकोत्सव स्वरांजलि कार्यक्रम का आयोजन

**भागलपुर।** सैनिक स्कूल गणपत राय सलारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर भागलपुर में शनिवार को वार्षिकोत्सव स्वरांजलि का आयोजन किया गया। संगठन मंत्री ख्यालीराम, प्रदेश सचिव प्रदीप कुशवाहा, लक्ष्मी नारायण डोकनिया, सचिव उपेंद्र रजक, अध्यक्ष डॉ चंद्रभूषण सिंह, क्षेत्रीय बौद्धिक प्रमुख राणा प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य अमरेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ख्याली राम ने कहा कि छात्रों का सर्वांगीण विकास, नेतृत्व कौशल, व्यक्तित्व विकास एवं देशभक्ति ही शिक्षा का मूल उद्देश्य है। राणा प्रताप ने कहा कि आज के शिक्षा में समझ विकसित करने की आवश्यकता है। उपेंद्र रजक ने कहा कि भाषा और संस्कृति की रक्षा करना हमारे विद्यालय के शिक्षा का एक मुख्य उद्देश्य है। प्रदेश सचिव प्रदीप कुशवाहा ने कहा कि राम के चरित्र को अपनाकर एक आदर्श पुत्र आदर्श शिष्य एवं आदर्श राजा के गुण को विकसित करना ही विद्या भारती का मुख्य उद्देश्य है। लक्ष्मी नारायण डोकनिया ने कहा कि सामाजिक कार्यों के पूर्ति प्रति रुचि जागरण करना, नैतिकता, सदाचार एवं परोपकार का गुण छात्रों में अवश्य विकसित होना चाहिए। इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों के आंतरिक गुणों का विकास होता है। इस अवसर पर गणेश वंदना, लोक नृत्य, झिझिया, डंबल योग, समूह गीत, पंजाबी भांगड़ा, अंग्रेजी नाटक, लोक नृत्य, घूमर, संस्कृत गीत, एकांकी, तराना नृत्य, गोपी कृष्ण नृत्य और योग नृत्य आदि अनेक कार्यक्रमों का प्रस्तुति छात्रों के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में शिशु मंदिर, विद्या मंदिर एवं प्रशिक्षण महाविद्यालय के छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर विद्यालय परिसर में कला प्रदर्शनी, गणितीय प्रदर्शन, द्वादश ज्योतिर्लिंग, भारत के प्राचीन महान वैज्ञानिकों और गणितज्ञों का चित्र प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। दर्शकों के सुविधा के लिए छात्रों के द्वारा फूड काउंटर भी बनाया गया। आदित्य कुमार, नयन, हर्ष राज, सौम्या, स्वस्ति आर्यन, अंकित कुमार, शाश्वत, आनंद कुमार, रुचि रानी, शिवम कुमार आदि के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

# राम साहू ने हरिजन व सूरत पांडेय ने ज्ञान निकेतन को हराया

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के छठे दिन रामा साहू उच्च विद्यालय ने हरिजन मध्य विद्यालय को आठ विकेट जबकि दूसरे मैच में सूरत पांडेय पब्लिक स्कूल ने ज्ञान निकेतन को रोमांचक मुकाबले में एक विकेट से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। ज्ञान निकेतन कान्वेंट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 57 रन ही बना पाई। सूरत पांडेय की ओर से विक्की ने चार विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी सूरत पांडेय एक ओवर शेष रहते 9 विकेट खोकर विजय लक्ष्य को पा लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार विक्की को दिया गया।



मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते प्रतियोगिता के पदाधिकारी

दूसरे मैच में हरिजन मध्य विद्यालय टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 43 रनों पर ही सिमट गई। रामा साहू उच्च विद्यालय की ओर से रुपेश कबीर और आदित्य ने दो-दो विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी रामा साहू की टीम ने दो विकेट खोकर 44 रन बना लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रामा साहू के यगीज़ को दिया गया। मौके पर उपाध्यक्ष मुजीबुद्दीन खान, सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, अभिषेक द्विवेदी, संजय तिवारी, रोहन तिवारी, मनीष उपाध्याय, आकाश कुमार, धीरज, रोहित प्रजापति आदि उपस्थित थे। अंपायर की भूमिका धीरज, आलोक कुमार, विशाल कुमार और स्करर की भूमिका मंजय पाल ने निभाई। वहीं कमेंटेटर की भूमिका प्रिंस खान और मनोज तिवारी ने निभाई।

## डीडीसी ने प्रखंड कर्मियों के साथ की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा ने प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायतों में संचालित सभी विकास योजनाओं का बारी-बारी से समीक्षा की गई।

जिसमें मनरेगा योजना, अबुआ आवास योजना, पीएम आवास योजना, जनमन आवास योजना, मुख्यमंत्री मईंयां सम्मान योजना, 15वीं वित आयोग योजना आदि की समीक्षा की गई। डीडीसी ने उपस्थित मनरेगा कर्मियों, पंचायत सचिव, जेई आदि कर्मियों को पंचायत में संचालित योजनाओं को एक सप्ताह के अन्दर पूरा करने का निर्देश दिया।



बैठक करते डीडीसी

उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं में कोई त्रुटी है, उसे अविलंब ठीक कराते हुए ससमय पूर्ण करें। बैठक के बाद डीडीसी ने बीडीओ, बीपीओ एवं संबंधित कर्मियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस मौके पर सीओ शंभू राम, पंचायत सचिव सतीश सिंह, अजीत सिंह, नवनीत कुमार, जेई चंदन कुमार, वरुण कुमार, प्रमेंद्र विश्वकर्मा, बीपीओ आनंद राज आदि उपस्थित थे। बैठक का संचालन बीडीओ नंदजी राम ने किया।

**मुखिया संघ ने डीडीसी को सौंपा मांग पत्र :** भवनाथपुर मुखिया संघ की अध्यक्ष बेबी देवी ने डीडीसी को मांग पत्र सौंप कर मनरेगा योजना के तहत प्रत्येक पंचायत में मिट्टी मोरम पथ तथा पशु शेड निर्माण के लिए स्वीकृति दिलाते हुए उक्त दोनों योजनाओं को पुनः चालू कराने की मांग की। मौके पर मुखिया गायत्री देवी, इशरत जहां, लाईची देवी, अनिता देवी सरिता देवी, नंदलाल पाठक, सुकनी देवी आदि मौजूद थे।

## श्याम महोत्सव को लेकर निकला निशान शोभायात्रा

**फारबिसगंज/अररिया।** फारबिसगंज में श्याम महोत्सव को लेकर श्याम परिवार की ओर से आज शनिवार को शहर में निशान शोभायात्रा निकाली गई। वही, इस निशान यात्रा का शुभारंभ सिद्ध सागर भवन से हुआ।श्री श्याम महोत्सव को लेकर निकाले गए इस निशान यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए,जो अपने हाथों में निशान ध्वज थामे हुए था।इस अवसर पर खाटू श्याम को विराजित कर आकर्षक रूप से सजाया और रथ में स्थापित कर गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकली।यात्रा में शामिल भक्तों ने जमकर श्री श्याम बाबा का जयकारा लगाया। जिससे शहर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। शहरी क्षेत्र सहित आसपास के क्षेत्रों में खाटू के बाबा श्री श्याम के भक्तों की बड़ी संख्या है। वहीं निशान यात्रा में श्री श्याम बाबा की भव्य झांकी सजाई गई थी। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु हाथों में श्याम ध्वज लेकर इसमें शामिल हुए। इस दौरान श्याम बाबा के जयकारे एवं भजनों से पूरा शहर गूंजता रहा।जहां निशान यात्रा में श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते दिखाई दिए। निशान यात्रा सिद्ध सागर भवन से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए पुनः भवन पहुंचकर संपन्न हुआ।

## समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका को दी गई विदाई



सम्मानित करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखण्ड के खुटहेरिया पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय खुटहेरिया की सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका प्रतिमा कुमारी को समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत के बीडीसी अभिनंदन शर्मा थे। शिक्षिका प्रतिमा कुमारी 30 नवम्बर को सेवाकार्य से सेवानिवृत्त हुई। वे इस विद्यालय में 2001 में योगदान की थीं। मौके पर बीडीसी अभिनंदन शर्मा ने कहा कि सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होना यह एक नियमित प्रक्रिया है। जो भी व्यक्ति सरकारी सेवा में आता है उसे एक दिन सेवानिवृत्त होना ही है। उन्होंने कहा कि शिक्षिका प्रतिमा कुमारी कार्यकाल इस विद्यालय में अच्छा रहा है। शिक्षिका प्रतिमा कुमारी को स्वस्थ्य जीवन की कामना करते हुए उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षक छठी लाल प्रसाद, बुनियादी विद्यालय कुशहा की प्रधानाध्यापिका रेणु बाला सिंह, उदय कुमार गुप्ता, अंगद प्रसाद गुप्ता, शिव प्रसाद गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी, सुखदेव प्रसाद, अंजनी मिश्रा, बासुदेव प्रसाद, चंदन चंद्रवंशी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सेमिनार कक्ष में शनिवार को राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर सहायक प्राध्यापक जनार्दन शुक्ला ने श्रीनिवास रामानुजन के बारे में विचार व्यक्त करते हुए संबोधित किया। प्राचार्या ने कहा कि श्रीनिवास रामानुजन अपने समय के बहुत अच्छे गणित के ज्ञाता थे। जिन्होंने आध्यात्मिकता के साथ रहते हुए गणित तथा गणित के नये सूत्रों की खोज में रुचि दिखाई। सभी प्रशिक्षुओ ने अपने-अपने संबोधन में श्रीनिवास रामानुजन के बारे में भाषण को प्रस्तुत किया। मौके पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अरविंद तिवारी, शशिकांत सिंह यादव, जनार्दन शुक्ला, आनंद कुमार चौबे आदि उपस्थित थे।






उपस्थित प्रशिक्षक व प्रशिक्षु

## दुष्कर्म के मामले में शादीशुदा युवक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र के एक गांव की एक 17 वषीर्या युवती के साथ सेमरी गांव निवासी अख्तर अंसारी के शादीशुदा 30 वर्षीय पुत्र अफजल अंसारी को दुष्कर्म करने के आरोप में मझिआंव पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार नाबालिग युवती मझिआंव थाना क्षेत्र में अपने मामा के घर रहकर मुखदेव टेन प्लस टू करमडीह विद्यालय में पढ़ती थी।

गत गुरुवार की रात्रि अचानक युवती घर से लापता हो गई। इसके बाद रात्रि में ही उसके रिश्तेदारों द्वारा आसपास के क्षेत्र में खोजबीन शुरू कर दिया। इसी दौरान बोदरा गांव के समीप मुख्य सड़क पर एक स्कॉर्पियो वाहन में युवती के साथ अफजल अंसारी को आपत्तिजनक स्थिति में रहने की सूचना मिली।



गिरफ्तार अफजल अंसारी

इसकी सूचना तत्काल थाना पुलिस को दी गई। पुलिस बिशुनपुरा मुख्य सड़क पर गश्ती करते हुए करमडीह होते हुए बोदरा की ओर जा रही थी। इसी दौरान सड़क पर एक स्कॉर्पियो में नाबालिग युवती एवं अफजल अंसारी नग्न अवस्था में पकड़ा गया।

पुलिस ने स्कॉर्पियो को जप्त कर लिया। साथ ही दोनों को पकड़कर थाना ले आई। पुलिस ने युवती के पिता के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर युवती को घर से अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोप में थाना कांड संख्या 127/24 दिनांक 20/12/24 के तहत धारा 137(2), 87, 64 बीएनएस पोक्सो एक्ट 3 (2) (वी) एसटी एससी के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह प्रभारी थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि अफजल अंसारी को नाबालिग युवती के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गया। युवती के पिता के द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है। जिसमें उनकी पुत्री का अपहरण कर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। युवती को मेडिकल जांच एवं कोर्ट में 183 का ब्यान दर्ज के लिए भेजा गया है।

## डीएम ने असहाय गरीबों के बीच कंबल का किया वितरण

**नवादा।** नवादा के जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने शनिवार को रजौली अनुमंडल क्षेत्र में सर्दी को देखते हुए गरीबों के बीच कंबल का भी वितरण किया। उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बड़ा दुनिया का कोई धर्म नहीं। जोगियामारण पंचायत के मध्य विद्यालय भगवानपुर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने उपस्थित प्रधानाध्यापक से सभी शिक्षकों का उपस्थिति के बारे में जानकारी लिया। विद्यालय परिसर में ही निमार्णाधीन खेल के मैदान का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खेल मैदान में बाउंड्री, रनिंग ट्रैक, बैडमिंटन कोर्ट, बास्केट कोर्ट के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारी को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। इसके साथ जिला पदाधिकारी ने अकबरपुर प्रखंड के माखर पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया गया एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं उपस्थित अन्य अधिकारी को इसकी उपयोगिता एवं रखरखाव पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी रजौली आदित्य कुमार पीयूष, डीसीएलआर रजौली प्रमोद कुमार, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ-साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## प्यार की जीवनधारा है प्रयास : मलाइका



**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा ने अर्जुन कपूर के साथ अपने ब्रेकअप की घोषणा नहीं की। मलाइका अरोड़ा ने एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें उन्होंने ब्रेकअप की वजह बताई है। मलाइका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा कि प्रयास प्यार की जीवनधारा है। इसके बिना आग बुझ जाती है। एक्ट्रेस के साथ जुड़ा अर्जुन का नाममलाइका अरोड़ा से ब्रेकअप की खबरों के बीच अर्जुन कपूर का नाम एक्ट्रेस कुशा कपिला के साथ जुड़ा। इतना ही नहीं अर्जुन और मलाइका के ब्रेकअप की वजह भी कुशा को ही बताया गया था। अर्जुन और कुशा की डेटिंग की अफवाह थी।

## हार्डकोर नक्सली बांद्रा तांती गिरफ्तार

**बीजापुर/रायपुर।** एनआईए ने 10 जवानों की जान लेने वाले हार्डकोर नक्सली बांद्रा तांती को गुरुवार को सीआरपीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर लिया। उसे अरनपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया। एसपी जीतेन्द्र यादव ने यह जानकारी दी। एनआईए के अनुसार बांद्रा ताती अन्य नक्सलियों के साथ मिलकर आतंकी हमले की साजिश में सीधे तौर पर शामिल था। जांच में यह भी सामने आया है कि तांती आईईडी के परिवहन के अलावा घातक हमले को अंजाम देने के लिए सहायक भूमिका निभा रहा था। इसकी गिरफ्तारी से सुरक्षा बलों के मनोबल को भी मजबूती मिलेगी और नक्सलवाद के खिलाफ चल रही कार्रवाई को और तेज किया जाएगा।

## नमो भारत में किराए पर 10 प्रतिशत छूट

**गाजियाबाद।** नमो भारत ट्रेन के यात्रियों के लिए खुशखबरी है अब उन्हें किराए में 10 प्रतिशत की छूट मिल सकेगी इसको लेकर एनसीआरटीसी ने लालित्य प्वाइंट प्रोगाम लॉन्च कर दिया है। एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक, शलभ गोयल ने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर वरिष्ठ अधिकारियों और यात्रियों की उपस्थिति में किया। इसके अलावा यात्रियों के लिए द्वि-मासिक न्यूजलेटर नमो भारत टाइम्स का भी अनावरण किया गया।

## पंजाब में सीमा पर ड्रोन और हेरोइन बरामद

जालंधर । बीएसएफ ने शनिवार को पंजाब के फिरोजपुर और अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में एक ड्रोन और हेरोइन की दो खेप बरामद की हैं। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि खुफिया विंग की सूचना के आधार पर, बीएसएफ जवानों द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया जिसस दौरान आज सुबह लगभग 08:35 फिरोजपुर जिले के गांव- झंगड़ भैणी के निकट एक खेत से हेरोइन का 545 ग्राम का एक पैकेट बरामद हुआ।

## बस्तर : सड़क हादसे में चार ग्रामीणों की मौत

**बस्तर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर के दरभा में शनिवार को एक भीषण सड़क हादसा हादसे में तीन महिलाओं सहित चार ग्रामीणों की मौके पर मौत हो गई जबकि 12 अन्य घायल हो गये। दरभा के चांदामेटा गांव के पास एक मेटाडोर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में चार ग्रामीणों की मौत हो गई और 12 ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

# रूस में 9/11 जैसा हमला, कजान में तीन भवनों से टकराया ड्रोन

## वर्ल्ड ट्रेड सेंटर अटैक की दिलायी याद, एयरपोर्ट को किया गया बंद

▶▶ हाई राइज बिल्डिंग पर आठ ड्रोन हमले, 630 आवासीय इमारत, 16 चिकित्सा केंद्र और 30 स्कूल हुये क्षतिग्रस्त

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस के कजान शहर में शनिवार को 9/11 जैसा हमला हुआ है। कजान की तीन बड़ी इमारतों में ड्रोन अटैक हुआ। इमारतों में ड्रोन के टकराने का फुटेज भी सामने आया है। इसके चलते रूस में हड़कंप मच गया है। कजान हवाई अड्डे को भी अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। उड़ानों के आगमन और प्रस्थान पर रोक लगा दी गई है। रूस के विमानन निगरानी संस्था रोसावियात्सिया ने शनिवार को टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप के माध्यम से कहा कि शहर पर यूक्रेनी ड्रोन हमले के बाद ये कदम उठाया गया है।

रूस ने दो अन्य हवाई अड्डों पर भी अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया है। कजान के उत्तर-पूर्व में स्थित सारातोव में ये प्रतिबंध लगाए गए। हालांकि, सारातोव पर प्रतिबंध बाद में हटा दिए गए। रूसी राज्य समाचार एजेंसी तास ने मॉस्को से लगभग 800 किमी पूर्व में स्थित शहर कजान में एक रिहायशी परिसर पर ड्रोन हमले की सूचना दी है। एजेंसी ने बताया कि रिहायशी हाई राइज बिल्डिंग पर आठ ड्रोन हमले हुए हैं। एजेंसियों ने स्थानीय अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

मिसाइल हमले से तीन जिलों में नुकसान हुआ और आग लग गई। शहर के प्रशासन ने यह जानकारी दी। प्रशासन ने कहा कि इस हमले में 630 आवासीय इमारतों, 16 चिकित्सा केंद्रों और 30 स्कूलों को नुकसान हुआ। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह हमला दो दिन पहले रोस्तोव सीमा क्षेत्र पर यूक्रेनी मिसाइल हमले के जवाब में किया गया।

रूस के अनुसार, यूक्रेन ने हमले में अमेरिका में निर्मित छह आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम मिसाइलों और ब्रिटेन से मिलीं चार ह्यस्टॉर्म शैडो एयर-लॉन्च मिसाइलों का इस्तेमाल किया था।

### ब्रिक्स सम्मेलन को ले चर्चा में रहा था कजान

कजान शहर 2024 ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए चर्चा में रहा। वहीं, इसे रूस की तीसरी राजधानी भी कहा जाता है। 2018 में यहीं पर फीफा वर्ल्ड कप आयोजित किया गया था। यहां भारत भी अपना दूतावास खोलने वाला है।

### रूस का यूक्रेन पर आरोप

रूसी रक्षा मंत्रालय ने आरोप लगाया कि इसके पीछे यूक्रेन का हाथ है। रूस ने कहा कि यूक्रेन ने ये बड़ी गलत कर दी है।



**फुटेज आया सामने :** रूस की सुरक्षा सेवाओं के जुड़े बाजा टेलीग्राम चैनल ने वीडियो फुटेज भी जारी की है। इसमें एक ड्रोन ऊंची इमारत से टकराते हुए दिखाई देता है। ड्रोन के टकराते ही एक बड़ा आग का गोला बनता है और इमारत क्षतिग्रस्त होती दिखती है। रूस का कजान शहर यूक्रेन के कीव से करीब 1400 किलोमीटर की दूरी पर है। ब्रूस-यूक्रेन में 24 फरवरी 2022 से जंग चल रही है।

# अमेरिका में शटडाउन का खतरा टला

## सीनेट ने वित्त पोषण विधेयक को दी मंजूरी

▶▶ सदन ने नये विधेयक को 366-34 से दी मंजूरी

▶▶ शटडाउन से 8.75 लाख कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया जाता, इमरजेंसी सेवा में लगे 14 लाख को बिना वेतन के काम करना पड़ता

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद के दोनों सदनों से अस्थाई फंडिग बिल पारित हो गया है। इससे आखिरी वक्त में गवर्नमेंट शटडाउन टल गया। अगर यह शटडाउन लागू हो जाता तो सरकार के पास कर्मचारियों को सैलरी देने के पैसे नहीं बचते। अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के निचले सदन हाउस ऑफ रेप्रेसेंटेटिव में जहां 34 के मुकाबले यह बिल 366 वोट से पारित हो गया। वहीं ऊपरी सदन सीनेट में यह 11 के मुकाबले 85 वोटों से पास हुआ। अब यह बिल राष्ट्रपति जो बाइडेन के सिग्नेचर के लिए शनिवार (अमेरिकी समयानुसार शुक्रवार) को ही व्हाइट हाउस भेजा जाएगा। जिसके बाद यह कानून बन जाएगा। अगर यह बिल पास नहीं होता तो अमेरिका में सरकारी शटडाउन लग जाता। इससे 8.75 लाख कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया जाता, जबकि इमरजेंसी सेवा में लगे 14 लाख कर्मचारियों को बिना वेतन के काम करना पड़ता। पिछली बार 2018 में जब 35 दिनों तक शटडाउन रहा था तब 20 लाख से ज्यादा लोग इससे प्रभावित हुए थे।



बिल पास करने के लिए रिपब्लिकन पार्टी के 170 सांसदों और डेमोक्रेटिक पार्टी के 196 सांसदों ने पक्ष में वोट दिया। जबकि 34 रिपब्लिकन सांसदों ने इस बिल के विपक्ष में वोट दिया। बिल पास करने के लिए रिपब्लिकन पार्टी के 170 सांसदों और डेमोक्रेटिक पार्टी के 196 सांसदों ने पक्ष में वोट दिया। जबकि 34 रिपब्लिकन सांसदों ने इस बिल के विपक्ष में वोट दिया।

अमेरिका में सरकार के कर्ज की एक सीमा तय होती है। वह देश चलाने के लिए उससे ज्यादा उधार नहीं ले सकती है। बीते सालों में सरकार को कैशलेस होने से बचाने के लिए ये सीमा कई बार बढ़ी है। इसके लिए अमेरिकी संसद में एक बिल लाया जाता है। एक बार बिल खारिज होने के बाद इसे दोबारा पास कराने के लिए आज यानी शनिवार तक का आखिरी समय था। इसके बाद भी बिल पास नहीं होता तो अमेरिका में शटडाउन लग सकता था। कर्ज सीमा को बढ़ाने को लेकर विवाद न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका का बजट घाटा बहुत ज्यादा है। इसका मतलब ये हुआ कि सरकार का खर्च उसकी कमाई से कहीं ज्यादा है। इसके चलते उसे अपने कामकाज के लिए कर्ज लेना पड़ता है। हालांकि अमेरिकी सरकार जितना चाहे उतना कर्ज नहीं ले सकती। इसके लिए एक कर्ज लिमिट तय होती है। अमेरिकी सरकार अपने खर्च का भुगतान इसी सीमा के भीतर कर पाती है। अमेरिका में कर्ज लेने की प्रक्रिया 1939 में शुरू हुई थी। लेकिन तब से अब तक कर्ज लेने की सीमा को 103 बार बढ़ाया जा चुका है।

### शटडाउन से क्या पड़ता है असर

अगर अमेरिका में सरकारी शटडाउन लग जाता तो सरकार के खर्च के लिए पैसा नहीं होता, यानी सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाली सैलरी से लेकर सरकार तमाम दूसरे खर्च नहीं कर पाती। कई कर्मचारियों को नए साल पर वेतन नहीं मिलेता। हालांकि इमरजेंसी सर्विसेज जैसे- मेडिकल सर्विस, सीमा सुरक्षा और हवाई सेवाएं जारी रहती। सरकार को अपने खर्चों में कटौती करनी पड़ती। इससे 20 लाख कर्मचारियों को सैलरी नहीं मिलेती और गैर जरूरी कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया जाता। देश में कई संस्थान तब तक बंद हो सकते थे। अमेरिका में पिछले 50 साल में फंडिंग बिल अटकने की वजह से 20 बार शटडाउन हुआ है। ट्रंप के पिछले कार्यकाल में ही 3 बार सरकार को शटडाउन का सामना करना पड़ा था। 2019 का शटडाउन सबसे ज्यादा 35 दिन तक जारी रहा था, जिसमें अमेरिकी इकोनॉमी को 25 हजार करोड़ रुपए का घाटा हुआ था।

# खतरे में कनाडा की जस्टिन टूडो सरकार

▶▶ जनवरी में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करेगी एनडीपी : जगमीत सिंह

एजेंसी

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की अल्पमत लिबरल सरकार पर बड़ा संकट मंडरा रहा है। न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) के नेता जगमीत सिंह ने एक खुला पत्र जारी कर ऐलान किया है कि उनकी पार्टी अगले साल जनवरी में संसद के शीतकालीन सत्र के बाद अविश्वास प्रस्ताव पेश करेगी। यदि विपक्षी दलों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया, तो ट्रूडो की नौ साल पुरानी सरकार गिर जाएगी और देश में मध्यावधि चुनाव कराए जाएंगे। सिंह ने अपने पत्र में लिखा कि अब इस सरकार का समय पूरा हो चुका है। हम अगले सत्र में स्पष्ट अविश्वास प्रस्ताव पेश करेंगे। ब्लॉक क्यूबेकॉइस के नेता ने भी प्रस्ताव का समर्थन करने की बात कही है। वहीं, कंजरवेटिव नेता पियरे पोइलीवर ने गवर्नर जनरल मैरी साइमन से अपील की है कि वे संसद को वापस बुलाकर जल्द से जल्द विश्वास मत कराएं। हालांकि, संवैधानिक विशेषज्ञों का



कहना है कि यह कदम खारिज कर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ट्रूडो पहले से ही वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड के इस्तीफे और कैबिनेट फेरबदल के कारण दबाव में हैं। उनकी सरकार बढ़ती महंगाई, आवास संकट और जनता की नाराजगी का सामना कर रही है। पिछले 18 महीनों में किए गए सर्वेक्षणों से पता चलता है कि यदि चुनाव हुए तो लिबरल पार्टी को कंजरवेटिव पार्टी के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, एनडीपी के लिए भी यह फैसला जोखिमभरा हो सकता है। सर्वेक्षण लिबरल पार्टी के साथ-साथ एनडीपी के लिए भी नकारात्मक संकेत दे रहे हैं।

# बांग्लादेश में उपद्रवियों ने की तीन मंदिरों में तोड़फोड़, एक गिरफ्तार

**मैमनसिंह और दिनाजपुर जिलों में आठ मूर्तियों को खंडित किया**

एजेंसी

**ढाका।** उपद्रवियों ने बांग्लादेश में तीन और हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया। इस दौरान मैमनसिंह और दिनाजपुर जिलों में आठ मूर्तियों को खंडित किया गया। पुलिस ने पुष्टि की है कि कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने इनमें से एक घटना के सिलसिले में 27 वर्षीय एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है।



मंदिर सूत्रों और स्थानीय लोगों के मुताबिक हलुआघाट पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी अबुल खैर ने शनिवार को बताया कि बदमाशों ने शुक्रवार तड़के हलुआघाट के शाकुई यूनियन में बोंदरपारा मंदिर की दो मूर्तियों को खंडित कर दिया।

मैमनसिंह में गुरुवार और शुक्रवार की तड़के दो मंदिरों में तीन मूर्तियों को नष्ट कर दिया गया।हलुआघाट के शाकुई यूनियन में बोंदरपारा मंदिर पर शुक्रवार को हमला किया गया था, जबकि एक दिन पहले बीलडोरा संघ में पोलाशकंद काली मंदिर में एक और मूर्ति को खंड़ित दिया गया था। इससे पहले, 29 नवंबर को चटगांव में तीन मंदिरों में नारे लगाने वाली भीड़ ने तोड़फोड़ की थी।

## किसानों के साथ संवाद की जरूरत : उपराष्ट्रपति

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि किसानों के साथ संवाद करने और संवेदना जताने की आवश्यकता है। धनखड़ हरियाणा के सिरसा में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है संकल्पित होने की–अन्नदाता से संबंधित प्रकरण संवाद और संवेदना से निर्णीत हों। अन्नदाता आर्थिक समृद्धि का आधार है। सामाजिक समरसता का सूत्रधार है। अन्नदाता का कल्याण ही देश प्रगति का शाश्वत रास्ता है और यही देश हित में भी। उन्होंने कहा कि चौटाला हरियाणा प्रदेश के पाँच बार सीएम और सात बार विधायक रहे। लेकिन उनका व्यक्तित्व इनसे परिभाषित नहीं होता।

# ओम प्रकाश चौटाला पंचतत्व में विलीन

▶▶ हरियाणा के पूर्व सीएम को उपराष्ट्रपति, मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री समेत कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। चौटाला का अंतिम संस्कार उनकी इच्छानुसार सिरसा के गांव तेजा खेड़ा स्थित फार्म हाउस में किया गया। ओम प्रकाश चौटाला का शुक्रवार को गुरुग्राम के मेदांता मेडिसिटी में निधन हो गया था। चौटाला का पार्थिक शरीर शनिवार सुबह आठ बजे अंतिम दर्शनों के लिए तेजा खेड़ा फार्म हाउस पर रखा गया। जहां भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपनी पत्नी सुदेश धनखड़ के साथ



पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। धनखड़ ने कहा कि मृत्यु से पांच दिन पहले फोन पर उनके साथ बात हुई तो उन्होंने अपने बजाए मेरे स्वास्थ्य की चिंता की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि ओम प्रकाश चौटाला की स्मरण शक्ति और आत्मविश्वास बहुत था। वह विपरीत हालातों में भी आगे बढ़े। चौटाला ने अपने पूरे जीवन में किसान और गांव के विकास को प्राथमिकता दी। हरियाणा ने आज एक प्रखर वक्ता को खो दिया है। केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला, कुमारी सैलजा, शिरोमणि अकाली दल के पूर्व अध्यक्ष सुखबीर बादल समेत कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# 101 रेलवे अधिकारियों को मिला सेवा पुरस्कार

**नया सुपर ऐप जल्द यात्रियों के अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव लायेगा : वैष्णव**

एजेंसी


**नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को 101 रेलवे अधिकारियों को 69वां अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार और विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 22 जोन को शील्ड प्रदान किए। वैष्णव ने सभी पुरस्कार विजेताओं को उनके असाधारण कार्य और प्रयास के लिए बधाई दी। उन्होंने पिछले एक दशक में भारतीय रेलवे में हुई परिवर्तनकारी प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने निर्माण की तीव्र गति, कश्मीर से कन्याकुमारी रेल लिंक जैसी परियोजनाओं को पूरा करने और पूर्वोत्तर कनेक्टिविटी पहलों का उल्लेख किया । उन्होंने कहा कि 2025 तक 100% विद्युतीकरण के लक्ष्य के साथ विद्युतीकरण के प्रयासों में तेजी आई है, जबकि वंदे भारत, नमो भारत और माल ढुलाई गलियारों जैसी परियोजनाओं ने गति पकड़ी है। कवच सुरक्षा प्रणाली को बड़े पैमाने पर लागू किया गया है।




वैष्णव ने स्टेशन पुनर्विकास में उल्लेखनीय प्रगति, परिणामी दुर्घटनाओं में पर्याप्त कमी (345 से 90 तक) और शिकायतों से मुक्त कुशल भर्ती प्रक्रिया, 1.5 लाख पदों को भरने का उल्लेख किया । उन्होने बताया कि रेलवे में स्वच्छता पहलों की प्रशंसा की गई है, जिसमें विपक्षी नेताओं की प्रशंसा भी शामिल है, और एक नया सुपर ऐप जल्द ही यात्रियों के अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला है। वैष्णव ने बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और यात्रियों को विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करने के लिए सुरक्षा, रखरखाव, गुणवत्ता और प्रशिक्षण में प्रयासों को तीन गुना करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने रखरखाव नवाचार पर महत्वपूर्ण ध्यान देने की घोषणा की, जिसमें उद्योग सहयोग, उन्नत निरीक्षण प्रणाली और अधिकारियों और तकनीशियनों के लिए बेहतर प्रशिक्षण शामिल है, जिसमें जमीनी स्तर से फीडबैक शामिल है। अगले वर्ष जीरो डिरेलमेंट वाली जोन जैसी पहलों को शील्ड और वित्तीय पुरस्कारों से प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने सतत प्रगति सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक तकनीक, नीति सुधारों और संरचनात्मक परिवर्तनों के एकीकरण पर जोर दिया। राष्ट्र प्रथम, सदाव प्रथम के लोकाचार पर विचार करते हुए, मंत्री ने रेलवे को उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में बनाए रखने के लिए अद्वितीय टीमवर्क और अथक प्रयासों का आह्वान किया। बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ सतीश कुमार ने भारत मेंयात्रियों को विश्व स्तरीय यात्रा अनुभव के साथ-साथ किफायती रेल सेवाएं प्रदान करने के लिए भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन जैसी परियोजनाएं, लिफ्ट, एस्केलेटर और दिव्यांगजनों के अनुकूल बुनियादी ढांचे सहित विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ स्टेशनों को बदल रही हैं।

## एलजी ने इडी को दी केजरीवाल पर मुकदमा चलाने की अनुमति

**नयी दिल्ली।** नई आबकारी नीति के मामले में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए ईडी को मंजूरी दी। ईडी ने इसी महीने के आरंभ में केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी थी। ईडी ने अपनी जांच-पड़ताल में कथित तौर पर आबकारी नीति को तैयार करने और उसके कार्यान्वयन में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार पाया था। इसका उल्लेख इस साल 17 मई को राऊज एवेन्यू कोर्ट में दायर अभियोजन शिकायत संख्या 7 में किया गया था। अदालत ने 9 जुलाई को शिकायत का संज्ञान लिया। ईडी की अभियोजन शिकायत में आरोप लगाया गया है कि केजरीवाल ने ₹साउथ ग्रुप₹ के सदस्यों के साथ मिलकर 100 करोड़ रुपये की रिश्वत ली और टेलर-मेड शराब नीति तैयार करके और उसे लागू करके निजी संस्थाओं को अनुचित लाभ पहुंचाया।

सुप्रभात
रविवार 22.12.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 241
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



## धनबाद में किन्नरों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने की पहल
# उपायुक्त ने दिया सात ट्रांसजेंडर को पहचान पत्र

**▸▸ सभी को मिलेगा तृतीय लिंग पेंशन योजना का लाभ**

**▸▸ कई योजनाओं से लाभान्वित हो सकेंगे ट्रांसजेंडर**

**विशेष संवाददाता**

**धनबाद।** किसी भी शुभ कार्य खास कर शिशु के पैदा होने पर दल के साथ दरवाजे पर दस्तक देने और मुंह मांगी मुराद पूरी होने तक नाचने गाने वाले धनबाद के किन्नर समाज को मुख्य धारा में जोड़ने का अनूठा प्रयास किया गया है। शनिवार को जिले के 7 ऐसे किन्नरों को पहचानपत्र दिया गया। उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्र की पहलकदमी पर महिला बाल विकास विभाग की योजना के तहत सभी को पहचान पत्र दिया। इस अवसर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुजूर भी मौजूद थीं।



पहचान पत्र मिलने से किन्नरों को समाज में समुचित अधिकार और व्यक्तिगत पहचान के साथ मुख्यधारा में साझेदारी सुनिश्चित हो सकेगी। उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ भी मिल सकेगा। समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा सभी ऑनलाइन कार्यों का निष्पादन करते हुए सात किन्नरों को पहचान पत्र उपलब्ध कराया गया। उपायुक्त ने कहा कि धनबाद जिला में अब तक कुल 13 ट्रांसजेंडर को पहचान पत्र निर्गत किया गया है। भविष्य में भी अहतार्धारी व्यक्तियों को पहचान पत्र उपलब्ध कराया जाएगा।

इसके अलावा सामाजिक सहायता योजना के तहत ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों के लिए मुख्यमंत्री राज्य ट्रांसजेंडर/तृतीय लिंग पेंशन योजना के तहत सभी ट्रांसजेंडर को सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक नियाज अहमद द्वारा फॉर्म भराया गया। जिसका लाभ उन्हें कुछ दिनों में मिलना शुरू हो जाएगा।

## धनबाद में चौकीदारों के रिक्त पद पर सीधी बहाली प्रक्रिया शुरू
# सभी अंचल कार्यालय को एडमिट कार्ड वितरण करने का निर्देश : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद जिले में चौकीदरों के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति की पहल शुरू हो गई है। इस बाबत उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्र की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने चौकीदार बहाली की परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड के वितरण करने के लिए सभी अंचल कार्यालय में व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों में मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की नियुक्ति होनी चाहिये। ज्ञातव्य हो कि जिला में 29 दिसंबर को चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु परीक्षा विभिन्न केंद्रों पर ली जानी है।

बैठक में डीसी सुश्री मिश्र ने शारीरिक जांच



की भी चर्चा की एवं संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के बदलाव अगर होते हैं तो उसे जिला के वेबसाइट dhanbad.nic.in के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। बैठक में अन्य लोगों के अलावा एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, एसडीएम राजेश कुमार, डीएलएओ राम नारायण खलखो भी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### आदिम जनजाति बिरहोर के नंदलाल को मिला नियुक्ति पत्र



**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा द्वारा आदिम जनजाति के बिरहोर समुदाय के श्री नंदलाल बिरोहर को अनुकंपा के आधार पर चतुर्थ वर्ग में अनुसेवक हेतु नियुक्ति पत्र सौंपा गया। नंदलाल बिरोहर, पिता स्व. छोटाशुकर बिरहोर, भूतपूर्व अन्न भंडार चौकीदार (जिला कल्याण कार्यालय, धनबाद) को अनुकंपा के आधार पर चतुर्थ वर्ग में अनु सेवक के पद पर जिला कल्याण कार्यालय में नियुक्त किया गया है।

### परीक्षा पे चर्चा के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू

**धनबाद।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देश पर जिले के विभिन्न स्कूलों में परीक्षा पे चर्चा आठवें संस्करण में भाग लेनेवाले छात्र-छात्राओं के चयन के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कक्षा छह से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं 14 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। छात्रों को ऑनलाइन बहुविकल्पीय प्रश्नों का जवाब देना होगा। जिले में कुल नामांकित छात्रों का 25 फीसदी का रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।

### प्रति क्विंटल धान का मूल्य 24 सौ रूपया मिलेगा : अरूप चटर्जी



**मैथन।** कलियासोल प्रखंड क्षेत्र के कलियासोल लालपहाड़ी इंटर कालेज के समीप निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने सिमुलदोन पैक्स मे धान क्रय केंद्र का उदघाटन फीता काटकर किया। उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार के निदेर्शानुसार इस वर्ष किसानो को प्रति क्विंटल धान का मूल्य 24 सो रूपया मिलेगा। आये दिन देखा गया है कि धान क्रय करने बिचौलिया एक हजार से 15 सो रूपया प्रति क्विंटल के दर से धान खरीदकर बंगाल भेज देते थे। अब आज से ही इस पैक्स मे किसानों का धान क्रय किया जाएगा जिससे क्षेत्र के किसानों को धान का सही मुल्य मिलेगा। उक्त अवसर पर विधायक के पत्नी अनंदिता चटर्जी, प्रमुख विवेक मंडल, मुखिया राजीव मंडल, पैक्स प्रबंधक प्रशांत कुमार मंडल, पापिया बाउरी, रमेश मंडल, बीसीओ कार्तिक उरांव, विकास कुमार, मिशिल हांसदा, समीरण दे, सुरेश दास आदि उपस्थित थे।

# बाइक आया कंटेनर के नीचे, 1 की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर-बरवाअड्डा जीटी रोड पर निर्मला अस्पताल के पास अवैध क्रॉसिंग पर शनिवार सुबह बाइक कंटेनर के नीचे आ गया। घटना में बाइक चालक लक्ष्मण साव (46 वर्ष), उसकी मां पार्वती देवी तथा बहन चिंता देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद आसपास के लोग जुट गए तथा कंटेनर में फंसे लोगों को निकाला। गोविंदपुर थाना के एवं निरीक्षक शैलेंद्र कुमार भी पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को एसएनएमएमसीएच धनबाद ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने लक्ष्मण को मृत घोषित कर दिया। जबकि पार्वती व चिंता इलाजरत हैं। बाइक सवार तीनों कपुरिया ओपी क्षेत्र के बांसकपुरिया का रहने वाले हैं। घटना के बाद चालक कंटेनर को घटनास्थल पर ही छोड़कर भाग निकला। इधर मृत लक्ष्मण के भाई रामप्रसाद साव की लिखित शिकायत के आधार पर गोविंदपुर पुलिस ने कंटेनर चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। शिकायत में कहा है कि तीनों बाइक से जंडिस का इलाज कराने गोविंदपुर जा रहे थे। गोविंदपुर में निर्मला अस्पताल के पास कट पार करने के क्रम में कंटेनर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया।



### आरएस मोड़ कॉलेज क्रॉसिंग भी है जानलेवा

गोविंदपुर-निरसा जीटी रोड पर आईएस मोर कॉलेज क्रॉसिंग भी जानलेवा हो गई है। इस क्रॉसिंग को पहले बंद कर दिया गया था परंतु लोगों ने इसे खोल दिया है। इससे दुर्घटनाएं हो सकती है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी इस मोड़ से होकर गुजरते रहते हैं, परंतु अभी तक इस अवैध क्रॉसिंग को बंद नहीं किया गया है और यह क्रॉसिंग जानलेवा हो गई है। यहां कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### एनएचएआई की लापरवाही से हुई घटना

इस घटना के प्रत्यक्षदर्शी झामुमो के जिला संगठन सचिव एजाज अहमद व माथुर अंसारी ने बताया कि यह घटना भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की लापरवाही से हुई है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण ने गोविंदपुर बाजार क्षेत्र के सभी अवैध क्रॉसिंग को बंद कर सराहनीय काम किया है। इससे दुर्घटनाएं थमी है परंतु निर्मला अस्पताल पुल के पास के अवैध क्रॉसिंग को अब तक बंद नहीं किया गया है। यही कारण है कि अवैध क्रॉसिंग पार करने के दौरान आज की घटना हुई। उन्होंने दुगार्पुर के परियोजना निदेशक से इस अवैध कटिंग को तत्काल बंद करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस तरह कई स्थानों पर अवैध क्रॉसिंग के कारण दुर्घटनाएं हो रही है। उन्होंने परियोजना निदेशक से विभिन्न स्थानों पर फुट ओवर ब्रिज की मांग की है ताकि लोगों को सड़क पार करने में सहूलियत हो दुर्घटनाएं ना हो और लोगों की जान बचे।

# शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी है जरूरी : सुदिव्य सोनू



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तोपचांची।** प्रखंड के साहूबहियार स्थित पोमिया ऋषिकेश पॉलीटेक्निक कॉलेज में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हुआ। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को राज्य के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू तथा विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि तोपचांची जैसे सुंदर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे आज शिक्षा के साथ साथ खेल कूद में भी अपना परचम लहरा रहे है आने वाले समय में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को इसका लाभ मिलेगा उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए कई महत्वाकांक्षी योजना चला रही है।

प्रतियोगिता के फाइनल में क्रिकेट में माइनिंग की टीम, कबड्डी में मैकेनिकल की टीम, वॉलीबॉल में मैकेनिकल की टीम ने जीत हासिल किया। वही लौंग जंप में पहला स्थान गायत्री कुमारी, दूसरा स्थान पूजा कुमारी, तीसरा स्थान प्रिया कुमारी, हाई जंप में पहला स्थान उदय कुमार, दूसरा स्थान सोनू कुमार, तीसरा स्थान प्राप्त किया वाद विवाद प्रतियोगिता में छात्रा समूह से पहला स्थान खुशी कुमारी, दूसरा स्थान गायत्री कुमारी, तीसरा स्थान प्रिया कुमारी छात्र समूह से पहला स्थान उदय कुमार, दूसरा स्थान अभिषेक कुमार, तथा तीसरा स्थान आकाश कुमार ने प्राप्त किया। मौके पर पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्रचार्य डा विवेक कुमार, बीएड कॉलेज के निदेशक परतोष महतो, विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, बीडीओ एजाज हुसैन अंसारी, सीओ संजय कुमार सिंह, थाना प्रभारी डोमन रजक, कॉलेज प्रबंधन प्रमुख राजकुमार महतो, बसंत महतो, समेत कई मौजूद थे।

## पत्रकार के साथ मारपीट की घटना ने पकड़ा तूल
# रोक के बावजूद वसूला जा रहा था टोल टैक्स

**▸▸ खबर बनाने के दौरान पत्रकार पर टोल कर्मियों ने किया हमला, चार गिरफ्तार**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह के पत्रकार अमरनाथ सिन्हा के साथ मारपीट की घटना के मामले में तूल पकड़ लिया है। इस बाबत पत्रकार संघ ने गिरिडीह के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा से मिलकर घटना की कड़ी निंदा करते हुए एक ज्ञापन सोना है। पत्रकार संघ ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है तथा प्रशासन से सुरक्षा की गारंटी देने की अपील की गई है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

मालूम हो कि गिरिडीह नगर निगम टोल वसूली पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दिया है, बावजूद इसके गिरिडीह में टोल वसूला जा रहा था। इतना ही नहीं टोल कर्मियों का इतना मनोबल बढ़ चुका है कि वे ट्रक चालक और आम आदमी तो दूर अब पत्रकार से भी मारपीट करने लगे हैं। इधर मामला यह गिरिडीह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अजीडीह का है। जहां, हाईकोर्ट के आदेश का उल्लंघन होने की खबर बनाने के लिए ईटीवी भारत के पत्रकार अमरनाथ सिन्हा टोल बूथ पहुंचे तो वहां टॉल कर्मियों ने उनके साथ मारपीट की। गनीमत रही कि वक्त रहते पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी पहुंची और पत्रकार अमरनाथ सिन्हा को टोलकर्मियों के जानलेवा हमलों से बचा लिया। घटना के तुरंत बाद अमरनाथ सिन्हा को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं पत्रकार पर हुए जानलेवा हमले की खबर मिलते ही गिरिडीह प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश सिंहा, अरविंद अग्रवाल, आलोक रंजन, सूरज सिन्हा समेत जिले के कई पत्रकार मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम कुमार महतो से मुलाकात कर स्थिति की जानकारी ली। जानकारी मिलने के बाद नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू भी सदर अस्पताल पहुंच कर घायल पत्रकार से मुलाकात किए। इस दौरान उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के ऊपर इस तरह का हमला होने की वह निंदा करते हैं। साथ ही वे आश्वस्त करते है कि जिन्होंने कानून को हाथ में लिए वे कानून के तहत दंडित होंगे।



### क्या है हाईकोर्ट का आदेश

उच्च न्यायालय ने जो आदेश दिया है उसमें कहा गया है, कि नगर निगम को व्यावसायिक वाहनों से कर वसूली का अधिकार नहीं है। परिणाम स्वरूप गिरिडीह नगर निगम को कर वसूली के लिए अगले आदेश तक रोक लगाने का आदेश दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोंगिया स्टील ने टोल वसूली के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका का दायर की थी, इसी परिपेक्ष में वाणिज्यिक वाहन प्रवेश शुल्क के नाम पर राशि वसूली पर अगले आदेश तक रोक लगाया गया है।

## नव वर्ष में तोपचांची झील का होगा कायाकल्प
# 76 करोड़ रुपए व्यय से बनेगा आधुनिक पर्यटन स्थल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तोपचांची।** नए साल में तोपचांची झील का कायाकल्प होगा जिसकी पूरी ब्लूप्रिंट तैयार कर ली गई है। करीब 76 करोड़ की लागत से तो झील को आधुनिक सुविधा से लैस पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इस योजना की राशि 100 करोड़ तक भी हो सकती है। शनिवार को नगर विकास एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने तोपचांची झील का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो तथा नगर आयुक्त सह माडा एमडी रविराज शर्मा भी मौजूद थे। मंत्री सुदिव्य कुमार ने पूरे तोपचांची झील के चारों तरफ निरीक्षण कर यहां की सुविधा कहां कैसे विकसित की जा सके इसकी जानकारी ली। झीलों की तैयार ब्लूप्रिंट के साथ संबंधित विभाग इंजीनियर ने मंत्री को जानकारी दी।

इंजीनियर ने मंत्री को बताया कि झील के चारों तरफ आधुनिक स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी, साथ ही रिजॉर्ट, स्विमिंग पूल और पर्यटकों के रहने के लिए आधुनिक व्यवस्था की जाएगी। झील के चारों तरफ अलग-अलग तरह के पार्क का भी निर्माण होगा। झील में वोटिंग तथा स्विमिंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी। झील में पुराने पड़े भवन को तोड़कर नया भवन निर्माण करवाया जाएगा।



मंत्री सुदिव्य कुमार ने पत्रकारों को बताया कि तोपचांची झील की सुंदरता आकर्षक है और अब इसे 76 करोड़ की लागत से पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। झील आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी। उन्होंने कहा कि करीब तीन माह के भीतर सरकार एक्शन में आकर विकास का नया आयाम तय करने वाला है। उन्होंने कहा कि झील में स्थानीय लोगों की रोजगार के लिए भी अवसर खुलेंगे।

वही टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि तोपचांची झील को विकसित बनाने में 100 करोड़ तक की राशि हो सकती है। नए साल में झील का कायाकल्प के लिए साइलेंस होगा और कार्य शुरू कराए जाएंगे। मौके पर तोपचांची सीओ संजय कुमार सिंह, बीडीओ एजाज हुसैन अंसारी, तोपचांची थाना प्रभारी डोमन रजक, विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी व माडा के पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

## एक नजर में

### वाइल्ड वादी फ्लावर पार्क में मिलेगा अद्भुत रोमांच

**धनबाद।** शहर के अंदर यदि नये साल का जश्न मनाने कि सोंच रहे है तो बिरसा मुंडा पार्क इस बार बेस्ट विकल्प साबित होगा। इस पार्क के अंदर वाइल्ड वादी फ्लावर पार्क भी इस बार देखने को मिलेगा। पार्क के अंदर आकर्षक लाइटिंग के बीच अलग अलग किस्म के फूल देखने को मिलेंगे। उक्त जानकारी शुक्रवार को पार्क में पत्रकार वार्ता आयोजित कर वाईल्ड पार्क के ऑनर शैलेंद्र जायसवाल ने दी।

### डीएवी स्कूल का वन भोज



**जोड़ापोखर।** डिगवाडीह डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में कक्षा एलकेजी से दूसरी तक के बच्चों के लिए मस्तीभरा वनभोज का आयोजन किया गया। बच्चे अपने मन पसंद खेलों में लिप्त रहने के कारण तनावमुक्त दिखे तथा परमानंद का लुत्त उठाया। स्कूल की प्राचार्या श्रीमती महुआ सिंह ने कहा कि इस पिकनिक का मुख्य उद्देश्य है बच्चों में सामाजिक भावना का विकास।

### एल्लेपी में साधारण श्रेणी का एक कोच बढ़ा

**धनबाद।** यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे ने गाड़ी संख्या 13351/13352 धनबाद-एल्लेपी-धनबाद एक्सप्रेस में साधारण श्रेणी के एक अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है। 26 दिसंबर को धनबाद से खुलने वाली गाड़ी संख्या 13351 धनबाद-एल्लेपी एक्सप्रेस को 03 साधारण श्रेणी कोचों के स्थान पर 04 साधारण श्रेणी कोचों के साथ चलाया जाएगा। 29 दिसंबर से एल्लेपी से खुलने वाली गाड़ी संख्या 13352 एल्लेपी-धनबाद एक्सप्रेस को 03 साधारण श्रेणी कोचों के स्थान पर 04 साधारण श्रेणी कोचों के साथ चलाया जाएगा।

### परसिया में अंतर्राष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस

**पुटकी।** अंतर्राष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस परसिया में मनाया गया। अध्यक्षता पीबी क्षेत्र के अभियंता अरुण कुमार सिन्हा एवं संचालन चिंता राम महतो ने किया। मौके पर सिन्हा ने मानव एकजुटता दिवस की प्रसंगिकता पर विचार व्यक्त किया। मौके पर संजय कुमार सिंह, निरंजन शर्मा, आनंद महतो, ह्रदय कुमार, भागीरथ महतो, प्रदीप कुमार, भरत भूषण महतो, प्रकाश वर्मा, विनोद कुमार महतो आदि थे।

### एंटी ड्रग्स अभियान की डुमरी विधायक ने की प्रशंसा



**तोपचांची।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार, तोपचांची पुलिस ने चौक में एंटी ड्रग्स अभियान के तहत वाहन चोकिंग अभियान चलाया। इस दौरान, डुमरी विधायक जयराम महतो जवानों से हाल चाल लेने के लिए रुके और उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अत्यधिक ठंड में जवान अपने ड्यूटी को बखुबी निभा रहे हैं और उन्होंने जवानों को ठंड में अपना सेहत का ख्याल रखने का बात कही।

### विद्याकुलम ट्यूटोरियल्स में सम्मान समारोह

**गिरिडीह।** जमुआ प्रखंड अंतर्गत हरला दुम्मा रोड विद्याकुलम ट्यूटोरियल्स में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जमुआ विधायक डॉ मंजू कुमारी मौजूद थी। ट्यूटोरियल की दो छात्राओं ने पारा मेडिकल परीक्षा में सफलता हासिल की और पारा मेडिकल कॉलेज रिम्स में नामांकन हुआ। जिसमें ज्योति भारती और नीलम भारती ने सफलता हासिल की। दोनों छात्रा जमुआ प्रखंड अंतर्गत दुम्मा और बाटी की निवासी हैं। दोनों को विधायक द्वारा एप्रोन पहनाकर और पुष्प गुच्छदेकर सम्मानित किया।

### क्रिसमस सेलिब्रेशन का आयोजन



**जोड़ापोखर।** हेलो किड्स स्मार्ट स्कूल शालीमार में शनिवार को क्रिसमस सेलिब्रेशन तथा बुलेटिन बोर्ड कंपटीशन का आयोजन किया गया। सेलिब्रेशन में कक्षा नर्सरी से कक्षा 2 तक के बच्चों ने फैंसी ड्रेस कंपटीशन में भाग लिया। वही कक्षा 3 से कक्षा 10 तक के बच्चों ने बुलेटिन बोर्ड कंपटीशन में भाग लिया। क्रिसमस सेलिब्रेशन में विद्यालय के बच्चों ने नाट्य मंचन एवं रंगारंग मनमोहक नृत्य व गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान शिक्षिका विनीता स्टीफन एवं छोटे-छोटे बच्चों ने सांता क्लाज बनकर बच्चों को मनोरंजित किया।

# सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें : दीपक बिरुआ

- लक्ष्य पूर्ण करने में असमर्थ पदाधिकारी के विरुद्ध समुचित कार्यवाही होगी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लर्नर लाइसेंस एवं ड्राइविंग लाइसेंस निर्गत कराए जाने में आम जनों को अनावश्यक परेशानी न हो। पदाधिकारी प्रत्येक दिन आम जनता से मुलाकात करें एवं उनकी परेशानियों को यथाशीघ्र निष्पादित करने की दिशा में कार्य करें। यह बातें परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने कही। मंत्री शनिवार को परिवहन विभाग के राजस्व संग्रहण एवं कार्यों की समीक्षात्मक बैठक में पदाधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। मंत्री ने कहा कि राजस्व संग्रहण के लिए वार्षिक लक्ष्य को चार महीने में पूर्ण किया जाना अनिवार्य है। पदाधिकारी अपनी जिम्मेवारी को समझें। लक्ष्य पूर्ण करने में असमर्थ पदाधिकारी के विरुद्ध समुचित कार्यवाही की जाएगी। समीक्षा के क्रम में मंत्री द्वारा टैक्स, परमिट तथा वाहनों के रजिस्ट्रेशन की काफी कमी पाई गई। इसके लिए निर्देश दिया गया कि गत माह में सभी प्रकार के अनिर्णय कार्यों को यथा शीघ्र निष्पादन किया जाए। सभी पदाधिकारी को वाहनों के भौतिक निरीक्षण करने को निर्देशित किया गया। मंत्री के द्वारा चिरकुंडा, धनबाद में चल रहे चेक पोस्ट की भांति अन्य जिलों में चेकपोस्ट चालू किये जाने के लिए निर्देश दिया गया।

बढ़ती सड़क दुर्घटना पर रोक यातायात नियमों के पालन से ही संभव है। सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई किए जाने के लिए एसवीडी/एएनपीआर/सीसीटीवी कैमरा राज्य भर में अधिष्ठापित किए जाने के लिए निर्देशित किया गया। मंत्री ने निर्देश दिया कि नये वर्ष के आगमन तथा ठंड बढ़ने के कारण घने कोहरे में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सघन जांच अभियान चलायें एवं हेलमेट तथा सीट बेल्ट पहनने से संबंधित जागरूकता अभियान चलायें। मंत्री ने ग्राम गाड़ी योजना के तहत चलने वाले वाहनों का भौतिक निरीक्षण कर यात्रियों की आवाजाही के लिए सुविधा की जांच करने एवं गुड प्रैक्टिस को सामने लाने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्राम गाड़ी में वाहनों के लक्ष्य की प्राप्ति शत प्रतिशत किए जाने से संबंधित कार्यवाही करने का आदेश दिया। मंत्री द्वारा हिट एंड रन से संबंधित आवेदनों का निष्पादन सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्देशित समय सीमा में किये जाने के लिए निर्देश दिया गया। बैठक में परिवहन सचिव कृपानंद झा, संयुक्त सचिव संगीता लाल, संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रवीण कुमार, उपसचिव मनोज कुमार, अवर सचिव इरशाद आलम और राजकिशोर कुमार समेत सभी जिला परिवहन प्राधिकार-सह-सचिव एवं सभी जिला परिवहन पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### ईस्टर्न कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड हेल्थ स्टडीज में क्रिसमस गैदरिंग पर धूम



**रांची।** कटहल मोड़ स्थित ईस्टर्न कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड हेल्थ स्टडीज में शनिवार को क्रिसमस डे बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें छात्र एवं छात्राओं ने नाटक प्रस्तुति के माध्यम से प्रभु इसा मसीह के द्वारा दिए गए उपदेशों को बताया साथ ही नृत्य और संगीत का भी जबर्दस्त प्रस्तुति की। मौके पर मौजूद कॉलेज के तमाम छात्र-छात्राओं ने प्रोग्राम का बड़े आनंद पूर्वक लुत्फ उठाया एवं सभी प्रतिभागियों ने दर्शकों का अपनी प्रस्तुति से मन मोह लिया।

### स्वर्णरेखा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में क्रिसमस उत्सव मना

**रांची।** शनिवार को स्वर्णरेखा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बरियातू रांची के एएनएम और जीएनएम के नर्सों ने क्रिसमस उत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक गीत और संगीत पर मोहक कार्यक्रम प्रस्तुत करके उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक, कॉलेज के कर्मचारी और उनके सहयोगी कर्मीगण के साथ संस्थान के डायरेक्टर डॉ सिद्धार्थ प्रकाश और सेक्रटरी गुंजन झा विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर प्राचार्य सोनी प्रसाद ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को क्रिसमस और नये वर्ष 2025 की शुभकामनाएं दी।

### छात्राओं से छेड़खानी के आरोपी को पनाह देने वाला गिरफ्तार



**रांची।** कोतवाली पुलिस ने मो जसीम नाम के युवक को गिरफ्तार किया है। इसके ऊपर आरोप है कि इसने कन्या स्कूल अपर बाजार, हिन्दपीढ़ी के आते-जाते छात्राओं से छेड़खानी करने वाले आरोपी मो फिरोज अली को छिपने में सहयोग किया था। उसे गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि फिरोज अली को पनाह देने वाले लोअर बाजार के पार्षद और अन्य लोग को चिन्हित कर लिया गया है। उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जायेगी।

## एनएसयूआई ने डोरंडा कॉलेज में चलाया सदस्यता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** कांग्रेस छात्र संगठन एनएसयूआई के रांची पूर्व जिला महासचिव अब्दुल रब नवाज के नेतृत्व में शनिवार को डोरंडा कॉलेज में एनएसयूआई की ओर से सदस्यता अभियान चलाया गया। इसमें सैकड़ों कॉलेज छात्र-छात्राओं ने एनएसयूआई की सदस्यता ली। छात्र नेता अब्दुल रब नवाज ने कहा कि विद्यार्थी बहुत ही खुशी से सदस्यता ले रहे हैं। एनएसयूआई छात्र संगठन हमेशा छात्रों के बीच रहा है और छात्र हित में हमेशा अपना योगदान देता है। छात्रों की आवाज को बुलंद करने के लिए हमेशा एनएसयूआई खड़ा रहता है। काफी छात्र एनएसयूआई के सदस्यता लेने के लिए उत्सुक हैं।

मौके पर डोरंडा कॉलेज नेता विश्वजीत, अमन राज, अफताब आलम, बीरेन्द्र रंजन, डेनियल, प्रीति कुमारी, इकबाल, खुशी प्रिया, रोबिन, आर्यन कुमार, आरिफ निश्चल कुमार, वसीफ गुलशाद, हर्ष, शंकर आदि उपस्थित थे।

## ऑक्सफोर्ड स्कूल में वार्षिक प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची में 'वैश्विक लक्ष्यों के अनुरूप रचनात्मकता' को ध्यान में रखते हुए वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। ऑक्सफोर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन और झारखंड विधान सभा के माननीय सदस्य डॉ. एस.बी.पी. मेहता इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि के साथ अकादमिक निदेशिका डॉ. सिमी मेहता, प्राचार्य रंजीत कुमार ठाकुर, अकादमिक समन्वयक रवि शेखर और जूनियर विंग प्रभारी राज किशोर शर्मा ने संयुक्त रूप से उद्घाटन दीप प्रज्वलित किया।

इस प्रदर्शनी में विद्यालय के 1500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर 500 से अधिक मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनी के आकर्षण का केंद्र चंद्रयान-3 का भव्य मॉडल रहा। भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, कंप्यूटर, सामाजिक विज्ञान, गणित, हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, शारीरिक शिक्षा, वाणिज्य, ललित कला, पुस्तकालय विषयों में छात्रों ने अपने प्रदर्शन प्रदर्शित किए और अपनी रचनात्मकता और नवीनता दिखाई। इस अवसर पर पेंटिंग और हस्तशिल्प वस्तुओं का भी प्रदर्शन किया गया, जिसने मेहमानों और आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया। पूरी प्रदर्शनी में समग्र रूप से संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत विकास के उद्देश्यों को प्रदर्शित किया गया, जिसमें भारत की सहभागिता 2015 से ही सुनिश्चित है।

## नामकुम के तीन पीडीएस डीलर समेत बीएसओ नपे



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। डीएसओ के इंस्पेक्शन में नामकुम प्रखंड की पीडीएस दुकानों में अनियमितता पकड़ी गयी है। नतीजा डीएसओ प्रदीप भगत ने तीन पीडीएस डीलरों के साथ-साथ बीएसओ को भी शो-कॉज किया है। मालूम हो कि जन वितरण प्रणाली (पीडीएस)के तहत खाद्यान्न वितरण में अनियमितता की शिकायत मिलने पर रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर शनिवार को रांची जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीसीओ) प्रदीप भगत ने नामकुम प्रखंड के पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नामकुम प्रखंड के सोदाग और सिठियो पंचायत में जांच के क्रम में जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के खिलाफ शिकायत सही पाई गयी। इसके बाद तीनों डीलर को शो-कॉज किया गया है। डीसीओ ने राशन कार्डधारियों से भी बातचीत की। इसमें खाद्यान्न वितरण में अनियमितता की बात सामने आयी है।

**इन पीडीएस डीलरों को शो-कॉज :** सिठियो पंचायत के तमन्ना कला एवं स्वयं सहायता समूह (लाइसेंस नंबर-06/18), सोदाग पंचायत के त्रिभुवन कुमार साहू (लाइसेंस नंबर- 06/86) और सोदाग के ही शरीफ अंसारी (लाइसेंस नंबर -01/99) से स्पष्टीकरण पूछा गया है।

क्या-क्या थी शिकायत : सोदाग पंचायत के जनवितरण प्रणाली दुकानदार शरीफ अंसारी और त्रिभुवन साहू द्वारा वेइंग मशीन की जगह डब्बा से तौलकर खाद्यान्न वितरण और केवाईसी के नाम पर कार्डधारियों से पैसे लेने की शिकायत मिली थी। नमक वितरण में भी इनके द्वारा भारी अनियमितता की जानकारी कार्डधारियों द्वारा दी गई। डीलर को डोर स्टेप डिलीवरी के तहत नमक आवंटित किया गया था, जबकि भंडार शून्य पाया गया। ऑनलाइन प्रतिवेदन में भी आवंटित नमक का वितरण शून्य पाया गया। जांच में पाया गया कि चना दाल एवं धोती-साड़ी-लुंगी वितरण में दोनों डीलर द्वारा अवैध तरीके से पैसे की वसूली की जा रही है। वहीं, तमन्ना कला एवं स्वयं सहायता समूह दुकान के बाहर 15 पैकेट नमक खुले में रखे गये थे, जो खराब होने की स्थिति में थे। साथ ही डीलर द्वारा नमक का ऑनलाइन वितरण भी संतोषप्रद नहीं था। डीएसओ को कार्डधारियों ने बताया कि चना दाल एवं नमक वितरण में डीलर द्वारा 5-5 रुपये लिये जाते हैं। वहीं, हर बार खाद्यान्न में 5-7 किलोग्राम अनाज काट दिया जाता है। इस संबंध में डीएसओ ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को डीलर को स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया। साथ ही डीएसओ प्रदीप भगत ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सौरभ सिंह को भी शो-कॉज किया गया है। उन्होंने पूछा है कि किन परिस्थितियों में प्रखंड में खाद्यान्न वितरण में भारी अनियमितता बरती गई और इसकी ससमय जांच क्यों नहीं की गई?

## सीसीएल में दो दिवसीय अंतर कंपनी वालीबॉल प्रतियोगिता 2024-25 का शुभारंभ आज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीसीएल द्वारा दो दिवसीय सीआईएल अंतर कंपनी वालीबॉल प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन रविवार को गांधी नगर क्रीड़ांगन में होगा।

इस प्रतियोगिता में सीआईएल के आनुषंगिक कम्पनियां एवं एससीसीएल (सिंगरैनी, तेलंगना) की टीमें भाग ले रही हैं। इस प्रतियोगिता के सारे मैच दूधिया रोशनी में गांधी नगर क्रीड़ांगन, रांची में आयोजित किए जायेंगे। इस प्रतियोगिता के तकनीकी संचालन झारखंड वालीबॉल संघ के नेतृत्व में किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह दिनांक 22.12.2024 समय 6:00 (संध्या) को किया जाएगा, जिसके मुख्य अतिथि सीसीएल के हरीश दुहान, निदेशक (तकनीकी-संचालन) एवं पंकज कुमार (मुख्य सतर्कता अधिकारी) होंगे।

सीआईएल अंतर कंपनी वालीबॉल प्रतियोगिता का समापन समारोह दिनांक 24.12.2024 को किया जाएगा, जिसके मुख्य अतिथि निलेंदु कुमार सिंह, अध्यक्ष सह-प्रबंध निदेशक, सीसीएल होंगे।

## संत गेब्रियल एंड मोनिका स्कूल मोरहाबादी में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** संत गेब्रियल एंड मोनिका स्कूल मोरहाबादी में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व वित्त मंत्री और विधायक डॉ रामेश्वर उरांव थे। गेस्ट ऑफ ऑनर प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे एवं डॉन बास्को यूथ सेंटर के निदेशक फादर दीपक किंडो विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से हुई। फादर किंडो ने चरनी की आशीष की। क्रिसमस का संदेश देते हुए कहा कि क्रिसमस अपने साथ दूसरों के साथ खुशी बांटने का संदेश लेकर आता है। यह समय परिवार कुटुंब के साथ मिलकर खुशी मनाने का है।

अपने क्रिसमस संदेश में पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि परमेश्वर का आगमन होने वाला है। यीशु का धरती पर आगमन पापों से छुटकारा दिलाने के लिए होगा। यह पर्व हमें सीखाता है कि परिस्थिति कैसी भी हो सत्य और ईमानदारी सहित भाईचारे के साथ चलना चाहिए।

स्कूल की प्रिंसिपल ने अपने धन्यवाद ज्ञापन संबोधन में कहा कि क्रिसमस आनंद लेकर आता है। इस आनंद को अपनों के बीच बांटना चाहिए। क्रिसमस गैदरिंग के मौके पर नर्सरी के बच्चों ने सामूहिक रूप से मेरी क्रिसमस और जिंगल बेल्स के गीतों पर नृत्य किया। वहीं सीनियर बच्चों ने... चरणी उपरे का तारा टिमटिम चमकेला..... साल में एक बार... ठंडी हवा चली रे .. चल प्यारे यीशु के साथ.. सोनए कमल..,नए साल के आगमन, ... आवा आवा भाई मने आवा...तू ही ज्योति है.. तू ही मार्ग है.. जैसे यीशु जन्म के गीत गाये। साथ ही बच्चों ने यीशु के जन्म पर एक ड्रामा भी पेश किया। अंत में गेस्ट ऑफ ऑनर ने कार्यक्रम को संबोधित किया और प्रेम, क्षमाशीलता, सहनशीलता और भाईचारे का संदेश दिया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का समापन

- ओवरऑल चैंपियनशिप का पुरस्कार बिरसा सदन को प्राप्त हुआ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** शनिवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव 2024 का समापन भव्य रूप से समारोह पूर्वक हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ क्षितिज भूषण दास एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय सहाय ने वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव के समापन समारोह में उपस्थित होकर छात्रों का उत्साह बढ़ाया।

समारोह का प्रारंभ दीप प्रज्वलन पुष्पार्चन एवं वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि का स्वागत समिति के डॉ धनेश्वर महतो ने अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं पौधा प्रदान कर किया।

विद्यालय के खेल प्रमुख विक्रम कुमार ने बताया कि इस महोत्सव में कुल 62 इवेंट संपन्न हुए और 1000 से अधिक स्टूडेंट ने भाग लिया। सभी विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खेलों के साथ-साथ अनेक रंगमंचीय कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरस्वती विद्या मंदिर का वातावरण काफी उत्तम है। छात्रों ने अच्छी तैयारी कर अति सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किये हैं। प्रतियोगिता में जीत या हार से महत्वपूर्ण है प्रतियोगिता में भाग लेना। राष्ट्रीय स्तर पर दो कार्यक्रमों का भारत सरकार प्रमोट कर रही है- फिट इंडिया और खेलो इंडिया। आशा है इन दोनों कार्यक्रमों से देश का फिटनेस उत्तम होगा एवं विश्व स्तर पर खेलों में भारत का महत्वपूर्ण स्थान होगा। खेल-कूद टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं अनुशासन के विकास में सहायक होता है। अपने राज्य झारखंड में खेल की असीम संभावना है।

ओवरऑल चैंपियनशिप का पुरस्कार बिरसा सदन को प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान पर माधव सदन तथा तृतीय स्थान पर कल्पना चावला सदन रहा।

## भाकपा माले ने गृह मंत्री का पुतला फूंका



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाकपा माले ने गृहमंत्री अमित शाह के दिए गए बाबा साहेब अंबेडकर के खिलाफ बयान की कड़ी निंदा की है। साथ ही आरएसएस व भाजपा के डर को भी साफ-साफ देख पा रही है। आज लोग संविधान को बचाने के लिए जागरूक हो रहे हैं। आरएसएस व भाजपा इस देश में लगातार मनुस्मृति को थोपने में लगी हुई है। इसके खिलाफ आज भारत का जनमानस एकजुट होकर अमित शाह को बर्खास्त करो और बाबा साहेब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान से गूंजने लगा है। भाकपा माले मांग करती है कि गृहमंत्री अमित शाह को बर्खास्त करें।

**प्रदर्शन में ये लोग थे शामिल**

इस प्रदर्शन में भाकपा माले के पार्टी के केंद्रीय कमेटी के नेता शुभेंदु सेन, राज्य कमेटी के नेता मोहन दत्ता, समर सिन्हा, जगन्नाथ उरांव, मेवा लकड़ा, लालो तिर्की, ऐती तिर्की, शांति सेन, गीता तिर्की, सपना गाड़ी, सुषमा गाड़ी, नंदिता भप्ताचार्य, फूलमनी उरांव, मंजू देवी, नसी, भीम साहू, सुदामा खलखो, इनामु, रमेश रवि आदि शामिल थे।

### रांची विश्वविद्यालय के इंटर कॉलेज युवा महोत्सव रीझ-रंग 2024-25 का दूसरा दिन

## छात्रों के कला और रचनात्मकता से सराबोर रहा बेसिक साईंस परिसर

- तीन दिनों तक चलने वाले इंटर कॉलेज युवा महोत्सव का रविवार 22 दिसंबर 2024 को होगा समापन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** रांची विवि में हो रहे युवा महोत्सव रीझ-रंग 2024-25 का दूसरा दिन युवा कलाकारों के रचनात्मकता से सराबोर रहा। 21 दिसंबर को मोराबादी स्थित बेसिक साईंस परिसर में 10 इवेंट आयोजित हुये। इसमें रांची विवि के पीजी विभागों सहित अन्य कॉलेजों के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महोत्सव के दूसरे दिन डिबेट, काव्यपाठ, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, कोलाज मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, इंस्टालेशन के साथ ही थियेटर इवेंट में वन एक्ट प्ले, स्किट्स, माइम तथा मिमिक्री की स्पर्द्धायें आयोजित की गयीं। इलोक्युशन (वक्तृत्व कला) का आयोजन पीजी केमिस्ट्री विभाग में आयोजित किया गया, जिसमें 18 छात्रों ने भाग लिया।

डिबेट का आयोजन पीजी बॉटनी विभाग के धन्वतंरी हॉल में कराया गया, जिसमें आरयू के पीजी समेत विभिन्न कॉलेजों से आये 28 छात्रों ने भाग लिया। वहीं फिजिक्स एवं केमिस्ट्री विभागों में ऑन द स्पॉट पेंटिंग तथा कोलाज मेकिंग के इवेंट हुये। कोलाज मेकिंग में जहां 11 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वहीं ऑन द स्पॉट पेंटिंग में 12 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इंस्टालेशन के इवेंट में 20 छात्र छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

थियेटर इवेंट की चारों स्पर्द्धायें (वन एक्ट प्ले में 12, स्किट्स में 16, मिमिक्री में 04 तथा माइम में 12 प्रतिभागी) का आयोजन आर्यभट्ट सभागार के मंच पर आयोजित कराये गये, जिसमें छात्रों ने अपनी कला का मंचन किया। तीन दिनों तक चलने वाले इंटर कॉलेज युवा महोत्सव रीझ-रंग 2024-25 का रविवार 22 दिसंबर 2024 को समापन हो जायेगा। इस दिन सभी इवेंट्स के विजयी प्रतिभागियों की घोषणा की जायेगी। समापन तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आर्यभट्ट सभागार में होगा। कुलपति प्रो. डॉ अजीत कुमार सिन्हा अपनी टीम के साथ सभी प्रतिभागियों एवं इस आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने वाली कमेटी के सदस्यों को सम्मानित करेंगे।

## सिविल कोर्ट का डीआईजी ने किया औचक निरीक्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** डीआईजी अनूप बिरथरे ने शनिवार को रांची सिविल कोर्ट का औचक निरीक्षण किया। डीआईजी दोपहर में अचानक सिविल कोर्ट पहुंचे और सुरक्षा इंतजामों का मुआयना करने लगे। जैसे ही कोर्ट सुरक्षा प्रभारी और दूसरे पुलिसकर्मियों को इसकी सूचना मिली, वैसे ही वे फौरन डीआईजी के पास पहुंचे। अपने निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने कोर्ट रूम से लेकर सिविल कोर्ट के बाहरी सरंचना का भी जायजा लिया। सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को बुलाकर उनसे हर चीज की जानकारी ली। सिविल कोर्ट में तैनात सुरक्षा कर्मियों को जो सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाए गए हैं, उनकी जांच भी डीआईजी के द्वारा की गई। इस दौरान सुरक्षा को लेकर कई खामियां डीआईजी ने पकड़ी है, जिसे दूर करने का निर्देश दिया गया है।

**डीजीपी का है निर्देश**

गौरतलब है कि झारखंड के सभी जिलों में कोर्ट परिसर और जजों के आवासीय परिसर की सुरक्षा की समीक्षा डीजीपी अनुराग गुप्ता ने की थी। इस दौरान डीजीपी ने रेंज डीआईजी स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी रेंज डीआईजी अपने-अपने क्षेत्राधिकार के जिलों में जितने भी व्यवहार न्यायालय, आवासीय परिसर व न्यायाधीश हैं, उन सभी की मॉनटरिंग करेंगे। साथ ही उन सभी की सुरक्षा से संबंधित समेकित प्रतिवेदन पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराएंगे। इसी कड़ी में रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने पहले चरण में रांची सिविल कोर्ट का मुआयना किया।

छात्रावास भवन निर्माण कार्य का कृषि मंत्री ने किया शिलान्यास

# लाभ नही मिलने के कारण आदिवासियों का हो रहा पलायन: शिल्पी नेहा तिर्की

खबर मन्त्र संवाददाता


शिलान्यास करते मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की व अन्य।

**इटकी।** अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा स्वीकृत इटकी फातिमा गर्ल्स एंड बॉयज एकेडमी में करीब ढाई करोड़ की लागत से छात्रावास भवन निर्माण का कार्य का शिलान्यास कृषि पशुपालन व सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग अंतर्गत एनआरईपी -1 के मार्फत कराया जाने वाला 30 शैया वाला छात्रावास दो करोड़ 22 लाख की लागत से बनाये जाएंगे। इसके अलावा मौसीबाड़ी स्थित शमीमबद सड़क का ट्रांसफार्मर से मो इस्लाम के घर तक अनटाइड फंड के तहत करीब 16 लाख की लागत से पीसीसी पथ का शिलान्यास इटकी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रमेश महली द्वारा किया गया। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि कृषि व पशुपालन के क्षेत्र में आर्थिक स्रोत का एक बहुत बड़ा आयाम है जिसे प्रगतिशील किसान लाखो कमा रहे हैं। लाभ नही मिलने के कारण आदिवासियों का पलायन हो रहा है जिसे पाटने का काम किया जाएगा। मंत्री बनने के बाद दुग्ध उत्पादको के लिए बोनस तीन से पांच रुपये की वृद्धि कर एक उपहार देने का काम किया है। लोगों के मन मे एक भ्रम है कि कृषि गरीबों का काम है इस मानसिकता को बदलने की जरूरत है। कृषि और पशुपालन से झारखंड के किसानों को पूर्ण रूपेण आत्म निर्भर बनाया जा सकता है। लोगों को इससे लाभ लेने की आवश्यकता जताई। केसीसी ऋण सभी किसानों के माफी नही होने के संबंध में पूछे जाने पर बताया कि वर्ष 2020 से पूर्व ऋण धारकों के एनपीए खाता की माफी पर अगले कैबिनेट की बैठक में पुनर्विचार किया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से इटकी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रमेश महली, पूर्व उप प्रमुख नरेश साहू, घोमा सिंह, टिक्कू अबुमाज, अबरार इमाम, हाजी मोईनुद्दीन, अंजुम जमाल, अकील अहमद, तबस्सुम फातिमा, परवेज आलम, शकील आलम, अहमद अंसारी, राजेश तिर्की, जुलकरनैन, अब्बास, फिरोज व शिशु गोप सहित अन्य मौजूद थे।

## असंतुलित होकर नदी में गिरे व्यक्ति की मौत

**नामकुम।** शनिवार सुबह थाना क्षेत्र के पतराटोली स्थित जुमार नदी से पुलिस ने एक शव बरामद किया। जिसकी पहचान बरगांवा के रहनेवाले स्व जीतेन्द्र सिंह के पुत्र डब्लू सिंह 48 वर्ष के रूप में की गयी। बताया जा रहा है कि डब्लू शुक्रवार शाम से ही लापता थे। वे घर के समीप नदी किनारे असंतुलित होकर पानी में गिर गए जिससे चोट एवं ठंड लगने से उनकी मौत हो गयी। मामले की जानकारी मिलते ही नामकुम पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम हेतू रिम्स भिजवा दिया। देर शाम मृतक के शव का अन्तिम संस्कार नामकुम डोरंडा रोड सिथत स्वर्णरेखा घाट पर कर दिया गया।

भीमराव अंबेडकर प्रकरण पर कांग्रेस ने खोला मोर्चा

## केंद्रीय गृह मंत्री की शवयात्रा निकाल फूंका पुतला

- इस्तीफे की मांग दोहरायी
- प्रधानमंत्री पर भी आरोप


गृह मंत्री का पुतला जलाते लोग।

**रातू।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुशल उरांव की अगुआई में पार्टी जनों ने शनिवार की शाम काठीटांड़ चौक में भीमराव अंबेडकर के खिलाफ टिप्पणी को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की शवयात्रा निकाल पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। उन्होंने प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी पर दर्ज झूठे मुकदमे वापस लेने और राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से श्री शाह को बर्खास्त करने की मांग दोहरायी। वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा और शाह को खुली छूट दिये जाने का आरोप लगाया। बताते चलें, कि गृह मंत्री ने राज्यसभा में संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसे लेकर हुये हंगामे के दौरान भाजपा के दो सांसद जख्मी हो गये थे। इसके बाद श्री गांधी पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अतुल राज ठाकुर, लक्ष्मी नारायण भगत, हाजी मंसूर आलम, संदीप लकड़ा, सुखमणि उरांव, जगन देवी, किशोर पोद्दार, अजमुल हक, राजकुमार उरांव व खुशबू ठाकुर आदि दर्जनों लोग शामिल थे।

## जेनेट एकेडमी में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन हुआ



**खलारी।** जेनेट एकेडमी मैक्लुस्कीगंज में शनिवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्राचार्य रजित कु. सिंह,व शिक्षको ने क्रिसमस का केक काटकर किया। क्रिसमस गैदरिंग के कार्यक्रम में विद्यार्थियों के द्वारा संता क्लॉक बनाकर चॉकलेट व उपहार बांटा गया। विद्यार्थियों के द्वारा आकर्षक रंगारंग सांसकृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत भी किया गया। क्रिसमस के मौके पर विद्यालय परिसर में चरनी सज्जा किया गया। मौके पर शिक्षक गण ऋषि प्रसाद, सीमा यादव, जोसेफ नटाल, क्रांति कुमार आदि शिक्षक मौजूद थे।

विश्व ध्यान दिवस पर स्कूल कॉलेजों में कार्यक्रम

## आत्मविश्वास के लिए ध्यान करना जरूरी

- शनिवार को विश्व के 180 देशों ने ध्यान किया

खबर मन्त्र संवाददाता


ध्यान करते शिक्षक व छात्र-छात्राएं।

**ओरमांझी।** विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर ओरमांझी प्रखंड के विभिन्न स्कूल कालेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा ध्यान किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग के सोनाराम महतो ने सरस्वस्ती शिशु विद्या मंदिर ओरमांझी व आरटीसी कालेज में छात्रों को ध्यान कराया और बताया भारत के अध्यत्म गुरू श्रीश्री रविशंकर जी महाराज के सानिध्य में व ऑन लाइन विश्व के 180 देशों में एक साथ ध्यान किया गया। वहीं विद्यालय के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी व आरटीसी कालेज के निदेशक डॉ पारसनाथ महतो ने छात्रों को ध्यान का महत्व बताया और कहा ध्यान हजारों साल पुराना अभ्यास है। ध्यान करने से तनाव, थकान व चिंता कम होने के साथ आत्मविश्वास, स्मरण व इच्छा शक्ति बढ़ती है। मात्र सांस व शरीर को एग्राचित करना ही ध्यान नही है। यह मानसिक व शारीरिक तकनीकों का एक अभ्यास है। ध्यान करने से आसपास के वातावरण और खुद को भूल जाते हैं। ध्यान से मस्तिष्क व मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम में प्रचार्य ओमप्रकाश चंद्रवसी, डॉ भीम महतो, किशोर महतो, शैलेंद्र मिश्र, पंसस शशि मिश्रा, मुखिया दीपक बड़ाइक, मीना देवी, मुनी देवी, रामलखन महतो, नीतु कुमारी, डॉ स्नेहा कुमारी, कैलाश ठाकुर, प्रेमनाथ मुंडा, इमरान अंसारी, एकबाल अंसारी, गफ्फार अंसारी, रिता कुमारी, योगेंद्र ठाकुर शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## 21वीं पशुधन गणना को लेकर प्रगणकों को दिया गया प्रशिक्षण

- प्रगणकों को डेमो के साथ प्रशिक्षण दिया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी प्रखंड में 21वीं पशुधन गणना को लेकर शनिवार को प्रखंड के भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शिवानंद कांशी ने प्रगणकों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रगणकों को डेमो के साथ प्रशिक्षण दिया गया। प्रगनक कमल साव को प्रखंड के गढ़गांव, चाचूगुरा, मकुन्दा व तरगड़ी में पशु गणना करेंगे। जबकि सोहन कच्छप कुर्गी, भंडरा, सेमरा व राजू गोप चिनारो, पुरियो, लुपुंगा, लावागाई, खम्भा, मलार, विंधानी और गौतम सिंह चिनारो पुरियो, हरमू, सौका, डोला, सुगदा में पशु गणना कार्य करेंगे। जबकि संजय कुमार इटकी झखराटोली, सूरज साहू मोरो, बोड़या, मल्टी, विजय महतो कुल्ली, तिलकसूती व रानीडीह आदि गांव आवंटित किया गया है। पशुगन्ना का कार्य 31 मार्च 2025 तक चलेगा। डॉ शिवानंद कांशी ने सभी पशुपालको से पशुगणना के लिए प्रगनको को सहयोग करने की अपील की है। जिससे भविष्य के लिए पशु एवं पशुपालक के हित के लिए योजना बनाई जा सके।

## रातू : सरकारी जमीन पर खनन करते ट्रेक्टर जब्त, आरोपित फरार

- अज्ञात पर प्राथमिकी
- पुलिस कर रही जांच
- आरोपी ट्रेक्टर छोड़ हुआ फरार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** सीओ रवि कुमार के निर्देश पर हल्का 5 के राजस्व उप निरीक्षक सरफराज अफजल ने मौजा सिमलिया की खाता संख्या 194 व प्लॉट 3683 पर अवैध कब्जा करने के उद्देश्य से बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के ट्रेक्टर से उत्खनन कर रहे एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस ने ब्लू रंग के उक्त ट्रेक्टर को जब्त कर लिया है। थानेदार आरएन सिंह ने बताया कि सीओ शनिवार को 2:30 बजे टीम के साथ क्षेत्र भ्रमण के लिये निकले थे। उन्होंने देखा कि टोंगरी में पत्थर तोड़ने वाली मशीन लदे ट्रेक्टर से काम किया जा रहा है। श्री अफजल ने उन्हें जानकारी दी कि खतियान में गैर मजरुआ खास टोंगरी ( सरकारी जमीन ) अंकित है। जैसे ही वह वहां पहुंचे, आरोपी ट्रेक्टर छोड़ फरार हो गया। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार घायल, दो रिम्स रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता






बेड़ो। बेड़ो व ईटकी थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम में हुई तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना बेड़ो थाना क्षेत्र के जहानाबाज मोड़ के समीप बाइक से असंतुलित होकर गिरने से बेड़ो जमटोली गांव निवासी 50 वर्षीय पीछे बैठे बाइक सवार छोटे सुका उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक चालक सह जमटोली निवासी पतरस तिर्की ने उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डॉ मेघा भगत ने प्रथामिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। वहीं इटकी थाना क्षेत्र के मोरो मकुंदा मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से इटकी मकुंदा गांव निवासी बाइक सवार 28 वर्षीय युवक विमल कुजूर घायल हो गया। जिसे स्वजनों ने उपचार के लिए सीएचसी बेड़ो पहुंचाया। इधर तीसरी घटना में रांची गुमला मुख्य मार्ग पर डीएवी आलोक स्कूल के समीप लगभग साढ़े छह बजे बाइक व कार की टक्कर में बाइक सवार लोहरदगा बमनडीहा निवासी 31 वर्षीय नितिन महाराज गंभीर रूप से घायल हो गए। वही कार चालक रांची अरगोड़ा निवासी 60 वर्षीय अंजनी प्रसाद घायल हो गए। जिन्हें पीसीआर पांच के पुलिसकर्मियों ने 108 एम्बुलेंस से सीएचसी बेड़ो भिजवाया। जहां डॉ मेघा भगत ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल नितिन महाराज को रिम्स रेफर कर दिया। घायल नितिन ने बताया कि वह रांची से अपने घर जा रहा था।

# मजदूरों को काम दिलाने के नाम पर ठगी

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रेस कांफ्रेंस करते बेड़ो डीएसपी व अन्य।

**इटकी।** इटकी पुलिस ने नायाब तरीके से मजदूरों को काम दिलाने के नाम पर खेतों में काम लगा कर बाइक और मोबाइल ठगी कर ले जाने के आरोप में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर शनिवार को मुख्य न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इटकी थाना कांड संख्या 69/24 के तहत लोहरदगा जिले के एक मजदूर बलि महली ने मामला दर्ज कराते हुए बताया था कि ठीकेदार बन कर आफताब खान सेमरा और कूर्गी लाकर अलग अलग खेत मे काम लगाकर मजदूरों का मोबाइल और बाइक लेकर रफू चक्कर हो जाता था। इटकी थाना में प्रेस कांफ्रेंस कर बेड़ो डीएसपी अशोक कुमार राम ने बताया कि कांड के आलोक में एसएसपी के निर्देश पर बेड़ो डीएसपी के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। जिसमें थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, जांच कर्ता एसआई सुमित कुमार दास, विवेक कुमार दुबे, अनुसंधान तथ्यों और तकनीकी सहयोग से चान्हो थाना के तरंगा मांडर थाना के बूढ़ा खुखरा व मल्टी के छापामारी कर मजदूरों से ठगी बाइक, मोबाइल ले जाने वाले अफताब खान, सुनील नायक, सरफराज आलम व जमशेद खान को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से सात एनरोइड मोबाइल एवं दो मोटरसाइकिल जिसमे एक मोटरसाइकिल का पार्ट पुर्जा अलग किया हुआ जब्त किया गया। छापामारी दल में सशस्त्र पुलिस बल भी शामिल थे।

## अशोका खदान की विस्तार के लिए ग्रामीणों के बीच चर्चा



खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** बेती पंचायत के ग्राम लुकुईया स्थित रुगुडी टांड़ में शनिवार के ग्रामीणों की आवश्यक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता सुरेश उरांव और संचालन रामकुमार उरांव द्वारा किया गया। इस बैठक में अशोका पी ओ जितेंद्र कुमार एवं टंडवा अंचल के सी आई सहित हल्का कर्मचारी शामिल थे। अशोक खदान की विस्तार के लिए ग्रामीणों के बीच चर्चा किया गया।सीसीएल अधिकारी आर एंड आर पॉलिसी के तहत मुआवजा और नियोजन देने की बात ग्रामीणों से कहा इस पर ग्रामीणों ने सीसीएल को अपने नीति नियमों में बदलाव करने को कहा। वही ग्रामीण अपने प्रस्ताव में सीसीएल के अधिकारियों को प्रति एक एकड़ में नौकरी और 60 लाख मुआवजा प्रति एकड़ मुआवजा और जमीन निर्धारित तय समय के लिए जमीन लीज पर देने सहित लीज समाप्त होने पर पूर्व के अनुसार जमीन को समतलीकरण कर रैयतों का स्वयं वापस करने की मांग रखा है।वही टंडवा अंचल से आए अधिकारियों को वन और आम गैरमौजूरवा भूमि सत्यापन कर जल्द वन पटा देना का आग्रह ग्रामीणों ने किया है। मौके पर सुरेश उरांव, रामकुमार उरांव, शिबू उरांव, बसंत उरांव, दिलीप उरांव, गंगा उरांव, महेन्द्र उरांव, संजय उरांव, फुलेश्वर उरांव, सोनी देवी, लालमुनि देवी, बबीता देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

उदय बीएड कालेज में क्रिसमस व नववर्ष कार्यक्रम

## नववर्ष में बेहतर कार्य करने का संकल्प लें


नववर्ष कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** उदय मेमोरियल बीएड कॉलेज केदल में शनिवार को क्रिसमस गैदरिंग सह नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कालेज के छात्राओं द्वारा प्रभु ईसामसीह की जन्म का नाटक रूपतंण प्रस्तुत कर, लोगों के प्रति करूण व दया का भाव रखने का संदेश दिया। वहीं प्रशिक्षु छात्राओं की समुहिक नृत्य व रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति पर उपस्थित छात्रों ने जमकर मस्ती किए। कालेज के सचिव संतोष महतो, प्राचार्य डॉ. चन्दन कुमार पंकज सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा छात्राओं की प्रस्तुति की सरहाना करते हुए प्रभु ईसा मसीह के बताये हुए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कहा मानव के प्रति प्रेम इंसान को समाज में सम्मान दिलाती है। वहीं निदेशक राजेश कुमार कंडरवार ने क्रिसम व नववर्ष कार्यक्रम का महत्व बताया और कहा आने वाले नववर्ष पर हमें अपने जीवन में नया व बेहतर कार्य करने का संकल्प लेने की जरुरत है।

कार्यक्रम का संचालन संगीत प्राध्यापिका संचाली नाग ने किया। मौके पर उपप्राचार्य दयामनी कुमारी, विभागाध्यक्ष स्वाती अंजना टोप्पो, जगत मुंडा, डॉ. महेश प्रसाद, अलका कुमारी, निर्मला कुमारी, जन्मजय महतो, संदीप कुमार महतो, रेहान फजल, संदीप कुमार, डॉ. मनोज कुमार राणा, राखी कुमारी, सुनिता किस्पोट्टा, डा. कुमारी पल्लवी, नित्यानन्द कोईरी, अनिसा खातून, कमलेश यादव, डा. रूबीना सिंह, अरूण कुमार पाहन, सुजाता जोजो, शालिनी कुमारी, रिंकु कुमारी, नेहा कुमारी, शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## चार दिन से गायब युवक का शव कुवें से बरामदा हुआ


मो रिजवान का फाइल।


थाना परिसर मे लोगो की भीड़।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के चटवल गाँव के एक कच्चा कुंवाँ से चान्हो से चार दिन से गायब सतरह वर्षीय मो रिजवान उर्फ पप्पू का शव शनिवार शाम बरामद किया गया। बताते चले राजीवनगर निवासी व्यवसायी मुंतजिर आलम का पुत्र मो रिजवान 18 दिसंबर की शाम से गायब था, वह अपने घर से चान्हो चौक जाने की बात बोलकर घर से निकला था और उसी शाम से उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। तभी परिजनों ने थाना पर गुमसुदगी का सनहा दर्ज कराया। पुलिस अपने अस्तर से प्रयास करती रही चार दिन बीत जाने के भी पुलिस को कुछ हाँथ नहीं लगा। तभी नाराज होकर चान्हो चौक के दुकानदारों ने शनिवार को पूरे दिन अपनी दुकानों को बंद भी रखा । रिजवान की खोजबीन के लिए शुक्रवार को खोजी कुत्ता भी मंगाया गया था पर कुछ पता नहीं चल पाया था। थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता द्वारा रिजवान के विषय में किसी प्रकार की सूचना दिए जाने वाले को 10000 इनाम देने की घोषणा भी की गई थी। थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता ने बताया कि शनिवार को भी लापता रिजवान का पता लगाने के लिए उसके कॉल डिटेल व परिजनों से मिले इनपुट के आधार पर कई लोगों से पूछताछ की गयी थी। इसी बीच शनिवार की शाम को चटवल गांव के निकट स्थित एक धंसे हुये कुएं से उसका शव बरामद हो गया। चटवल का ही एक किसान पटवन के लिए कुएं के निकट गया था और उसी ने कुएं में तैरते हुए शव को देखा जिसके निकाले जाने के बाद उसकी पहचान रिजवान के रूप में की गई। शव मिलने के बाद गुस्साये लोगों ने चान्हो थाना के समक्ष एनएच को थोड़ी देर के लिए जाम भी कर दिया पर लगभग दस मिनट बाद ही थाना प्रभारी ने लोगों को समझा बुझाकर जाम हटवाया। बताया गया कि मृतक मो रिजवान उर्फ पप्पू के पांच भाइ और सात में भाइयो मे दूसरे नंबर का था और मांडर स्थित संत अन्ना इंटर कालेज का 12 का क्षात्र था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

### रातू : कमड़े के कुएं से अज्ञात शव बरामद

**रातू।** पुलिस ने शनिवार की शाम कमड़े सरना स्थल स्थित कुएं से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया गया है। उसकी उम्र करीब 40 वर्ष थी। थानेदार आरएन सिंह ने बताया कि रविवार को मृतक का पोस्टमार्टम के बाद शव को अगले 72 घंटे तक डीप फ्रीजर में रखा जायेगा। ताकि, परिजन उसकी पहचान कर अंतिम संस्कार कर सकें। उन्होंने जानकारी दी कि मामले को लेकर रातू थाने में यूडी केस दर्ज किया गया है।

## दो बाइको की टक्कर में दो युवकों की मौत



**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के रातु-ठाकुरगांव मुख्य पथ में मंदनाटोली के पास शनिवार की देर शाम दो बाइको की सीधी टक्कर में दो युवकों की मौत घटनास्थल में ही हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बुढ़मू थाना छेत्र के बुढ़मू पाहनटोली निवासी मुकेश लोहरा अपनी बाइक से रातु से बुढ़मू की ओर जा रहा था। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहे बुढ़मू थाना क्षेत्र के डडिया टेटरतोली निवासी प्रदीप यादव अपने मौसेरा भाई गिद्दी थाना क्षेत्र के कनकी निवासी सचिन यादव के साथ बाइक से इटहे की ओर जा रहा था। इसी बीच दोनों बाइकों की आमने सामने टक्कर से प्रदीप यादव 23 वर्ष व मुकेश लोहरा 25 वर्ष की मौत घटना स्थल में ही हो गई। वहीं सचिन यादव घायल हो गया। सचिन का प्राथमिक उपचार स्पर्श अस्पताल में करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में कर लिया है वहीं दोनों बाइकों को जब्त कर लिया है।

# भारत सरकार की टीम ने बेड़ो प्रखंड का किया दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता


बेड़ो में योजनाओं का निरीक्षण करती भारत सरकार की आठ सदस्यीय टीम।

**बेड़ो।** भारत सरकार की ओर से 8 सदस्य टीम ने शनिवार को बेड़ो प्रखंड का दौरा कर विभिन्न योजनाओं की क्रियान्वयन और जमीनी सतह पर योजनाओं की गुणवत्ता की समीक्षा किया। इस दौरान सर्वप्रथम प्रखंड सभागार में विभिन्न विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मनरेगा, पीएमजीवाई ग्रामीण, अबुआ आवास, कल्याण विभाग से संचालित योजनाएं, स्वास्थ्य एवं शिक्षा सहित अन्य योजनाओं के संबंध में जानकारी ली गई। बैठक का आगाज करते हुए जिला योजना पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह ने उपस्थित कर्मी और पदाधिकारी का परिचय प्राप्त करते हुए प्रखंड स्तर पर संचालित योजनाओं के विषय में बताया कि ग्रामीणों की सुविधा के अनुसार उन्हें न केवल योजनाएं दी जाती हैं,बल्कि आवश्यकता अनुसार सरकार द्वारा विभिन्न आयु के ग्रामीण के लिए विभिन्न योजनाओं का लाभ भी दिया जाता है। मौके पर अंचल अधिकारी प्रताप मिंज ने प्रखंड में चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मनरेगा एवं आवास की 2256 योजनाएं प्रखंड में संचालित हैं। उन्होंने योजनाओं के लाभ दिए जाने के प्रावधान के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही योजनाओं का चयन एवं क्रियान्वयन के संबंध में बताया कि गांव की भौगोलिक स्थिति और आवश्यकता के अनुसार ग्राम सभा द्वारा योजनाओं का चयन किया जाता है। उन्होंने ग्राम सभा के महत्व के साथ-साथ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के संबंध में बताते हुए योजनाओं के चयन के संबंध में अहम जानकारी दिया।

बैठक के उपरांत ईंटा पंचायत अंतर्गत मनरेगा पार्क का टीम द्वारा भ्रमण किया गया। पंचायत पहुंचने पर टीम के सदस्यों का स्थानीय रीति रिवाज के अनुसार परंपरागत ढंग से स्वागत किया गया। फील्ड निरीक्षण के क्रम में भारत सरकार की ओर आई इस टीम ने आम बागबानी, टीसीबी, डोभा, अबुवा आवास व सिंचाई समेत अन्य योजनाओं का निरीक्षण करते हुए इस संबंध में कई अहम जानकारियां लिया। वहीं मौके पर मौजूद पंचायत के पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा पंचायत में चल रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिया। उन्होंने किसानों की बदलती हुई आर्थिक स्थिति के बारे में बताया। भ्रमण कर रही टीम ने ग्राउंड लेवल पर योजनाएं देखकर खुशी जाहिर किया। मौके पर रोहित कुमार अनुभाग अधिकारी सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार,गौरव भारद्वाज, पवन कुमार राम, पुष्पा एक्का,कावेरी शिवराम कृष्णन, श्रीदेवी श्रीधर, संजीव कुमार डीपीओ, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, राजेश नायक, फारूक नदीम, कनीया अभियंता अभय आशीष कोया, दुर्गा टाना भगत, उप मुखिया तंजीर हुसैन ग्रामीण , कर्मचारी व पदाधिकारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# एमसीजी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बन सकते हैं कोहली




एजेंसी

**मेलबर्न।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) का मैदान काफी पसंद आता है और उनका रिकॉर्ड इस मैदान पर अच्छा है। भारत को अब बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट मैच में आस्ट्रेलिया का सामना 26 दिसंबर से मेलबर्न में करना है। पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी को छोड़ दिया जाये तो भारतीय बल्लेबाजी इस दौरे पर अच्छी नहीं रही है। कोहली आये दिन नये कीर्तिमान हासिल करते रहे हैं और अगर उनका बल्ला एमसीजी पर चला तो वह इस मैदान पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बन सकते हैं।

### पर्थ में शतक के बाद नहीं चला कोहली का बल्ला

कोहली ने आस्ट्रेलिया दौरे की शुरूआत पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में शतक के साथ की थी। कोहली पहली पारी में पांच रन बनाकर आउट हुए थे, लेकिन दूसरी पारी में उनका बल्ला जमकर गरजा था और उन्होंने शतक जड़ा था। यह कोहली के टेस्ट करियर का 30वां शतक था।

हालांकि, इसके बाद एडिलेड टेस्ट और फिर गाबा टेस्ट में कोहली फ्लॉप रहे थे और अच्छी पारी नहीं खेल सके थे। तीसरे टेस्ट में कोहली को दूसरी पारी में उतरने का मौका नहीं मिला था क्योंकि बारिश के कारण अंतिम दिन का टेस्ट समय से पहले समाप्त कर दिया गया था।

## मेलबर्न में जमकर बोला है कोहली का बल्ला

मेलबर्न के इस मैदान पर टेस्ट में कोहली के रिकॉर्ड की बात करें तो इस भारतीय बल्लेबाज का बल्ला एमसीजी में जमकर बोलता है। 2011 ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर कोहली पहली बार टेस्ट में एमसीजी पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे, लेकिन उस मैच की पहली पारी में उन्होंने 11 रन बनाए थे, जबकि दूसरी पारी में शून्य पर आउट हुए थे। 2014 में कोहली का बल्ला इस मैदान पर जमकर बोला था और उन्होंने 169 तथा 54 रनों की पारी खेली थी। वहीं, कप्तान के तौर पर 2018 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आए कोहली ने एमसीजी में फिर अपना दम दिखाया था और 82 रनों की पारी खेल भारत को मिली 137 रनों की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

**आस्ट्रेलिया में शतक के मामले में सचिन से आगे निकले थे कोहली :** कोहली पर्थ टेस्ट में अपनी शतकीय पारी के दम पर आस्ट्रेलिया में सर्वाधिक टेस्ट शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए थे। कोहली का आस्ट्रेलिया में यह सातवां टेस्ट शतक था, जबकि सचिन ने अपने करियर में आस्ट्रेलिया में छह शतक लगाए थे। इतना ही नहीं कोहली का आस्ट्रेलिया में टेस्ट प्रारूप में यह छह साल बाद पहला शतक था। उन्होंने इससे पहले अंतिम बार आस्ट्रेलियाई धरती पर 2018 में इस प्रारूप में सैकड़ा जड़ा था।

**सचिन से आगे निकलने के लिए चाहिए 134 रन :** कोहली ने एमसीजी पर टेस्ट में छह पारियों में कुल 316 रन बनाए हैं, जबकि पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सचिन ने इस मैदान पर 10 पारियों में 44.9 के औसत से 449 रन बनाए हैं। यानी कोहली अगर चौथे टेस्ट मैचों में 134 रन बनाने में सफल रहे तो वह एमसीजी में टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे। कोहली फिलहाल इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उनसे आगे सचिन के अलावा अजिंक्य रहाणे हैं जिन्होंने छह पारियों में 73.8 के औसत से 369 रन बनाए हैं। कोहली अगर चौथे टेस्ट की दोनों पारी मिलाकर 54 रन बना लेते हैं तो वह रहाणे को पीछे छोड़ देंगे।

## एमसीजी में टेस्ट में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज

| बल्लेबाज | पारी | रन | औसत | शतक/अर्धशतक |
|---|---|---|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | 10 | 449 | 44.9 | 01/03 |
| अजिंक्य रहाणे | 06 | 369 | 73.8 | 02/00 |
| विराट कोहली | 06 | 316 | 52.7 | 01/02 |
| वीरेंद्र सहवाग | 04 | 280 | 70.0 | 01/01 |
| राहुल द्रविड़ | 08 | 263 | 32.8 | 00/02 |

### रोहित के पास कोहली-रहाणे की सूची में शामिल होने का मौका

पिछले 10 वर्षों में भले ही एमसीजी में भारत ने सफलताएं हासिल की है, लेकिन ओवरऑल इस मैदान पर ऑस्ट्रेलिया का ही दबदबा रहा है। 1948 से 2020 तक भारत ने इस ग्राउंड पर 14 टेस्ट मैच खेले हैं और उसे चार में ही जीत मिली है, जबकि आठ मुकाबले भारत ने गंवाए हैं और दो ड्रॉ रहे हैं। वहीं, सिर्फ चार ही भारतीय कप्तान ऐसे हैं जिन्होंने एमसीजी में टेस्ट मैच जीते हैं और रोहित के पास इस सूची में शामिल होने का मौका रहेगा। एमसीजी में अब तक बिशन सिंह बेदी, सुनील गावस्कर, विराट कोहली और अजिंक्य रहाणे ने ही अपनी कप्तानी में भारत को टेस्ट में जीत दिलाई है।

### बुमराह के पास कुंबले को पीछे छोड़ने का मौका



भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के पास भी एमसीजी में उपलब्धि हासिल करने का मौका रहेगा। बुमराह और अनिल कुंबले एमसीजी में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। दोनों के नाम फिलहाल इस मैदान पर एक समान 15-15 विकेट हैं। बुमराह अगर मैच में एक विकेट भी हासिल कर लेते हैं तो वह एमसीजी में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन जाएंगे और कुंबले को पीछे छोड़ देंगे। बुमराह और कुंबले के अलावा कपिल ने इस मैदान पर 14 विकेट, रविचंद्रन अश्विन ने 14 और उमेश यादव ने 13 विकेट झटके हैं।

## पिछले 10 वर्षों में एमसीजी पर एक भी टेस्ट नहीं हारा भारत



एजेंसी

**मेलबर्न।** भारतीय टीम पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास को पीछे छोड़त हुए आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में उतरेगी। दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 1-1 की बराबरी पर चल रही है। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच ब्रिसबेन के गाबा में खेला गया तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ रहा था और अब रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम की नजरें 26 दिसंबर से होने वाले चौथे टेस्ट के दौरान मेलबर्न पर जीत दर्ज कर सीरीज में बढ़त हासिल करने पर टिकी होंगी।

### डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिहाज से अहम है मुकाबला

भारत को अगर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में जगह बनानी है तो उसे आस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले दोनों मुकाबले जीतने होंगे। इस सीरीज में एक और हार उसके लिए डब्ल्यूटीसी फाइनल के दरवाजे बंद कर देगी। भारत ने विपरीत परिस्थितियों में जिस तरह तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ कराया उससे टीम के हौसले बढ़े हुए होंगे। भारत अगर चौथा मैच जीतने में सफल रही तो सीरीज गंवाने से बच जाएगी और 2-1 की बढ़त हासिल कर लेगी।

### एमसीजी में भारत का पलड़ा भारी

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में भारत का पलड़ा आस्ट्रेलिया पर भारी है। पिछले 10 वर्षों में टेस्ट में यह ग्राउंड भारत के लिए अजेय किला बना हुआ है। भारतीय टीम ने इस मैदान पर 2014 से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कुल तीन मुकाबले खेले हैं और उसे दो में जीत मिली है, जबकि एक मैच ड्रॉ रहा है। वहीं, पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम पिछले 10 वर्षों में एमसीजी पर भारत के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सकी है। यह आंकड़े भारत के लिए राहत देने वाले हैं क्योंकि टीम की नजरें बढ़त हासिल करने पर टिकी हुई हैं।

### श्रेयस की पारी हुई बेकार, मुंबई को मिली हार, कृष्णन श्रीजीत ने बनाए नाबाद 150 रन

# विजय हजारे ट्रॉफी का सबसे बड़ा रन चेज कर्नाटक के नाम

एजेंसी

**अहमदाबाद।** विजय हजारे ट्रॉफी टूनार्मेंट 2024-25 में कर्नाटक ने मुंबई को हराकर जोरदार शुरूआत की। इस मैच में कर्नाटक ने मुंबई को 7 विकेट से हरा दिया और मयंक अग्रवाल की टीम को जीत दिलाने में कृष्णन श्रीजीत की बड़ी भूमिका रही जिन्होंने नाबाद 150 रन की पारी खेल दी और इस हार के बाद मुंबई के कप्तान श्रेयस अय्यर की नाबाद 114 रन की पारी बेकार हो गई। इस मैच में कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल ने टॉस जीता था और फिर मुंबई को बल्लेबाजी करने को रहा। इसके बाद मुंबई ने पहली पारी में 50 ओवर में 4 विकेट पर 382 रन का विशाल स्कोर बना दिया और कर्नाटक को जीत के लिए 383 रन का विशाल टारगेट मिला, लेकिन इस टीम ने इस टारगेट को 46.2 ओवर में ही हासिल कर लिया और 3 विकेट पर 383 रन बनाकर मैच जीत लिया। कृष्णन श्रीजीत को उनकी नाबाद 150 रन की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

### कृष्णन श्रीजीत ने खेली नाबाद 150 रन की पारी

मुंबई के खिलाफ कर्नाटक के मध्यक्रम के बल्लेबाज व विकेटकीपर कृष्णन श्रीजीत ने ऐसी पारी खेली जिसने सबको हैरान करके रख दिया। उन्होंने मुंबई के विरुद्ध 4 छक्के और 20 चौकों की मदद से 101 गेंदों पर नाबाद 150 रन बनाए और टीम को जीत दिलाकर मैदान से बाहर आए। प्रवीण दुबे ने उनका भरपूर साथ निभाया और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए नाबाद 183 रन की नाबाद साझेदारी हुई। कर्नाटक की तरफ से टीम के ओपनर बल्लेबाज व कप्तान मयंक अग्रवाल ने 1 छक्के और 7 चौकों की मदद से 47 रन की पारी खेली जबकि निकिन जोश ने 21 रन बनाए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए नसीम केवी ने भी 66 गेंदों पर 3 छक्के और 9 चौकों की मदद से 82 रन की तेज पारी खेली। मुंबई की तरफ से इस मैच में जुनैद खान ने 2 जबकि शिवम दूबे ने एक विकेट भी लिए।

### श्रेयस का शतक गया बेकार

इस मैच में कर्नाटक के खिलाफ मुंबई ने शानदार बल्लेबाजी की, लेकिन इस टीम के गेंदबाज 382 रन भी डिफेंड नहीं कर पाए। मुंबई के कप्तान श्रेयस अय्यर ने इस मैच में अपना शतक 50 गेंदों पर पूरा किया साथ ही इस मुकाबले में 55 गेंदों पर 10 छक्के और 5 चौकों की मदद से नाबाद 114 रन की पारी 207.27 की स्ट्राइक रेट से ठोक दिए जबकि शिवम दुबे भी नाबाद रहे और उन्होंने 36 गेंदों पर 5 छक्के और 5 चौकों की मदद से नाबाद 63 रन की पारी खेली।



**केएल श्रीजीत**

| | |
|---|---|
| रन | 150 |
| गेंद | 101 |
| चौका | 20 |
| छक्का | 04 |

**विजय हजारे ट्रॉफी में सबसे सफल रनचेज**

- आंध्रा- 384 रन बनाम गोवा (2012)
- कर्नाटक- 383 रन बनाम मुंबई (2024)
- मुंबई- 358 रन बनाम बड़ौदा (2008)
- झारखंड- 356 रन बनाम महाराष्ट्र (2023)
- असम- 351 रन बनाम जम्मू कश्मीर (2022)

### गोवा को ओडीसा पर मिली जीत

गोवा की टीम ने विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 का पहला मुकाबला ओडीसा के साथ खेला और इस मैच में गोवा को 27 रन से जीत मिली। गोवा की इस जीत में टीम के तेज गेंदबाज अर्जुन तेंदुलकर चमक गए जिन्होंने सबसे ज्यादा विकेट लिए तो वहीं गोवा के 4 बल्लेबाजों ने इस मैच में अर्धशतक लगाए। यही नहीं इस मैच में ओडीसा की टीम के भी 4 बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाने में सफलता हासिल की। इस मैच में दोनों टीमों ने मिलकर 715 रन बनाए। इस मैच में गोवा ने पहले बल्लेबाजी की थी और 50 ओवर में 4 विकेट पर 371 रन बनाए। इसके जवाब में ओडीसा की टीम ने 49.4 ओवर में 344 रन बनाए और उसे 27 रन से हार मिली। ओडीसा की तरफ से इस मैच में स्वास्तिक सामल ने 57 रन, गौरव चौधरी ने 78 रन, कप्तान संदीप पटनायक ने 73 रन जबकि विकेटकीपर आशीर्वाद स्वैन ने 53 रन की पारी खेली।

## उथप्पा के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला गिरफ्तारी वारंट जारी

**बेंगलुरु (कर्नाटक)।** भविष्य निधि (पीएफ) मामले से संबंधित कर्मचारियों और सरकार को धोखा देने के एक कथित मामले में भारत के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है। सेंटोरस लाइफस्टाइल ब्रांड्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक के रूप में, उथप्पा पर कर्मचारियों और सरकार को वेतन से पीएफ योगदान में कटौती करने लेकिन कर्मचारी खातों में धनराशि जमा करने में विफल रहने का आरोप है। कंपनी पर कथित तौर पर 23.36 लाख रुपए का हर्जाना बकाया है, जिसे अधिकारी उथप्पा से वसूलना चाहते हैं। धोखाधड़ी के आरोप में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त शादक्षीरी गोपाल रेड्डी ने 4 दिसंबर, 2024 को एक पत्र जारी कर पुलकेशी नगर पुलिस को उथप्पा को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। इसी पृष्ठभूमि में पुलिस रॉबिन उथप्पा के घर नोटिस जारी करने गई थी। वर्तमान में, वह उस पते पर नहीं रहता है। इसलिए रॉबिन उथप्पा के लिए वारंट जारी कर दिया गया है।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का शेड्यूल आया सामने

**चैंपियंस ट्रॉफी में इंडिया का शेड्यूल**

- भारत बनाम बांग्लादेश - 20 फरवरी
- भारत बनाम पाकिस्तान - 23 फरवरी
- भारत बनाम न्यूजीलैंड - 2 मार्च



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन हाइब्रिड मॉडल के तहत खेला जाएगा, लेकिन इसमें हिस्सा लेने वाली 8 टीमें किस-किस ग्रुप में हैं साथ ही इसका आधिकारिक शेड्यूल भी सामने नहीं आया है, लेकिन रेव स्पोर्ट्ज के मुताबिक भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। यही नहीं भारत अपने ग्रुप मुकाबले इन देशों के खिलाफ किस दिन खेलेगा रिपोर्ट में इसका भी खुलासा किया गया है।

### भारत को ग्रुप ए में रखा गया

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारत को ग्रुप एक में रखा गया है और इसमें पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश की टीमें भी हैं जबकि ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, अफगानिस्तान और साउथ अफ्रीका को रखा गया है। भारतीय टीम को इस टूनार्मेंट का पहला मैच बांग्लादेश के खिलाफ खेलना है जिसका आयोजन 20 फरवरी को किया जाएगा तो वहीं भारत अपने चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से 23 फरवरी को भिड़ेगा तो वहीं टीम इंडिया आखिरी ग्रुप मैच न्यूजीलैंड के साथ खेलेगा और इस मैच का आयोजन 2 मार्च को किया जाएगा। इस टूनार्मेंट की शुरूआत 19 फरवरी से होगी और फाइनल मुकाबला 10 मार्च को खेला जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक इस टूनार्मेंट के पहला मैच पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा और इस मैच का आयोजन कराची में किया जाएगा। वहीं दूसरा मैच भारत और बांग्लादेश के बीच 20 फरवरी को खेला जाएगा। इस मैच का आयोजन न्यूट्रल वेन्यू पर किया जाएगा। हालांकि भारत अपने मुकाबले कहां खेलेगा इसको लेकर फिलहाल कुछ भी साफ नहीं है। आपको बता दें कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान कर रहा है, लेकिन भारत के साथ खराब संबंध की वजह से टीम इंडिया के सभी मैच तथस्ट स्थान पर खेले जाएंगे। बेशक भारत के मैच कहीं भी खेले जाएं, लेकिन इसका मेजबान पाकिस्तान ही रहेगा। पाकिस्तान पहले इस टूनार्मेंट की मेजबान हाइब्रिड मॉडल के तहत करवाए जाने को लेकर राजी नहीं था, लेकिन बाद में कुछ शर्तों के साथ पीसीबी ने आइसीसी की बात मान ली जिससे कि वो इसकी सफल मेजबानी कर पाए।

## ट्रेविस भारत के लिये सरदर्द : रवि शास्त्री

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के धाकड़ बल्लेबाज ट्रेविस हेड को भारत के लिये सरदर्द बताते हुये पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा कि रोहित एंड कंपनी को ट्रेविस नामक सरदर्द के इलाज को खोजना होगा। शास्त्री ने कहा भारत ट्रेविस नामक सरदर्द के लिए बॉम की तलाश कर रहा है। रोहित एंड कंपनी को जल्द ही ट्रेविस नामक सरदर्द का इलाज खोजना होगा।


## बीसीसीआइ के सचिव, कोषाध्यक्ष के लिए चुनाव की तारीख घोषित

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड बीसीसीआइ ने सचिव और कोषाध्यक्ष के रिक्त पदों के लिए शनिवार को चुनाव की घोषणा कर दी। बोर्ड ने बताया कि 12 जनवरी 2025 को मुंबई में एक विशेष आम बैठक (एसजीएम) आयोजित की जाएगी, जिसका प्राथमिक एजेंडा नए पदाधिकारियों का चुनाव होगा।

## महान रेसलर रे मिस्टीरियो सीनियर का निधन, 30 साल की थी रैसलिंग

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रसिद्ध मैक्सिकन पहलवान रे मिस्टीरियो सीनियर का 66 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि पहलवान का बीते 20 दिसंबर को ही निधन हो गया था लेकिन इसकी पुष्टि परिवार ने अब की है। मिस्टरियो सीनियर ने मेक्सिको में लुचा लिब्रे स्टाइल में प्रसिद्धि हासिल की थी। वर्ल्ड रेसलिंग एसोसिएशन और लुचा लिब्रे एएए वर्ल्डवाइड जैसे प्रमुख संगठनों के साथ उन्होंने कई चैंपियनशिप खिताब जीते थे। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें 1990 में विश्व चैंपियनशिप कुश्ती के स्टारकेड जैसे आयोजन भी शामिल थे। अपनी ऊंची उड़ान शैली और कुश्ती में योगदान के लिए जाने जाने वाले मिस्टीरियो ने दुनिया भर में अनगिनत प्रशंसकों और एथलीटों को प्रेरित किया।



मिस्टरियो जिसका असली नाम मिगुएल एंजेल लोपेज डायस था, की मौत का खुलासा लुचा लिब्रे एएए ने एक्स अकाउंट पर डाली एक पोस्ट से हुआ। उन्होंने उनके परिवार के लिए प्रार्थनाएं और अपनी गहरी संवेदनाएं भेजीं। पोस्ट में लिखा है- हमें मिगुएल एंजेल लोपेज डायस की संवेदनशील मौत पर अफसोस है, जिन्हें रे मिस्टीरियो सीनियर के नाम से जाना जाता है। हम उनके प्रियजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और उनकी शाश्वत शांति के लिए स्वर्ग से प्रार्थना करते हैं।

### अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का विजेता बना एसएस मेमोरियल कॉलेज कांके

# रोमांचक फाइनल मुकाबले में बीएस कॉलेज लोहरदगा की टीम को 7 रनों से किया पराजित

खबर मन्त्र संवाददादा

**लोहरदगा।** रांची यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच बीएस कॉलेज बनाम एसएस मेमोरियल कॉलेज के बीच खेला गया। टॉस जीतकर एस एस मेमोरियल कॉलेज कांके की टीम पहले बैटिंग करने का फैसला किया। बैटिंग करते हुए एस एस मेमोरियल की टीम निर्धारित 35 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 247 रन बनाए। टीम के तरफ से रोनित आर्य ने 63, पंकज कुमार ने 48 तथा अभिषेक ने 40 रन बनाएं। बीएस कॉलेज क्रिकेट टीम के तरफ से बोलिंग में जतिन, सुमित, तथा पासवान ने दो-दो विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी लोहरदगा बीएस कॉलेज की टीम रोमांचक मुकाबले में 240 रन ही बना सकी। इस रोमांचक फाइनल मैच में बी एस कॉलेज की टीम 7 रनों से पराजित हो गई। टीम के तरफ से सबसे ज्यादा कप्तान प्रेम कुमार ने 101 रन बनाएं, सुमित उरांव ने 40 बनाएं। वहीं एस एस मेमोरियल की टीम के तरफ से अभिषेक, तुषार और पंकज ने दो दो विकेट लि। इस फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच का खिताब मेमोरियल कॉलेज टीम के पंकज कुमार को दिया गया। पूरा टूनार्मेंट के बेस्ट बॉलर गोसनर कॉलेज के उत्कर्ष को दिया गया। बेस्ट बैट्समैन एसएस मेमोरियल टीम के आशीष कुमार को दिया गया। तथा मैन ऑफ द सीरीज का किताब बीएस कॉलेज के प्रेम कुमार को दिया गया। फाइनल मैच में रांची यूनिवर्सिटी के डीएसडब्ल्यू सुदेश कुमार साहू बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे।



इसके अलावा बीएस कॉलेज के प्राचार्य शिव कुमार प्रसाद गुप्ता, केमिस्ट्री के हेड शशि कुमार गुप्ता, पूर्व कॉलेज प्राचार्य लोहारा उरांव, लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के वर्किंग प्रेसिडेंट भास्कर दास गुप्ता, सेक्रेटरी आलोक राय, सिलेक्शन कमेटी के जयकुमार सिंह तथा चंचल भट्टाचार्य, रणजी खिलाड़ी आशीष कुमार, महाविद्यालय के खेल प्रभारी आनंद कुमार मांझी सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारी, क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे।

## विष्णु ने एशियन ओपन चैंपियनशिप में जीता कांस्य

**हांइकोउ (चीन)।** भारत के विष्णु सरवनन ने एशियन ओपन चैंपियनशिप 2024 नौकायन प्रतियोगिता में पुरुषों की डिंगी स्पर्धा में कांस्य पदक जीत लिया है। दो बार के ओलंपियन और हांगझोऊ एशियाई खेल 2023 के कांस्य पदक विजेता विष्णु सरवनन ने खराब सेहत के बावजूद अपनी 10 रेसों से 36 नेट कुल अंक हासिल किए और फील्ड ऑफ 47 में तीसरे स्थान पर रहे।

## मणिपुर ने बंगाल को हराकर फाइनल में

**नारायणपुर।** राजमाता जीजाबाई सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप में शनिवार को पहला सेमीफाइनल मैच खेला गया जिसमें मणिपुर ने बंगाल को 3-0 से हराकर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। खेल के पहले हाफ में दोनों ओर से बहुत जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया गया। इसके कारण पहले हाफ की समाप्ति तक स्कोर 0-0 रहा।

## भारत करेगा जूनियर वर्ल्ड कप 2025 की मेजबानी

**नयी दिल्ली।** नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया को इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन जूनियर वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन 2025 की मेजबानी के अधिकार मिल गये हैं। यह देश में आयोजित होने वाली तीसरी प्रमुख आईएसएसएफ प्रतियोगिता होगी, इससे पहले 2023 में भोपाल में सीनियर वर्ल्ड कप और इस साल के अंत में आइएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल का आयोजन हुआ था।

## हॉकी इंडियन लीग में जलवा बिखरने को तैयार

**नयी दिल्ली।** देश दुनिया के हॉकी दिग्गज 28 दिसंबर से राउरकेली में शुरू हो रही हीरो एचआइएल 2024-25 में अपना जलवा दिखाने के लिये तैयार हैं। सात साल के लंबे इंतजार के बाद हो रही इस बहुप्रतीक्षित लीग में भारत और विदेश से शीर्ष स्तरीय प्रतिभाएं चार चांद लगायेंगी। हॉकी इंडिया के मिशन के हिस्से के रूप में उद्घाटन समारोह और लीग के सभी मैचों के टिकट पूरी तरह से मुफ्त होंगे।